रोहतक
मंगलवार 27 अक्टूबर 2026
कार्तिक मास कृष्ण पक्ष,
प्रतिपदा/द्वितीया वर्ष : 30, अंक : 264
पृष्ठ 12 मूल्य 3.00

मौसम हरियाणा
अधि. 32.4°C
न्यून. 12.7°C

हरिभूमि

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी



7 तीसरा टी20 आज : सीरीज सील करने उतरेगी टीम इंडिया

haribhoomi.com



अब 100 प्रतिशत एथेनॉल वाले ईंधन से दौड़ेंगी गाड़ियां

सरकार ने दी मंजूरी कहा-प्रदूषण घटेगा | **कच्चे तेल के आयात में और कमी आएगी** | **मौजूदा कार मालिकों पर नहीं पड़ेगा असर** | **अमेरिका-ब्राजील में ये तकनीक प्रयोग हो रही**

यह ईंधन सिर्फ उन्हीं गाड़ियों में प्रयोग होगा जो खासकर ई-100 के लिए बनीं

नई दिल्ली (भाषा)। सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय ने सोमवार को केंद्रीय मोटर वाहन नियमों में संशोधन अधिसूचित कर दिए, जिससे शुद्ध रूप से एथनॉल वाले ईंधन 'ई-100' पर चलने वाले फ्लेक्स-फ्यूल वाहनों का रास्ता साफ हो गया है। फ्लेक्स-फ्यूल वाहन ई85 (85 प्रतिशत एथनॉल मिश्रित पेट्रोल) तथा ई100 जैसे उच्च एथनॉल मिश्रण वाले ईंधन पर चलने के लिए भी सक्षम बनाए जाते हैं। मंत्रालय के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि ई20 (पेट्रोल में 20 प्रतिशत एथनॉल का मिश्रण) से अधिक और ई100 तक के ईंधन विकल्पों का इस्तेमाल केवल उन्हीं वाहनों में किया जा सकेगा, जिन्हें इसके लिए डिजाइन और प्रमाणित किया गया है। इसका मतलब है कि ई20 या सामान्य पेट्रोल पर चलने वाले वाहन ई85 या ई100 ईंधन का इस्तेमाल नहीं कर सकेंगे।



वजन सीमा 3,000 किलो से बढ़ाकर 3,500 की

नियमों में किए गए संशोधन के तहत वाहन वर्गीकरण की कुछ सीमाओं, ईंधन विनिर्देशों और उत्सर्जन संबंधी परीक्षणों में इस्तेमाल होने वाले तकनीकी संदर्भों में भी बदलाव किया गया है। इसके अलावा, इन बदलावों से प्रभावित हल्के पेट्रोल और डीजल वाहनों के लिए वजन की सीमा 3,000 किलोग्राम से बढ़ाकर 3,500 किलोग्राम कर दी गई है। सरकार कच्चे तेल के आयात पर निर्भरता घटाने के लिए पेट्रोल में एथनॉल के मिश्रण को बढ़ावा दे रही है।

ई20 ईंधन की शुरुआत हो चुकी

देश में ई20 ईंधन की शुरुआत हो चुकी है, जिसमें 20 प्रतिशत एथनॉल और 80 प्रतिशत पेट्रोल होता है। मारुति सुजुकी इंडिया ने इस साल जून में देश का पहला फ्लेक्स-फ्यूल यात्री वाहन वैगनआर पेश किया था, जो ई20 से लेकर ई100 तक के एथनॉल-पेट्रोल मिश्रण वाले ईंधन पर चल सकता है। इसके अलावा, टोयोटा, टाटा मोटर्स और हुंदै समेत अन्य वाहन विनिर्माता भी भारतीय बाजार के लिए फ्लेक्स-फ्यूल वाहन विकसित कर रहे हैं। मंत्रालय ने इससे पहले वाहन उत्सर्जन नियमों में संशोधन का प्रस्ताव दिया था, ताकि अधिक एथनॉल मिश्रण वाले ईंधन और वैकल्पिक ईंधन के इस्तेमाल का दायरा बढ़ाया जा सके। केंद्रीय मोटर वाहन नियम, 1989 में प्रस्तावित बदलावों का उद्देश्य ई85 और ई100 के साथ बी100 बायोडीजल तथा हाइड्रोजन-सीएनजी मिश्रित ईंधन के इस्तेमाल का प्रावधान करना था।

क्या होता है ई100 फ्यूल

ई100 का मतलब 100% शुद्ध एथेनॉल फ्यूल है। एथेनॉल मुख्य रूप से पौधों और बायोलॉजिकल सोर्स जैसे गन्ना और मक्का से तैयार किया जाने वाला एक बायोफ्यूल है। इसमें पेट्रोल की मिलावट नहीं होती।

मौजूदा कार मालिक में नहीं होगा: सरकार ने स्पष्ट किया है कि ई20 पेट्रोल या सामान्य पेट्रोल पर चलने वाली गाड़ियां ई85 या ई100 फ्यूल पर नहीं चल सकती हैं। ई85 और ई100 फ्यूल का इस्तेमाल सिर्फ उन्हीं गाड़ियों में हो सकता है जो इसके लिए खास तौर पर डिजाइन और सर्टिफाइड की गई हों।

नॉर्मल पेट्रोल कारें नहीं होंगी बंद : यह वर्तमान और भविष्य दोनों समय के लिए पूरी तरह से अल्टरनेटिव अरेंजमेंट (वैकल्पिक व्यवस्था) है। पेट्रोल गाड़ियों के साथ-साथ यह एक नया विकल्प रहेगा। नॉर्मल पेट्रोल कारें बंद नहीं होंगी।

ये होंगे फायदे

प्रदूषण में कमी: ट्रेडिशनल पेट्रोल की तुलना में एथेनॉल का फॉसिल कार्बन फुटप्रिंट काफी कम होता है। इसके इस्तेमाल से गाड़ियों के एग्जॉस्ट से निकलने वाले कार्बन मोनोऑक्साइड और हाइड्रोकार्बन एमिशन में भारी कमी आएगी।

आयात पर निर्भरता कम: एथेनॉल का इस्तेमाल बढ़ने से भारत की कच्चे तेल (क्रूड ऑयल) के इंपोर्ट पर निर्भरता काफी हद तक कम होगी, जिससे विदेशी मुद्रा की बचत होगी और अन्य ईंधन की कीमतों में कमी की जा सकती है।

प्रदूषण पर रोक लगाने की कवायद

दिल्ली में 1 से नॉन बीएस 6 वाहनों की एंट्री रहेगी बैन

नई दिल्ली (एजेंसी)। सर्दी की शुरुआत से पहले ही दिल्ली के कई इलाकों में गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) खराब श्रेणी में दर्ज किया गया है। प्रदूषण पर रोक लगाने के लिए दिल्ली में 1 नवंबर से 'नो पीयूसी, नो फ्यूल' नियम लागू हो जाएगा। बिना वैध पीयूसी सर्टिफिकेट वाले वाहनों को पेट्रोल पंप, डीजल, सीएजी या एलपीजी स्टेशनों पर ईंधन नहीं मिलेगा। वैसे यह नियम पूरे साल चलेगा लेकिन, सर्दियों में सख्ती से इसका पालन कराया जाएगा। दिल्ली में 1 नवंबर से 31 जनवरी 2027 तक राजधानी के बाहर रजिस्टर्ड नॉन-बीएस-6 वाहनों (खासकर कमर्शियल) का प्रवेश प्रतिबंधित कर दिया जाएगा। हालांकि सीएनजी और इलेक्ट्रिक वाहनों को छूट मिल सकती है। पार्किंग शुल्क को दोगुना किया जाएगा। दिल्ली में 1 नवंबर से 28 फरवरी तक सरकारी और निजी दफ्तरों में 50% कर्मियों को वर्क फ्रॉम होम करना होगा।




10 लाख गाड़ियां होंगी प्रभावित

दिल्ली सरकार के इस नियम से एनसीआर में आने वाले शहरों- गुरुग्राम, फरीदाबाद, नोएडा, ग्रेटर नोएडा और गाजियाबाद की 10 लाख से ज्यादा गाड़ियां प्रभावित हो सकती हैं। दिल्ली से सटे हरियाणा के गुरुग्राम और फरीदाबाद में कुल मिलाकर लगभग 2 लाख ऐसी गाड़ियां हैं जो बीएस-6 मानकों को पूरा नहीं करते हैं। इनमें से लगभग 70% गाड़ियां बीएस-3 और बीएस-4 कैटेगरी की हैं। परिवहन विभाग के एक अनुमान के मुताबिक, हरियाणा के इन दो जिलों में ही लगभग 50,000 कमर्शियल ऐसी गाड़ियां हैं जो बीएस-6 मानकों के अनुरूप नहीं हैं।

आंध्र की तरफ बढ़ा चक्रवात अर्नब, चार राज्यों में अलर्ट

6 लाख लोगों को हटाया जाएगा, ओडिशा में स्कूल बंद, एमपी और यूपी समेत 10 राज्यों में होगी बारिश



नई दिल्ली (एजेंसी)। चक्रवात अर्नब बंगाल की खाड़ी से आंध्र प्रदेश के तट की ओर बढ़ रहा है। इसके 28 अक्टूबर की सुबह आंध्र प्रदेश के तट से टकराने की आशंका है। इस दौरान 140 किमी प्रति घंटे तक की रफ्तार से हवाएं चल सकती हैं। आंध्र प्रदेश में करीब 6 लाख लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाने की तैयारी है। आंध्र प्रदेश, ओडिशा, तेलंगाना, छत्तीसगढ़ और पुडुचेरी में अलर्ट है। ओडिशा में 60 रेस्क्यू टीमें तैनात होंगी। छह जिलों में 28 और 29 अक्टूबर को स्कूल-कॉलेज बंद रहेंगे। इस तूफान के असर से एमपी-यूपी समेत 10 राज्यों में बारिश की भी संभावना है। वहीं, तमिलनाडु में पिछले 3 दिनों से लगातार बारिश हो रही है।

हरियाणा में दिवाली से पहले बढ़ेगी ठंड

चंडीगढ़। हरियाणा में दिवाली से पहले ठंड बढ़ेगी। मौसम विज्ञान केंद्र चंडीगढ़ के मुताबिक 28 और 29 अक्टूबर को प्रदेश के अलग-अलग हिस्सों में हल्की से मध्यम बारिश होगी। 30 और 31 अक्टूबर को भी कुछ स्थानों पर हल्की बारिश हो सकती है। इससे तापमान में और गिरावट आएगी। पिछले दो दिन में हुए बारिश और ओलावृष्टि के कारण तापमान में बदलाव दिखा। औसतन न्यूनतम तापमान में 0.4 डिग्री की गिरावट दर्ज की गई है, हालांकि राज्य में तापमान सामान्य के आसपास ही बना हुआ है। चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कृषि मौसम विज्ञान विभाग के अध्यक्ष डॉ. मदन खीचड़ के अनुसार, चक्रवात अर्नब बंगाल की खाड़ी से आंध्र प्रदेश के तट की ओर बढ़ रहा है। इसका आंशिक असर हरियाणा में भी देखने को मिल सकता है। हालांकि, 29 अक्टूबर से सक्रिय होने वाला पश्चिमी विक्षोभ चक्रवात से बनने वाली हवाओं के साथ मिलकर असर दिखाता है, तो प्रदेश में मौसम में बदलाव हो सकता है।

■ 4 दिन लगातार बारिश की संभावना



टाइगर श्रॉफ मामला

आरोपियों की पुलिस हिरासत 28 तक बढ़ी

मुंबई (भाषा)। अभिनेता टाइगर श्रॉफ पर गोलीबारी के मामले में हमलावरों की मदद करने के आरोप में पकड़े गए चार लोगों की पुलिस हिरासत एक स्थानीय अदालत ने सोमवार को 28 अक्टूबर तक बढ़ा दी। जांचकर्ताओं ने बताया कि उन्हें इन लोगों की आवाज के नमूने लेने की जरूरत है। हरियाणा के सोनीपत जिले के रहने वाले कुणाल (21) और सुमित (19), तथा उत्तर प्रदेश की रहने वाली राधा (23) और बबीता (23), इस मामले में गिरफ्तार किए गए 11 लोगों में शामिल हैं। कुणाल, सुमित, राधा और बबीता को उनकी पिछली हिरासत अवधि समाप्त होने पर सोमवार को अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट (एस्प्लेनेड कोर्ट) एस. खेडकर के समक्ष पेश किया गया। पुलिस ने हिरासत बढ़ाने का अनुरोध करते हुए अदालत को बताया कि अपराध में इस्तेमाल की गई दो पिस्तौल और कारतूस बरामद कर लिये गए हैं, और इन चारों को इस साजिश के बारे में पूरी जानकारी थी।

काउंटर टिकट पर इंश्योरेंस के लिए डिजिटल पेमेंट जरूरी

नई दिल्ली। रेलवे बोर्ड के निर्देश के मुताबिक, 27 अक्टूबर 2026 से रेलवे के रिजर्वेशन काउंटर (पीआरएस) पर टिकट खरीदते समय वैकल्पिक ट्रैवल इंश्योरेंस लेने वाले यात्रियों को डिजिटल पेमेंट करना होगा। इंश्योरेंस का प्रीमियम 45 पैसे प्रति यात्री है। इसे नकद में नहीं लिया जाएगा। पहले ऑनलाइन टिकट बुक करने वाले यात्रियों को वैकल्पिक ट्रैवल इंश्योरेंस लेने की सुविधा थी। अब, यह सुविधा रेलवे के फिजिकल रिजर्वेशन काउंटर से टिकट लेने वालों को भी मिलेगी। टिकट बुकिंग के समय कन्फर्म, आरएसी या आंशिक रूप से कन्फर्म टिकट के पात्र हैं। रेलवे बोर्ड के मुताबिक, टिकट रद्द होने पर 45 पैसे के प्रीमियम में से 9 पैसे काटे जाएंगे, इसके अलावा लागू टिकट कैंसिलेशन शुल्क भी लगेगा।



खबर संक्षेप

रोजगार मेले में 668 को मिले ऑफर लेटर

चंडीगढ़। उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री राव नरबीर सिंह ने कहा कि युवाओं को उद्योगों की जरूरतों के अनुरूप कौशल प्रशिक्षण देकर रोजगार के बेहतर अवसर उपलब्ध कराए जा सकते हैं। राव नरबीर सोमवार को राजकीय महिला महाविद्यालय, सेक्टर-14, गुरुग्राम में आयोजित जिला स्तरीय मेगा रोजगार मेले में उपस्थित युवाओं को संबोधित कर रहे थे। मेगा रोजगार मेले में 65 कंपनियों ने भाग लिया। इस दौरान 1,456 अभ्यर्थियों ने हिस्सा लिया, जिनमें से 980 अभ्यर्थियों को शॉर्टलिस्ट किया गया और 668 युवाओं को ऑफर लेटर प्रदान किए गए।

अरावली की पहाड़ियों में मिला सड़ा-गला शव

गुरुग्राम। सोहना में अरावली की पहाड़ियों में एक अज्ञात युवक का गला-सड़ा शव बरामद हुआ है। पहाड़ियों के आसपास से गुजर रहे राहगीरों ने शव देखा और पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने सीआईडी टीम को भी मौके पर बुलाया। मृतक की पहचान नहीं होने के कारण पुलिस आसपास के थानों में दर्ज गुमशुदगी की शिकायतों की जांच कर रही है। थाना प्रभारी सुरेंद्र ने बताया कि मृतक की पहचान के लिए शव को शवगृह में रखवाया गया है। पुलिस सीसीटीवी फुटेज की भी जांच कर रही है। फिलहाल पुलिस की प्राथमिकता मृतक की पहचान करना और मौत के कारणों का पता लगाना है।

साइबर ठगी के आरोप में यमुनानगर से दो गिरफ्तार

फरीदाबाद। अडानी गैस कनेक्शन काटने का डर दिखाकर साइबर ठगी करने के मामले में साइबर थाना बल्लभगढ़ की टीम ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। जिनकी पहचान अरविंद और अरुण निवासी सिटी यमुनानगर हरियाणा के रूप में हुई है। पुलिस प्रवक्ता के अनुसार सेक्टर 7 निवासी एक व्यक्ति ने साइबर थाना बल्लभगढ़ में शिकायत दी कि 4 अक्टूबर को उसके मोबाइल पर एक अनजान नंबर से मैसेज आया। इसमें कहा गया था कि रात तक उसका अडानी गैस कनेक्शन काट दिया जाएगा। मैसेज में आगे संपर्क करने के लिए एक मोबाइल नंबर भी दिया गया था। शिकायतकर्ता ने जब उक्त नंबर पर संपर्क किया तो सामने वाले व्यक्ति ने उसे अपनी बातों में उलझा लिया और उसके मोबाइल पर एपीके फाइल भेजी। फाइल डाउनलोड होने के बाद शिकायतकर्ता का मोबाइल हैक हो गया और खाते से लाखों रुपये निकल गए।

संत कबीर कुटीर में महर्षि जयंती पर राज्यस्तरीय समारोह में किया नमन

महर्षि वाल्मीकि की शिक्षाएं अपनाकर समाज को नई दिशा दें : नायब सैनी

हिसार में निर्माणाधीन वाल्मीकि छात्रावास के लिए 31 लाख देने की घोषणा

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ चंडीगढ़



मुख्यमंत्री नायब सैनी ने कहा कि महर्षि वाल्मीकि ने रामायण के माध्यम से संसार को मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के आदर्शों से परिचित कराया। उनकी रचना केवल एक महाकाव्य नहीं, बल्कि युगों-युगों तक मानवता को जीवन जीने का मार्ग दिखाने वाली है। महर्षि वाल्मीकि जी की शिक्षाएं हमें धैर्य, परिश्रम, अटूट विश्वास, करुणा, शिक्षा और सामाजिक समरसता की प्रेरणा देती हैं। मुख्यमंत्री नायब सैनी रविवार को संत महापुरुष प्रचार-प्रसार योजना के तहत संत कबीर कुटीर में आयोजित महर्षि वाल्मीकि जी की राज्यस्तरीय जयंती समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने महर्षि वाल्मीकि जी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित करते हुए उन्हें नमन करते हुए प्रदेशवासियों को प्रकाश पर्व की बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। इस दौरान मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने हिसार में निर्माणाधीन वाल्मीकि छात्रावास के लिए 31 लाख रुपये देने की घोषणा भी की, साथ ही कहा कि शीघ्र ही छात्रावास के भूमि पूजन के अवसर पर वहां जाएंगे। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि महर्षि वाल्मीकि ऐसे महान संत थे, जिन्होंने अंधकार में ज्ञान का दीप जलाया।

604 बच्चों का हरियाणा पुलिस में चयन हुआ

मुख्यमंत्री नायब सैनी ने कहा कि सरकार की ओर से अनुसूचित जाति के बच्चों के लिए छात्रवृत्ति, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए कोचिंग तथा छात्रावास की सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। सरकार का संकल्प है कि धन की कमी के कारण किसी भी बच्चे की प्रतिभा उसकी राह में बाधा न बने। उन्होंने छात्रवृत्ति के संबंध में कहा कि लाभार्थी बच्चों के खातों में राशि पहुंचाने की व्यवस्था की गई है, ताकि विद्यार्थियों को समय पर इसका लाभ मिल सके। मुख्यमंत्री ने बताया कि हरियाणा में हाल ही में हुई पुलिस की भर्ती के दौरान समाज के 604 बच्चों का हरियाणा पुलिस में चयन हुआ है। उन्होंने कहा कि समाज के बच्चे आगे बढ़ रहे हैं और विकास की नई ऊंचाइयों को छू रहे हैं।

हर वर्ग को ध्यान में रखकर कर रहे काम

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत जरूरतमंद परिवारों को मकान उपलब्ध कराने का कार्य किया जा रहा है। जिन परिवारों के पास मकान बनाने के लिए जगह नहीं है, उन्हें भी प्लॉट उपलब्ध कराने की दिशा में सरकार ने कदम उठाए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि गरीब और जरूरतमंद व्यक्ति का सम्मान, स्वाभिमान और उसकी क्षमता सरकार की योजनाओं के केंद्र में है। मुख्यमंत्री ने कहा कि महर्षि वाल्मीकि के प्रकट उत्सव पर सभी को जात-पात और ऊंच-नीच के हर भेदभाव को मिटाने और सामाजिक समरसता के सूत्र में बंधकर हरियाणा को विकसित भारत का अग्रणी प्रदेश बनाने का संकल्प लेना चाहिए। हरियाणा के तीन करोड़ लोगों को मिलकर प्रदेश के विकास और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत के संकल्प को मजबूत करना है। महर्षि वाल्मीकि के प्रति यही सच्ची श्रद्धांजलि होगी। इस मौके पर मंत्री कृष्ण बेदी सहित अन्य नेता मौजूद रहे।

गुजरात में उद्योगपतियों से संवाद करेंगे सीएम, 28 को हरियाणा इन्वेस्टमेंट रोड शो

चंडीगढ़। निवेश को आकृषित करने, औद्योगिक सहयोग को बढ़ावा देने और प्रदेश में उपलब्ध व्यावसायिक अवसरों से देश-विदेश के निवेशकों को अवगत कराने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री नायब सैनी के नेतृत्व में हरियाणा का एक उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल 27 और 28 अक्टूबर को गुजरात के सूरत और गांधीनगर का दौरा करेगा। इस दौरान निवेशकों के साथ प्रत्यक्ष संवाद, उद्योग जगत के प्रतिनिधियों के साथ बैठकें और हरियाणा इन्वेस्टमेंट रोडशो के माध्यम से प्रदेश की औद्योगिक एवं आर्थिक संभावनाओं को प्रस्तुत किया जाएगा और निवेशकों को हरियाणा में निवेश के लिए आमंत्रित किया जाएगा। इस दौरान मुख्यमंत्री के साथ उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री राव नरबीर सिंह भी मौजूद रहेंगे। उद्योग एवं वाणिज्य विभाग आयुक्त एवं सचिव डॉ अमित अग्रवाल ने जानकारी देते हुए बताया कि 27 अक्टूबर को सूरत में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी निवेशकों के साथ वन-टू-वन बैठकें करेंगे। डॉ. अमित अग्रवाल ने बताया कि 28 अक्टूबर को गांधीनगर में हरियाणा इन्वेस्टमेंट रोडशो आयोजित किया जाएगा, जिसमें विभिन्न क्षेत्रों के प्रमुख उद्योगपति, निवेशक और उद्योग जगत के प्रतिनिधि भाग लेंगे। इस रोडशो का उद्देश्य हरियाणा में निवेश की संभावनाओं से अवगत करवाया जाएगा।

- मुख्यमंत्री के नेतृत्व में जाएगा उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल

हरियाणा में 37.27 लाख मीट्रिक टन धान की आवक : नागर

मंडियों में अब तक 30.69 लाख मीट्रिक टन की खरीद

चंडीगढ़। हरियाणा के खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले मंत्री राजेश नागर ने कहा कि प्रदेश सरकार किसानों की धान की फसल की सुचारू, पारदर्शी और समयबद्ध खरीद सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है। खरीफ सीजन 2026-27 के दौरान प्रदेश की मंडियों में धान की आवक, खरीद, उठान और किसानों को न्यूनतम समर्थन मूल्य के भुगतान की प्रक्रिया लगातार जारी है। नागर ने बताया कि प्रदेश में अब तक 222154 किसानों को धान खरीद प्रक्रिया का लाभ मिला है तथा न्यूनतम समर्थन मूल्य के तहत किसानों को लगभग 4263 करोड़ रुपये का भुगतान किया जा चुका है। मंत्री राजेश नागर ने बताया कि 26 अक्टूबर को सुबह 8 बजे तक प्राप्त आंकड़ों के अनुसार, हरियाणा में कुल 37.27 लाख मीट्रिक टन धान की आवक दर्ज की गई है और 30.69 लाख मीट्रिक टन धान की खरीद की जा चुकी है। इस प्रकार कुल आवक का लगभग 82 प्रतिशत धान खरीदा जा चुका है। प्रदेश में केंद्र सरकार द्वारा निर्धारित 58 लाख मीट्रिक टन के खरीद लक्ष्य के मुकाबले अब तक लगभग 53 प्रतिशत खरीद पूरी हो चुकी है।

- 222154 किसानों को लगभग 4263 करोड़ रुपये का भुगतान किया

अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

धारा 82 Cr. P.C. देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **आरोपी सूरज कुमार पुत्र** श्री. दलबीर सिंह **पताः** मकान नं. 194/15 आर्य नगर मलिक सर्विस सेंटर के पास गोहाना सोनीपत हरियाणा **E-FIR No. 000627/2016, U/S: 411 IPC, पुलिस थानाः रानी बाग, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **सूरज कुमार,** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **सूरज कुमार,** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)। इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि उक्त अभियुक्त **सूरज कुमार, E-FIR No. 000627/2016, U/S: 411 IPC, पुलिस थानाः रानी बाग, दिल्ली** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **07.12.2026** को या उससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
अनुराधा जिन्दल
अतिरिक्त मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी
उत्तर–पश्चिम कोर्ट नं.–101 प्रथम तल
रोहिणी कोर्ट, दिल्ली

DP/15065/OD/2026
(Court Matter)

पेंशन कोई सरकारी कृपा या अनुग्रह राशि नहीं : हाईकोर्ट

■ पूर्व सैनिक की दिव्यांगता पेंशन 20 से बढ़ाकर 50% की

चंडीगढ़। देश की सुरक्षा में 21 साल से अधिक समय तक सेवा देने वाले पंचकूला निवासी पूर्व सैनिक विनोद कुमार को दिव्यांगता पेंशन के मामले में बड़ी कानूनी राहत मिली है। उनकी पेंशन 20 प्रतिशत दिव्यांगता के आधार पर तय थी, लेकिन सशस्त्र बल न्यायाधिकरण ने इसे 50 प्रतिशत के आधार पर देने का आदेश दिया था। केंद्र सरकार ने इस फैसले को चुनौती देते हुए पेंशन के बकाया भुगतान को भी तीन साल तक सीमित करने की मांग की। पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट ने सरकार की दोनों दलीलों को स्वीकार नहीं किया और न्यायाधिकरण का आदेश बरकरार रखा। अदालत के इस फैसले से पूर्व सैनिक के दिव्यांगता पेंशन संबंधी दावे को राहत मिली है। जस्टिस हरसिमरन सिंह सेठी और जस्टिस मिंदरजीत यादव की खंडपीठ ने मामले का निपटारा किया। विनोद कुमार 30 नवंबर, 2010 को सेना से सेवामुक्त हुए थे। उस समय वह 21 साल से अधिक की सेवा पूरी कर चुके थे। सशस्त्र बल न्यायाधिकरण, चंडीगढ़ ने 11 मार्च, 2026 को उनकी दिव्यांगता पेंशन को 20 प्रतिशत से बढ़ाकर 50 प्रतिशत के स्तर पर निर्धारित करने का लाभ देने का आदेश दिया था।



- केंद्र सरकार की याचिका खारिज, पिछली तारीख से बकाया देने पर भी लगाई मुहर

12 साल की कानूनी लड़ाई के बाद बेलदार को राहत

चंडीगढ़। हरियाणा वन विभाग के बेलदार छोटू राम स्वामी को पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट से राहत मिली है। विभाग ने उनकी सेवाएं समाप्त कर दी थीं, लेकिन श्रम न्यायालय ने बर्खास्तगी को अवैध ठहराकर बहाली का आदेश दिया था। हाईकोर्ट ने कहा कि सरकार की नीति के तहत पात्र कर्मचारियों को नियमित किया गया है, तो समान स्थिति वाले कर्मचारी को इस लाभ से वंचित नहीं रखा जा सकता। जस्टिस हरकेश मनुजा ने हरियाणा सरकार की नियमित दूसरी अपील खारिज कर स्वामी के नियमितीकरण के पक्ष में दिए गए फैसले को बरकरार रखा। अदालत ने बकाया वेतन और अन्य देय लाभ तीन महीने में देने का निर्देश दिया। छोटू राम स्वामी को 1984 में हरियाणा वन विभाग में दैनिक वेतन पर बेलदार नियुक्त किया गया था। विभाग ने 1 अगस्त 1999 को उनकी सेवाएं समाप्त कर दीं। उन्होंने श्रम न्यायालय, रोहतक में इसे चुनौती दी। 10 जून 2011 को श्रम न्यायालय ने बर्खास्तगी अवैध ठहराते हुए बहाली, निरंतर सेवा का लाभ और 19 फरवरी 2002 के मांग नोटिस की तारीख से 50 प्रतिशत पिछला वेतन देने का आदेश दिया।

- हाई कोर्ट ने खारिज की हरियाणा सरकार की अपील, नियमितीकरण का हक बरकरार

उत्तर रेलवे

ई–टेंडरिंग

खुली निविदा सूचना संख्या एनआईटी–12/2026–27 दिनांक 26.10.2026

सीनियर डिविजनल इलेक्ट्रिकल इंजीनियर/जी, उत्तर रेलवे, अंबाला द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से ई–निविदा के माध्यम से इच्छुक ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्य के लिए 15:00 बजे तक या कार्य के सामने दिखाई गई समाप्ति की तिथि तक खुली निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं।

क्र. सं.	निविदा संख्या	कार्य का नाम	लगभग लागत (₹)	बोली प्रतिभूति (₹)	पूर्ण होने की अवधि	बंद करने और खोलने की तिथि
1	30-विद्युत–13/2026-27 (ओपन टेंडर)	अंबाला डिवीजन के अंतर्गत बस्सी पठाना, नोगवां, मियांपुर, घनौली, भरतगढ़, राईमेहतपुर, पनोह और चुरारू टकराला स्टेशनों पर दिव्यांगजनों की पहुंच आसान बनाने के लिए मौजूदा प्लेटफॉर्म को 'हाई लेवल' (ऊंचे स्तर) तक उठाने हेतु विद्युतीय कार्य।	रु. 2,22,31,182.62	रु. 4,44,600.00	06 महीने	16.11.2026

1) निविदाकर्ताओं को शर्तों के अनुसार PAN/TIN/GST सहित सभी संबंधित पात्र दस्तावेजों की स्कैन की हुई प्रतियों को अपलोड करना आवश्यक है। 2) आवश्यक बोली सुरक्षा नेट बैंकिंग/या भुगतान गेटवे के माध्यम से केवल निविदा की अंतिम तिथि और समय के 15:00 बजे से पहले ही ऑनलाइन भुगतान स्वीकार्य होगी। 3) कार्य निविदाओं की ई–निविदा में भाग लेने के लिए निविदाकर्ताओं के पास तृतीय श्रेणी का डिजिटल हस्ताक्षर प्रमाणपत्र होना चहिए। 4) विवरण के लिए, कृपया आईआरईपीएस वेबसाइट www.ireps.gov.in पर लॉग ऑन करें। 5) जीएसटी अधिनियम 2017 के अनुसार जीएसटी लगाया जाएगा। 3722/26

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

उत्तर रेलवे

ई-नीलामी सूचना

भारत के राष्ट्रपति की तरफ से वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबन्धक, उत्तर रेलवे अंबाला छावनी द्वारा मण्डल के निम्नलिखित स्टेशनों पर ठेके आवंटित करने हेतु ई–नीलामी रेलवे वेबसाइट www.ireps.gov.in, के माध्यम से बोली आमंत्रित की जा रही है। आवंटित की जाने वाले ठेको का विवरण निम्नलिखित है।

नीलामी काटलोग स.	कार्य का विवरण	नीलामी तिथि व समय
UMB-Mix-46-2026	धूलकोट रेलवे स्टेशन पर कुल 317.0625 वर्ग मीटर क्षेत्रफल वाला दो–पहिया वाहन पार्किंग स्थल।	05.11.26 12:00.00
	अंबाला डिवीजन के अंतर्गत घग्घर रेलवे स्टेशन के सर्कुलेटिंग एरिया में 410 वर्ग मीटर का पार्किंग स्थल है, जो दो–पहिया, तीन–पहिया और चार–पहिया वाहनों की पार्किंग के लिए निर्धारित है।	
	गिद्दरबाहा रेलवे स्टेशन के सर्कुलेटिंग एरिया में कुल 522.38 वर्ग मीटर क्षेत्रफल वाले व्यापक पार्किंग स्थल का आवंटन। (साइट प्लान के अनुसार)	
	बरारा रेलवे स्टेशन के दूसरे प्रवेश द्वार पर एक व्यापक पार्किंग स्थल का आवंटन, जिसका कुल क्षेत्रफल 343.98 वर्ग मीटर है (साइट प्लान के अनुसार)।	
	धूलकोट में UP लाइन साइट के पास, KM 205/3-5 के बीच कुल 5360 वर्ग मीटर क्षेत्रफल वाला एक व्यापक पार्किंग स्थल। (साइट प्लान के अनुसार)	
	तापा रेलवे स्टेशन के सर्कुलेटिंग एरिया में 344.40 वर्ग मीटर क्षेत्रफल वाला एक व्यापक पार्किंग स्थल। (साइट प्लान के अनुसार)	
	उकलाना रेलवे स्टेशन पर सर्कुलेटिंग एरिया में कुल 232.5 वर्ग मीटर क्षेत्रफल वाले व्यापक पार्किंग स्थल का आवंटन। (साइट प्लान के अनुसार)	
	सरसावा रेलवे स्टेशन के सर्कुलेटिंग एरिया में 407.40 वर्ग मीटर क्षेत्रफल वाला एक व्यापक पार्किंग स्थल। (साइट प्लान के अनुसार)	
	सहारनपुर रेलवे स्टेशन पर कुल 3899.25 वर्ग मीटर क्षेत्र में, एक पार्किंग स्थल (मुख्य पार्किंग दूसरी प्रवेश दिशा की ओर) और दूसरा पार्किंग स्थल लकड़ी का पुल के पास (ड्राइवर/गार्ड रनिंग रूम के सामने) आवंटित किया जाना है। (साइट प्लान के अनुसार)	
	जमालपुर शैखान रेलवे स्टेशन के सर्कुलेटिंग एरिया में कुल 300 वर्ग मीटर क्षेत्रफल वाले व्यापक पार्किंग स्थल का आवंटन। (साइट प्लान के अनुसार)	

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 3724/2026

भारतीय संस्कृति, परंपरा और आत्मनिर्भरता को बढ़ावा दे रहा दिवाली मेला : मनोहर लाल

फरीदाबाद। केंद्रीय विद्युत आवास एवं शहरी मामलों के मंत्री मनोहर लाल ने कहा कि सूरजकुंड दिवाली मेला भारतीय संस्कृति, परंपरा और आत्मनिर्भरता को बढ़ावा दे रहा है। केंद्रीय मंत्री सोमवार को तीसरे सूरजकुंड दिवाली मेले के समापन समारोह को संबोधित कर रहे थे। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में उन्हें देश की जनता की सेवा करने का अवसर मिला है। उन्होंने कहा कि शासन का उद्देश्य केवल प्रशासन चलाना नहीं, बल्कि समाज के अंतिम व्यक्ति तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाना होना चाहिए। इसी सोच के साथ अंत्योदय की अवधारणा को आगे बढ़ाया गया है। परिवार पहचान पत्र के माध्यम से परिवारों की सामाजिक एवं आर्थिक स्थिति का आकलन कर जरूरतमंदों तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने में मदद मिल रही है। उन्होंने कहा कि हरियाणा की इस व्यवस्था को आज दूसरे प्रदेश भी समझने और अपनाने में रुचि ले रहे हैं।



उन्होंने कहा कि सरकार ने पारदर्शिता, भ्रष्टाचार मुक्त व्यवस्था और बिना किसी भेदभाव के विकास को प्राथमिकता दी है।

अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

धारा 82 Cr.P.C./84 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **हर्ष, पुत्रः** परमानंद, **निवासीः** गाँव उमरावत, जिला भिवानी, हरियाणा ने मुकदमा **FIR No. 142/2026 U/s 317(2)/317(5)/61(2)/112, भारतीय न्याय संहिता, 2023, थानाः हौज खास, नई दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **हर्ष** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **हर्ष** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि मुकदमा **FIR No. 142/2026 U/s 317(2)/317(5)/61(2)/112, भारतीय न्याय संहिता, 2023, थानाः हौज खास, नई दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **हर्ष** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **23.12.2026** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
श्री यशदीप चहल
न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी–06
कमरा नं. 8, साकेत कोर्ट परिसर, नई दिल्ली

DP/15008/SD/2026
(Court Matter)

पैरेलल लाइसेंस रद्द कराने के लिए सरकार ने एचईआरसी को भेजी मेल

बिजली कर्मचारियों की हड़ताल खत्म कराने के लिए बैठक में बनी थी सहमति, अब आयोग के समक्ष अपील की तैयारी

योगेंद्र शर्मा ▶▶ चंडीगढ़

हरियाणा में बिजली वितरण के लिए निजी कंपनी को समानांतर लाइसेंस दिए जाने के मामले में सरकार ने कार्रवाई शुरू कर दी है। राज्य सरकार की ओर से हरियाणा विद्युत नियामक आयोग (एचईआरसी) को मेल भेजकर जनहित में पैरेलल लाइसेंस रद्द कराने की दिशा में कदम उठाया गया है। अब इस मामले में संबंधित प्राधिकरण के समक्ष अपील किए जाने की तैयारी है। कर्मचारी संयुक्त मोर्चा के प्रवक्ता रविंद्र घनघस ने बताया कि सरकार आयोग को मेल भेज चुकी है। इस मामले में मंगलवार को संबंधित प्राधिकरण के समक्ष अपील किए जाने की संभावना है। उन्होंने बताया कि बिजली कर्मचारियों की हड़ताल के दौरान सरकार और कर्मचारी प्रतिनिधियों के बीच हुई बैठक में इस मुद्दे पर सहमति बनी थी। इसके बाद सरकार ने पत्र जारी कर आयोग को आवश्यक निर्देश देने की बात कही थी।

कमेटी पर जल्दबाजी का आरोप

भरोसेमंद सूत्रों का कहना है कि उक्त मामले में गठित कमेटी द्वारा भी रिपोर्ट तैयार करने में बहुत ही ज्यादा जल्दबाजी दिखाई गई। कमेटी की रिपोर्ट को लेकर बिजली कर्मचारी संगठनों द्वारा सीएम की बैठक के दौरान बात रखी गई थी। सरकार की ओर से जारी पत्र में विद्युत अधिनियम, 2003 की धारा 108 की उपधारा (1) का उल्लेख किया गया था। इसमें राज्य सरकार ने राजस्व पर पड़ने वाले वित्तीय प्रभाव, बिजली उपभोक्ताओं के हित और जनहित को ध्यान में रखते हुए हरियाणा में समानांतर वितरण लाइसेंस के सृजन, संचालन या प्रभावी होने पर रोक लगाने के लिए आयोग को निर्देश देने की बात कही थी। पत्र के अनुसार, ये निर्देश मुख्यमंत्री की स्वीकृति से जारी किए गए थे। निजी कंपनी को पैरेलल लाइसेंस दिए जाने के विरोध में बिजली कर्मचारियों ने हड़ताल की थी। कर्मचारी मांग कर रहे थे कि सरकार विद्युत अधिनियम की धारा 108 के तहत अपने अधिकारों का इस्तेमाल कर इस व्यवस्था पर रोक लगाने के लिए कदम उठाए। शुरुआत में इस मांग पर सहमति नहीं बन पाई, लेकिन कर्मचारियों का विरोध बढ़ने के बाद सरकार ने प्रतिनिधियों को बातचीत के लिए बुलाया था।

सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को इस नोटिस के द्वारा सूचित किया जाता है कि मेरे मुव्वकिल के द्वारा निम्न कृषि भूमि का बैयनामा प्रस्तावित है :–

5835

हमकि (1) कृष्णा विधवा व (2) दीपीकिा पुत्री व (3) सचिन (4) राजबीर पुत्रान रमेश पुत्र श्रीकृष्ण, निवासीगण गांव ईस्माइलपुर, तहसील बादली, जिला झज्जर (हरियाणा) व (5) राजेन्द्र पुत्र श्रीकृष्ण पुत्र रामगोपाल, निवासी मकान न0 570, थर्मल पावर कॉलोनी, सेक्टर–22, फरीदाबाद, हरियाणा–121005 व (6) लोकेश (7) अतुल पुत्रान राजेन्द्र पुत्र श्रीकृष्ण, निवासीगण मकान न0 4081, राजेन्द्रा पार्क, गुरूग्राम, हरियाणा–122001 एवं बिस्वेदारान गांव ईस्माइलपुर, तहसील बादली, जिला झज्जर (हरियाणा) में अराजी बरूवे इन्द्राज जमाबन्दी वर्ष 2021–22, के अनुसार अराजी खेवट न0 50/40मिन, खाता न0 52, मु0 न0 21, किला न0 8/3(0–2) 9/3(0–9), 10/2(0–4), किते 3, तादादी रकबा 0 कनाल 15 मरले का 293/2577 भाग, बकदर 0 कनाल 1.7 मरला (0.010625 एकड़) (जिसमें कृष्णा – दीपीकिा हर दो समभाग 71/5154 भाग व सचिन – राजबीर हर दो समभाग 91/2577 भाग व राजेन्द्र 37/859 भाग व लोकेश – अतुल हर दो समभाग 37/1718 भाग), वाका रकबा मौजा ईस्माइलपुर, तहसील बादली, जिला झज्जर के मालिकान व काबिजान है जिसको बैय किया जा रहा है। जिसका कब्जा खेवट न0 50/40मिन, खाता न0 52, किते 3, तादादी रकबा 0 कनाल 15 मरले का 293/2577 भाग, बकदर 0 कनाल 1.7 मरला (0.010625 एकड़) पर दिया जा रहा है।

यदि कोई भी व्यक्ति जो उपरोक्त भूमि में मुखलफाना हक, स्वामित्व, कब्जा या अन्य कोई सम्बन्ध रखता है या किसी को इस बैय पर कोई ऐतराज है तो वह व्यक्ति उपरोक्त भूमि में अपने हक, दावे सम्बन्धी जरूरी दस्तावेजों व साक्ष्य सहित इस विज्ञप्ति के प्रकाशित होने के 14 दिन के अन्दर अधोहस्ताक्षरित से सम्पर्क करे या भेजे, अन्यथा यह माना जायेगा कि कोई भी व्यक्ति उपरोक्त भूमि में कोई दावा, हक, स्वामित्व, कब्जा या किसी प्रकार का अन्य कोई सम्बन्ध नहीं रखता और मेरा मुव्वकिल उक्त अराजी के बैय से सम्बन्धित अग्रिम सभी कार्यवाही करेगा।

दिनांक : 26.10.2026

विनय कुमार सैनी
एडवोकेट,
द्वितीय तल, म0 नं0–285, सैक्टर–14,
गुरूग्राम – 122001
Mobile : 9810203697
E-mail : svkggn@yahoo.com

ई-नीलामी सह बिक्री हेतु सार्वजनिक सूचना

प्रत्याभूति हित अधिनियम, 2002 (यहां इसके पश्चात "एक") के प्रवर्तन और वित्तीय परिसम्पत्तियों के प्रत्याभूतिकरण और पुनर्निर्माण के तहत आईआईएफएल होम फाइनेंस लिमिटेड (आईआईएफएल एचएफएल) कार्पोरेट कार्यालय प्लॉट नं. 98, उद्योग विहार, फेज–IV, गुड़गांव–122015 (हरियाणा) और **शाखा कार्यालय :– "प्रथम तल, प्रिया सैनेटरी के ऊपर, कैनाल कॉलोनी, एचपी पैट्रोल पम्प के नजदीक, हिसार रोड, सिरसा–125055** के पास गिरवीकृत अचल सम्पत्ति की बिक्री। चूंकि आईआईएफएल–एचएफएल के प्राधिकृत अधिकारी ("एओ") आईआईएफएल एचएफएल को देय राशि की उगाही हेतु "जैसा है जहां है आधार, जो है जैसा है आधार और बिना अवलम्ब आधार" पर इसकी बिक्री के अधिकार सहित निम्नलिखित ऋण अकाउंट्स / प्रोस्पैक्ट नम्बर में अधिनियम की धारा 13 (2) के तहत जारी नोटिस के अनुसरण में निम्नलिखित सम्पत्ति/यों का कब्जा ले चुके थे, बिक्री वेबसाइट : www.iiflonehome.com पर उपलब्ध करवाए गए ई–नीलामी प्लेटफॉर्म के माध्यम से अधोहस्ताक्षरी द्वारा की जाएगी।

कर्जदार(ों)/ सह–कर्जदार(ों)/ गारंटर(ों)	डिमांड नोटिस तिथि और राशि	अचल सम्पत्ति/प्रत्याभूत परिसम्पत्ति का वर्णन	भौतिक कब्जे की तिथि	आरक्षित मूल्य
श्री देव कुमार श्री राशील कुमार श्रीमती रंजन बाला देव कुमार सुशील कुमार (प्रोप्येक्ट नं. IL10786537)	05/01/2026 रु. 747724/- (रुपये सात लाख सैंतालीस हजार सात सौ चौबीस केवल) बोली बढ़ौतरी राशि रु. 25000/- (रुपये पच्चीस हजार केवल)	नई बदवाली, डबवाली, सिरसा, हरियाणा–125104 में खेवट नं. 1773, खाता नं. 3350 वाली सम्पत्ति के सभी भाग व हिस्से। क्षेत्रफल माप (वर्गफुट में) : सम्पत्ति टाइप : Area Admeasuring, Built_Up_Area, सम्पत्ति क्षेत्रफल : 859, 550	24/08/2026 कुल बकाया दिनांक 14.10.2026 के अनुसार रु. 1029713.57 (रुपये दस लाख उनत्तीस हजार सात सौ तेरह और सत्तावन पैसे केवल)	रु. 1030000/- (रुपये दस लाख तीस हजार केवल) धरोहर राशि जमा (ईएमडी) रु. 103000/- (रुपये एक लाख तीन हजार केवल)

सम्पत्ति के निरीक्षण की तिथि	ईएमडी अन्तिम तिथि	ई–नीलामी की तिथि/समय
30.11.2026 1100 बजे – 1400 बजे	02.12.2026 अप. 5.00 बजे तक	04.12.2026 1100 बजे – 1300 बजे

भुगतान का मोड :– ईएमडी भुगतान केवल ऑनलाइन मोड के तहत किये जाने हैं। भुगतान करने के लिये आपको **https://www.iiflonehome.com** पर पधारना होगा और केवल सम्पत्ति /प्रत्याभूत परिसम्पत्ति हेतु उपलब्ध लिंक के माध्यम से भुगतान करना होगा। **टिप्पणी :** प्रत्येक सम्पत्ति /प्रत्याभूत परिसम्पत्ति हेतु भुगतान लिंक अलग है। सुनिश्चित करें आप सार्वजनिक नीलामी के तहत खरीदने के लिये इच्छुक सम्पत्ति/प्रत्याभूत परिसम्पत्ति के लिंक का उपयोग कर रहे हैं। **शेष भुगतान हेतु – लॉगइन करें https://www.iiflonehome.com >My Bid >Pay Balance Amount**

नियम एवं शर्तें:–

1. ई–नीलामी में भाग लेने के लिये, इच्छुक बोलीदाताओं को पहले ही सेवाप्रदाता **https://www.iiflonehome.com** के पास अपने विवरण पंजीकरण करवाना आवश्यक है और लॉगइन अकाउंट, लॉगइन आईडी और पासवर्ड बनाना होगा। इच्छुक बोलीदाताओं को ऊपर वर्णित शाखा कार्यालय में भुगतान विवरण के तहत ईएमडी, केवाईसी और पैन कार्ड की प्रति सहित अपना "निविदा प्रपत्र" जमा करवाना / भेजना होगा।
2. बोलीदाता कॉलम "बोली बढ़ौतरी राशि" के तहत वर्णित राशि के गुणज में अपने प्रस्ताव सुधारेंगे। यदि बोली नीलामी बंद होने के समय के अन्तिम 5 मिनट में रखी जाती है, बंद होने का समय स्वतः ही 5 मिनट के ल

रोहतक, मंगलवार 27 अक्टूबर 2026

सुविचार

पेन में जिस रंग की स्याही होगी, लिखावट भी उसी रंग की होगी। ठीक उसी तरह इंसान के मन में जैसे विचार होंगे, उसके कर्म भी वैसे ही होंगे।

हरिभूमि

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी



7 32 ग्रैंडमास्टर लेंगे हिस्सा 30 अक्टूबर से टूर्नामेंट

गृह मंत्रालय
भारत सरकार

जिन्होंने दिया नक्सल-मुक्त भारत बनाने में योगदान
सम्मान पट्ट पर उन वीरों के लिए लिखें संदेश और करें ऑनलाइन शेयर

आंतरिक सुरक्षा बलों का सम्मान | राष्ट्रीय एकता दिवस
31 अक्टूबर, 2026
एकता नगर, गुजरात

एक ही जगह देखें, एकता के रंग अनेक | भारत पर्व
1 से 15 नवंबर, 2026
एकता नगर, गुजरात

राष्ट्रीय एकता दिवस 31 अक्टूबर 2026

जानकारी और ठहरने की बुकिंग के लिए स्कैन करें या विज़िट करें rashtriyaektadiwas.com



श्री नरेन्द्र मोदी
माननीय प्रधानमंत्री



CBC 19101/13/0020/2627

खबर संक्षेप

जामिया में 20 साल बाद छात्रसंघ चुनाव का आदेश

नई दिल्ली। दिल्ली की जामिया मिल्लिया इस्लामिया यूनिवर्सिटी में



करीब 20 साल बाद छात्रसंघ चुनाव कराने का आदेश जारी किया गया है। यूनिवर्सिटी प्रशासन ने सोमवार को कहा कि छात्रसंघ के संविधान को मंजूरी मिलने के 15 दिन के भीतर चुनाव कराए जाएंगे। प्रशासन ने प्रदर्शन के दौरान छात्रों को जारी सस्पेंशन और कारण बताओ नोटिस रद्द करने का फैसला लिया है। साथ ही, आंदोलन के दौरान सुरक्षाकर्मियों के व्यवहार की जांच के लिए कमेटी बनाने का भी आश्वासन दिया। *एजेंसी*

कार पार्किंग को लेकर पिता-बेटे व भाई की हत्या

लखनऊ। लखनऊ में दिनदहाड़े एक परिवार के 3 लोगों की गोली मारकर हत्या कर दी गई। इनमें पिता-बेटा और छोटे भाई शामिल हैं। वारदात सआदतगंज थाना क्षेत्र में सोमवार सुबह 10:35 बजे हुई। नौबस्ता के ब्राह्मण टोला में रहने वाले शिवाजी तिवारी (62) सचिवालय के रिटायर्ड कर्मचारी थे। वह संघ के जिला सर कार्यवाह भी रह चुके हैं। उनके भाई शिवेंद्र तिवारी उर्फ शंभु लखनऊ यूनिवर्सिटी में काम करते थे। शिवाजी के बेटे सुयश (30) का बिजली के सामान का कारोबार था। 5 दिसंबर को उसकी शादी होनी थी। शिवाजी के घर के सामने लगे बरगद के पेड़ के नीचे चबूतरा बनाने को लेकर पड़ोसी ऋषभ से झगड़ा चल रहा था। *एजेंसी*

हुबली में दुनिया का सबसे लंबा रेलवे प्लेटफॉर्म

हुबली। दुनिया का सबसे लंबा रेलवे प्लेटफॉर्म भारत के कर्नाटक



राज्य के हुबली शहर में स्थित श्री सिद्धारूढ़ स्वामीजी हुबली स्टेशन पर है। इसकी लंबाई 1,507 मीटर है। यानी यह प्लेटफॉर्म 1.5 किमी से भी लंबा है। 12 मार्च 2023 को पीएम नरेंद्र मोदी ने इस प्लेटफॉर्म को राष्ट्र को समर्पित किया था। इसे लगभग 20 करोड़ रुपये की लागत से बनाया गया था।

मप्र में सांवरिया सेठ के दर्शन कर लौट रहे चार दोस्त जिंदा जले



धार। बदनावर क्षेत्र में लेबड़-नयागांव फोरलेन पर रविवार रात भीषण सड़क हादसे में कार सवार 4 युवकों की जिंदा जलने से मौत हो गई, जबकि एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसा सादलपुर और खेरोद के बीच रात करीब 11:30 बजे एक ढाबे के पास हुआ। पांचों दोस्त सागौर से सांवरिया सेठ के दर्शन कर लौट रहे थे। इसी दौरान उनकी डिजायर कार पुलिया पर बने डिवाइडर से टकरा गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि कार का इंजन उखड़कर बाहर जा गिरा।

सुप्रीम कोर्ट में चुनाव आयोग ने दिया हलफनामा

एसआईआर का फॉर्म 6 नहीं बदला सबकी सहमति से ही लिए फैसले

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

एसआईआर पर एक महीने से जारी विवाद के बीच चुनाव आयोग ने कहा कि हमने एसआईआर के फॉर्म 6 में कोई बदलाव नहीं किया। नियमों के अनुसार इस पर बदलाव का अधिकार केंद्र के पास है। चुनाव आयोग ने सोमवार को सुप्रीम कोर्ट में काउंटर एफिडेविट दाखिल किया। आयोग ने कहा कि एसआईआर पर सभी फैसले सर्वसम्मति से लिए गए हैं। फैसलों पर मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार, कमिश्नर सुखबीर सिंह संधू और विवेक जोशी तीनों की सहमति थी। कोर्ट में दाखिल एफिडेविट पर भी तीनों के दस्तखत हैं। यह हलफनामा उस याचिका के जवाब में दिया किया गया है, जिसमें सुप्रीम कोर्ट ने ईसीआई, सीईसी और दूसरे अधिकारियों को नोटिस दिया था। विवाद तब शुरू हुआ जब पिछले महीने एक रिपोर्ट सामने आई, जिसमें कहा गया कि दो चुनाव आयुक्तों ने एसआईआर के फॉर्म 6 बदलावों पर आपत्ति जताई थी। इसी आधार पर सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल की गई। एसआईआर से जुड़ी राहुल गांधी समेत 13 विपक्षी नेताओं की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट में 27 अक्टूबर को सुनवाई होगी।

हलफनामे में ये कहा आयोग ने



मतदाता सूची में अनियमितता के आरोप किए खारिज, शीर्ष कोर्ट में सुनवाई आज

- **फाइल पर आपत्ति लिखना, फैसले का विरोध नहीं:** आयोग ने कहा कि फाइल पर लिखे सवाल, सुझाव या आपत्तियां अपने आप में आयोग का अंतिम फैसला नहीं होतीं।
- **फैसला लेने का तरीका थ्री लेयर वाला:** आयोग ने कहा कि फाइलें आमतौर पर पहले एक चुनाव आयुक्त के पास जाती हैं, फिर दूसरे के पास और आखिर में सीईसी के पास जाती हैं।
- **नाम का पुरानी वोटर लिस्ट से मिलान नहीं हुआ तो बीएलओ घर आएंगे:** जिन लोगों के नाम पुरानी वोटर लिस्ट से नहीं जुड़ पाए हैं, उनके जरूरी दस्तावेज बीएलओ घर जाकर जुटाएंगे और ऑनलाइन अपलोड करेंगे।
- **हर वोटर को सुनवाई के लिए दफ्तर नहीं बुलाया जाएगा:** आयोग ने कहा कि ऐसे वोटरों को आम तौर पर खुद पेश होने की जरूरत नहीं होगी। जरूरत पड़ने पर सुनवाई होगी और जहां संभव होगा, ऑनलाइन की जाएगी।
- **वोटर लिस्ट में नाम जोड़ने-काटने का फैसला अधिकारी करेंगे:** आयोग ने साफ किया कि वोटर लिस्ट में किसी का नाम बिना सक्षम चुनाव अधिकारी के आदेश के न जोड़ा जाएगा और न हटाया जाएगा।
- **जांच के लिए विशेषज्ञों की टीम:** आईआईटी मद्रास और बेंगलुरु के विशेषज्ञों की एक समिति बनाई गई है। यह टीम जांचेगी कि प्लेटफॉर्म ठीक से काम कर रहा है या नहीं और नियमों का पालन हो रहा है या नहीं।
- **सीईसी को हटाना आसान नहीं:** आयोग ने कहा कि संविधान के मुताबिक, मुख्य चुनाव आयुक्त को उसी प्रक्रिया और उन्हीं आधारों पर हटाया जा सकता है, जिन पर सुप्रीम कोर्ट के किसी जज को हटाया जाता है।
- **अभी संक्षिप्त जवाब, आगे विस्तार से जवाब देंगे:** आयोग ने कहा कि दशहरे की छुट्टियों के कारण फिलहाल छोटा जवाब दाखिल किया गया है। जरूरत पड़ने पर वह हर आरोप का विस्तार से जवाब भी देगा।

बदलाव का अधिकार सरकार के पास

आयोग का कहना है कि 'मतदाता पंजीकरण नियम, 1960' के तहत निर्धारित फॉर्म में केवल सरकार ही बदलाव कर सकती है। आयोग ने साफ किया कि एसआईआर के दौरान मांगा गया डिक्लेरेशन एक अलग दस्तावेज है और इसे फॉर्म 6 में किया गया संशोधन नहीं माना जा सकता।

ऐसे शुरू हुआ विवाद

यह विवाद तब शुरू हुआ जब कहा गया कि दो चुनाव आयुक्तों ने उन बदलावों पर आपत्ति जताई थी, जिनके तहत आवेदकों को खुद को, अपने माता-पिता या दादा-दादी/नाना-नानी को पिछली एसआईआर से जोड़ने वाले डिटेल देने के लिए कहा गया था। ईसीआई ने माना कि ऑनलाइन आवेदन प्लेटफॉर्म पर जिस तरह से इसे दिखाया गया था, उससे ऐसा लग सकता था कि फॉर्म 6 में बदलाव किया गया है। आयोग ने कहा कि याचिका एक रिपोर्ट पर आधारित है, और कानून की नजर में अखबार की रिपोर्ट को सबूत नहीं माना जाता है। इसलिए सीईसी को काम करने से नहीं रोका जा सकता। आयोग ने कहा कि याचिकाकर्ता ने उसमें किए गए दावों की संबंधित अधिकारियों से स्वतंत्र रूप से पुष्टि नहीं की, इसलिए याचिका सुनवाई के योग्य नहीं है।

ज्ञानेश को हटाएं, तीस सेकेंड में आंदोलन रोक देंगे : राहुल

दिल्ली में रैली न करने की मांग पर व्यापारियों को कांग्रेस नेता की दो टूक




नई दिल्ली (एजेंसी)। राहुल गांधी ने एक नवंबर को दिल्ली में होने वाली महारैली को टालने से इनकार कर दिया। राहुल ने सोमवार को एक्स पर लिखा कि दिल्ली के हर व्यापारी से हम प्यार करते हैं, उनकी बात सुन रहे हैं। मोदी जी से कहिए मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार को हटा दें। 30 सेकंड में आंदोलन रुक जाएगा। दिल्ली के कश्मीरी गेट पर सोमवार को व्यापारियों ने प्रदर्शन किया। उन्होंने कांग्रेस से एक नवंबर को रामलीला मैदान में होने वाली रैली को दिवाली के बाद कराने की मांग की। चैंबर ऑफ ट्रेड एंड इंडस्ट्री के अध्यक्ष बृजेश गोयल ने कहा कि इस मुद्दे पर इंडिया गठबंधन के सभी दलों को पत्र लिखा जाएगा। संगठन ने दिवाली फेस्टिवल सीजन में 10 हजार करोड़ रुपये के व्यापारिक नुकसान की चेतावनी दी है।

रैली में सब लोग शामिल हों : खड़गे

खड़गे ने एक्स पर लिखा- यह त्योहार का मौसम है, लेकिन इस समय आप कमरतोड़ महंगाई से जूझ रहे हैं। सरकार को इसकी बिल्कुल भी चिंता नहीं, क्योंकि वह सिर्फ वोट चोरी करना जानते है। इसी सिलसिले में एक नवंबर को नई दिल्ली के रामलीला मैदान में वोट बचाओ, देश बचाओ महा रैली होगी। आप से अपील है कि संविधान और लोकतंत्र को बचाने के लिए, इस रैली में बढ़-चढ़कर हिस्सा ले और इस मुहिम को सफल बनाए। एक नवंबर की रैली से थोक बाजारों पर गंभीर असर पड़ सकता है। कारोबार पर भारी असर पड़ेगा, क्योंकि रिपोर्टों के मुताबिक रामलीला मैदान में 10 लाख लोग जुट सकते हैं, जबकि इसकी वास्तविक क्षमता करीब 50 हजार है।

भाजपा खोलेगी कांग्रेस की पोल देशभर में निकालेगी पदयात्राएं



नई दिल्ली (एजेंसी)। संसद के मानसून सत्र से लेकर अब तक विपक्ष के साथ तमाम मुद्दों पर जूझ रही भाजपा सड़क पर जनता के बीच जाकर न केवल विपक्ष पर पलटवार करेगी, बल्कि विपक्ष की असली मंशा का भी पर्दाफाश करेगी। इसके लिए पार्टी देश भर में एक नवंबर से पदयात्राओं का आयोजन करने जा रही है,जिनमें उसके सभी प्रमुख नेता शिरकत करेंगे। यह पदयात्राएं अलग अलग तारीखों में अलग अलग स्थानों पर होंगी। भाजपा के इस अभियान की थीम लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ की होगी। चूंकि एक नवंबर को कांग्रेस व उसके सहयोगी दिल्ली में एसआईआर व मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के मुद्दे पर रैली कर रही है, इसलिए भी भाजपा उसी दिन से जोरदार पलटवार भी करेगी।

पांच को करनाल में पदयात्रा में शामिल हो सकते हैं गृहमंत्री अमित शाह

खास बात यह है कि पार्टी के बड़े नेताओं के भाग लेने से इनसे वह देश भर में प्रभावी रूप से पहुंच सकेगी। नेताओं के दौरे भी इस तरह से तय हो रहे है कि वह जहां जाएं वहां की पदयात्रा में शामिल हो सकें। सूत्रों का कहना है कि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह दो नवंबर को हैदराबाद और 5 नवंबर को हरियाणा के करनाल में पदयात्रा में शामिल हो सकते हैं। एक नवंबर को योगी आदित्यनाथ लखनऊ, हेमंत बिस्वसरमा शिमला में पदयात्रा में शामिल होंगे, जबकि राजनाथ सिंह, नितिन नवीन, जेपी नड्डा, देवेंद्र फडणवीस भी देश के अलग अलग शहरों में करेंगे पदयात्रा में शामिल होंगे।

मोदी को अपशब्द कहने पर खड़गे के खिलाफ शिकायत

पटना (एजेंसी)। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के खिलाफ पीएम मोदी को अपशब्द कहने पर शिकायत दर्ज कराई गई है। खड़गे ने पटना में कांग्रेस के कार्यक्रम में मोदी के पिता को लेकर टिप्पणी की थी। खड़गे ने यह बात एक कार्यकर्ता के जवाब में कही। कार्यकर्ता ने कहा था कि मोदी जी नहीं जाने वाले हैं। जब तक देश में विद्रोह नहीं होगा, मोदी सरकार नहीं हटेगी। इस पर वहां मौजूद लोगों ने उस शख्स की पिटाई कर दी। खड़गे के बयान पर गृह मंत्री अमित शाह से लेकर मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी सहित भाजपा के कई नेताओं ने नाराजगी जताई है। सीएम सम्राट चौधरी ने कहा कि राहुल गांधी और मल्लिकार्जुन खड़गे माफी मांगे। खड़गे के खिलाफ रविवार रात पटना के कोतवाली थाने में शिकायत की गई।



पटना में मोदी के पिता पर की थी टिप्पणी मुख्यमंत्री सम्राट बोले, राहुल-खड़गे माफी मांगें

शाह मानहानि केस में राहुल 8 साल बाद बरी

सुल्तानपुर (एजेंसी)। राहुल गांधी ने बेंगलुरु में विधानसभा चुनाव के प्रचार के दौरान अमित शाह का नाम लिए बिना कहा कि भाजपा ईमानदार राजनीति की बात करती है, जबकि उसके राष्ट्रीय अध्यक्ष हत्या के एक मामले में आरोपी रहे हैं। अगस्त 2018 में यूपी के सुल्तानपुर में दर्ज हुए केस का फैसला 26 अक्टूबर 2026 को आया। कोर्ट ने राहुल को बरी कर दिया है और उनके बयान को अपमानजनक नहीं माना है। इस मामले में राहुल को दो बार बयान दर्ज कराने, एक बार पेश होने और फैसले के दिन सुल्तानपुर कोर्ट जाना पड़ा। राहुल सुबह 11:16 बजे कोर्ट में पेश हुए और 11:32 बजे फैसला आ गया, यानी महज 16 मिनट में। राहुल ने पूरे बयान की जो सीडी कोर्ट में दाखिल की थी, उसे कोर्ट ने मजबूत सबूत माना। राहुल ने कहा था कि उनका मकसद किसी की मानहानि करना नहीं था।

जज ने 16 मिनट में फैसला सुनाया
●
राहुल गांधी खुद सुल्तानपुर कोर्ट में पेश हुए

लूला डी सिल्वा चौथी बार ब्राजील के राष्ट्रपति बने

ब्राजीलिया (एजेंसी)। ब्राजील में लुइज इनासियो लूला डी सिल्वा ने चौथी बार राष्ट्रपति चुनाव जीत लिया है। उन्होंने अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप के समर्थक फ्लावियो बोल्सोनारो को हराया है। लूला ने 2022 के चुनाव में फ्लावियो के पिता और ब्राजील के पूर्व राष्ट्रपति जायर बोल्सोनारो को भी हराया था। पहले दौर की वोटिंग में लूला, फ्लावियो बोल्सोनारो से पिछड़ गए थे, लेकिन दूसरे दौर में बाजी पलट दी। फ्लावियो को पहले चरण में 47% वोट मिले थे। वहीं लूला को 45% वोट मिले थे। 1989 में ब्राजील में सीधे राष्ट्रपति चुनाव शुरू हुए थे। उसके बाद यह पहली बार हुआ, जब पहले राउंड में दूसरे नंबर पर रहने वाला उम्मीदवार आखिरी राउंड में जीतकर राष्ट्रपति बना।



ट्रंप समर्थक बोल्सोनारो को हराया उनके पिता को भी हरा चुके, भारत के लिए जीत अहम

करनाल के रिंडल गांव में सनसनीखेज वारदात

जमीनी विवाद में बाप को कुल्हाड़ियों से काटा, बेटे पर भी किया हमला

करनाल। रिंडल गांव में जमीन और धान की फसल काटने को लेकर चल रहा विवाद खूनी संघर्ष में बदल गया। आरोप है कि दूसरे पक्ष के लोगों ने 65 वर्षीय रामेश्वर और उनके बेटे ओमदत्त पर कुल्हाड़ी, फरसों, लाठी-डंडों से हमला कर दिया। हमले में रामेश्वर की मौत हो गई, जबकि उनका बेटा ओमदत्त गंभीर रूप से घायल हो गया। रामेश्वर बीएसएनएल से सेवानिवृत्त कर्मचारी थे। परिवार के सदस्य सोनू के अनुसार, रामेश्वर के पास करीब साढ़े दस एकड़ जमीन है, जिसको लेकर वर्ष 2009 से अदालत में विवाद चल रहा था। परिजनों का दावा है कि अदालत के फैसले के अनुसार जमीन पर रामेश्वर का कब्जा था और उन्होंने खेत में धान की फसल बो रखी थी। परिवार का आरोप है कि दूसरे पक्ष के लोग इस जमीन और फसल को लेकर विवाद कर रहे थे।

साढ़े 10 एकड़ जमीन पर कब्जे को लेकर झगड़ा

फसल काटने की सूचना पर खेत पहुंचे थे पिता-पुत्र

परिवार के मुताबिक, 11 अक्तूबर को रामेश्वर को सूचना मिली कि दूसरे पक्ष के लोग कंबाइन मशीन लेकर खेत में धान की फसल काटने पहुंचे हैं। सूचना मिलने के बाद रामेश्वर अपने बेटे ओमदत्त और दो अन्य साथियों के साथ खेत की ओर गए। वहां पहले से मौजूद लोगों ने उन पर हमला कर दिया। परिवार के सदस्य सोनू के अनुसार, हमलावरों की संख्या 15 से 20 के बीच थी और उनके पास कुल्हाड़ी, फरसे, लाठी तथा डंडे थे।

100 करोड़ के स्कूल घोटाले में पूर्व मंत्री महेश गिरफ्तार

चेन्नई (भाषा)। द्रविड़ मुन्नेत्र कषगम (द्रमुक) के नेता और तमिलनाडु के पूर्व स्कूल शिक्षा मंत्री ए. महेश पोय्यामोझी को निजी स्कूलों से संबंधित 100 करोड़ रुपये के कथित घोटाला मामले में सोमवार को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने यह जानकारी दी। मामले में मद्रास उच्च न्यायालय की ओर से अग्रिम जमानत याचिका खारिज किए जाने के कुछ ही समय बाद ग्रेटर चेन्नई पुलिस की केंद्रीय अपराध शाखा (सीसीबी) ने उन्हें गिरफ्तार किया। मामला निजी स्कूलों को मान्यता देने और जरूरी सरकारी मंजूरियां जारी करने से जुड़ा है। आरोप है कि महेश ने 2021 से 2026 तक स्कूल शिक्षा मंत्री रहते हुए 1,000 से अधिक निजी स्कूलों के प्रबंधन से 'पार्टी फंड' के नाम पर पैसे वसूले। आरोप के मुताबिक, इसके बदले स्कूलों को स्थायी मान्यता और अन्य प्रशासनिक मंजूरियां दी गईं। सीसीबी द्वारा दर्ज प्राथमिकी में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम (पीसीए) के तहत आरोप भी शामिल हैं। ईडी ने भी पीएमएलए के तहत मामला दर्ज किया है।



तमिलनाडु में 'डीएमके के लिए पार्टी फंड' के नाम पर पैसे वसूले

2.12 लाख करोड़ के रक्षा सौदों को सरकार ने दी मंजूरी

भारतीय सेना को मिलेंगे नए ड्रोन और एयर डिफेंस सिस्टम, इनमें 82% खरीद स्वदेशी

वायु सेना के परिचालन और हवाई निगरानी को सुदृढ़ बनाने के लिए कई प्रणालियों की मंजूरी दी गई

नई दिल्ली (एजेंसी)। रक्षा क्षेत्र में भारत की सैन्य ताकत बढ़ाने की दिशा में बड़ा कदम उठाया गया है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में 26 अक्टूबर को हुई रक्षा अधिग्रहण परिषद (डीएसी) की बैठक में करीब 2.12 लाख करोड़ रुपये के रक्षा खरीद प्रस्तावों को मंजूरी दी गई। इसमें आधुनिक तोप प्रणाली, हेलिकॉप्टर, एयर डिफेंस सिस्टम, निगरानी उपकरण और लंबी दूरी तक हमला करने वाले ड्रोन शामिल हैं। इन प्रस्तावों का मकसद तीनों सेनाओं की मारक क्षमता, निगरानी और हवाई सुरक्षा को मजबूत करना है। खास बात यह है कि कुल स्वीकृत स्वीकृति की आवश्यकता में से करीब 82 फीसदी खरीद भारतीय उद्योगों से की जाएगी।

हेलीकॉप्टर और ड्रोन से मजबूत होगी निगरानी

लाइट मल्टी-रोल हेलीकॉप्टर का इस्तेमाल भारतीय सेना और भारतीय वायु सेना दोनों करेंगी। इनका उपयोग टोही और निगरानी, युद्ध, सैनिकों की खोज और बचाव, मानवीय सहायता तथा आपदा राहत जैसे कार्यों में किया जाएगा। नई पीढ़ी के छोटे हवाई खतरों से निपटने में सक्षम होगा। वहीं आधुनिक युद्धक्षेत्र में टैंकों की सुरक्षा और उनके बचे रहने की क्षमता को बढ़ाएगा। निगरानी और ड्रोन सिस्टम सेना की निगरानी तथा लक्ष्य साधने की क्षमताओं को बेहतर बनाएंगे।

वायुसेना को हेलीकॉप्टर और आधुनिक नोसेन रडार



भारतीय वायु सेना के लिए हवाई सुरक्षा और युद्ध लड़ने की क्षमताओं को बढ़ाने के उद्देश्य से हेलीकॉप्टरों, वायु रक्षा प्रणालियों, हथियारों और मोबाइल एक्स-बैंड डॉप्लर वेदर रडार सिस्टम की खरीद को मंजूरी दी गई है। स्पेशल यूटिलिटी हेलिकॉप्टर से वायुसेना की महत्वपूर्ण हवाई परिवहन जरूरतों को पूरा करने में मदद मिलेगी। वहीं, एक्स-बैंड डॉप्लर वेदर रडार सिस्टम अग्रिम क्षेत्रों में उच्च-रिजॉल्यूशन वाली, स्थानीय मौसम निगरानी प्रदान करेगा। हाई मोबिलिटी व्हीकल्स कठिन इलाकों में आवाजाही और लॉजिस्टिक सपोर्ट को बेहतर बनाएंगे। सेल्फ-प्रोपेल्ड ट्रैक्ड गन सिस्टम मशीनीकृत इकाइयों को गतिशीलता और मारक क्षमता प्रदान करेगा। वहीं, एक फोर्स मल्टीप्लायर के रूप में काम करेगा और बलों को वास्तविक समय में स्थिति की जानकारी उपलब्ध कराएगा। इससे परिचालन के दौरान स्थिति का आकलन करने में मदद मिलेगी।

घरेलू रक्षा विनिर्माण को मिलेगा बढ़ावा

करीब 2.12 लाख करोड़ रुपये के इन प्रस्तावों में थलसेना, नौसेना और वायुसेना की अलग-अलग परिचालन जरूरतों को ध्यान में रखा गया है। कुल स्वीकृत आवश्यकता की स्वीकृति में से करीब 82% खरीद भारतीय उद्योगों से की जाएगी, जिससे घरेलू रक्षा विनिर्माण को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है। हालांकि, स्वीकृति की आवश्यकता रक्षा खरीद प्रक्रिया में शुरुआती मंजूरी होती है। इसका अर्थ यह नहीं है कि उपकरणों की खरीद पूरी हो गई है या उनकी डिलीवरी शुरू हो गई है।

खबर संक्षेप

ट्यूबवेल के कुएं में उतरे किसान की मिट्टी के तौंद के नीचे दबने से मौत

जींद। गांव झमौला में ट्यूबवेल के कुएं में उतरे किसान की मिट्टी के तौंद के नीचे दबने से मौत हो गई। जानकारी के अनुसार, गांव झमौला निवासी जयपाल (61) रविवार शाम को अपने खेत में ट्यूबवेल के कुएं में पड़ी मिट्टी की सफाई कर रहा था। उसी दौरान उस पर मिट्टी की तौंद गिर गई और वह मिट्टी के नीचे ही दब गया। मौके पर मौजूद परिजनों द्वारा शोर मचाए जाने पर आसपास के किसान मौके पर पहुंच गए और मिट्टी की तौंद को हटाकर जयपाल को बेसुध हालत में बाहर निकाला। परिजन जयपाल को सीएचसी जुलाना में लेकर पहुंचे। यहां जांच करने पर चिकित्सकों ने जयपाल को मृत घोषित कर दिया।



दूसरी मंजिल पर झूला लगाकर पेंट कर रहे श्रमिक की गिरने से मौत

पानीपत। पानीपत के कच्चा कैंप में राजेंद्र नामक व्यक्ति के मकान की दूसरी मंजिल पर झूला लगाकर पेंट कर रहा 27 वर्षीय सुरजीत काम के दौरान भूमि पर नीचे गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। सुरजीत को निजी अस्पताल में भर्ती करवाया गया। उपचार के दौरान सुरजीत की मौत हो गई। सुरजीत मूल रूप से उत्तर प्रदेश का निवासी था और सात साल पहले पानीपत आया था। सुरजीत अपने दो बच्चों व पत्नी के साथ बत्रा कालोनी में रहता था। इधर, पुलिस ने सुरजीत की मौत के मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस जांच का विषय है कि सुरजीत की मौत किन परिस्थितियों में हुई और लापरवाही के लिए कौन जिम्मेदार है।

शाहबाद में पुलिस बैरिकेडिंग को चकमा दे अंबाला पहुंचे गेस्ट टीचर

सीएम से 2 नवंबर की मीटिंग के आश्वासन पर चंडीगढ़ कूच टाला

■ अंबाला में मंत्री अनिल विज से मिलने के बाद लिया फैसला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ शाहबाद

नियमितीकरण की मांग को लेकर चंडीगढ़ तक पैदल मार्च कर रहे गेस्ट टीचरों को सोमवार सुबह शाहबाद में रोकने के लिए पुलिस ने बराड़ा रोड पर बैरिकेडिंग कर दी। सुरक्षा व्यवस्था के तहत मौके पर वाटर कैनन और आंसू गैस के वाहन भी तैनात किए गए। शिक्षकों ने बैरिकेडिंग तोड़ने की हल्की कोशिश की, लेकिन पुलिस की चेतावनी के बाद वे सड़क पर ही धरना देकर बैठ गए और सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। बाद में प्रदर्शनकारी वैकल्पिक रास्तों से बाइक, कार और बसों में सवार होकर अंबाला के मोहड़ा पहुंच गए। यहां कैबिनेट मंत्री अनिल विज के साथ बातचीत और मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से 2 नवंबर को बैठक करवाने का आश्वासन मिलने के बाद गेस्ट टीचरों ने फिलहाल चंडीगढ़ कूच का कार्यक्रम स्थगित कर दिया। संयुक्त संघर्ष मोर्चा के प्रवक्ता कुलदीप झरौली ने बताया कि गेस्ट टीचर अंबाला में कैबिनेट मंत्री अनिल विज का घेराव करने की तैयारी में थे। बातचीत के दौरान विज ने मुख्यमंत्री के चीफ प्रिंसिपल सेक्रेटरी राजेश खुल्लर से फोन पर बात की। इसके बाद 2 नवंबर को मुख्यमंत्री के साथ बैठक करवाने का आश्वासन मिला। इसी के चलते चंडीगढ़ कूच स्थगित कर दिया गया।



शाहबाद। बराड़ा रोड पर अतिथि अध्यापक नारेबाजी करते हुए।

2014 से नियमित करने की मांग

गेस्ट टीचरों की प्रमुख मांग वर्ष 2014 में बनाई गई तीन वर्षीय नियमितीकरण नीति लागू करना है। कुलदीप झरौली के अनुसार, नीति की शर्तें पूरी करने वाले शिक्षकों को नियमित किया जाए और जून 2014 से मिलने वाले लाभ भी प्रदान किए जाएं। प्रवक्ता डॉ. अजय लोहान ने बताया कि शिक्षक अदालत के फैसलों के अनुरूप 28 मई 2014 से नियमित मानने, बकाया राशि पर छह प्रतिशत ब्याज, ग्रेच्युटी, पेंशन और अन्य देय लाभ देने की मांग कर रहे हैं। उन्होंने नए नियमों में ईपीएफ, वेतन वृद्धि, मेडिकल लीव और नियमितीकरण का स्पष्ट प्रावधान नहीं होने पर भी आपत्ति जताई।

तीन साल की पॉलिसी के दुपट्टे पहनकर करवाचौथ मनाएंगी

अतिथि अध्यापकों का लघु सचिवालय परिसर में चल रहा अनिश्चितकालीन धरना जारी रहा। अतिथि अध्यापकों ने अपनी मांगों को लेकर सत्ता पक्ष के विधायकों व मंत्रियों के साथ विपक्ष के विधायकों और नेताओं को ज्ञापन सौंपा। आंदोलनकारियों ने कहा कि 29 अक्टूबर को करवाचौथ के अवसर पर अतिथि अध्यापिकाएं तीन साल की नियमितीकरण पॉलिसी के दुपट्टे पहनकर पर्व मनाएंगी। एक नवंबर को जोनल रैली होगी जबकि आठ नवंबर को काली दिवाली मनाएंगे। 14 और 15 नवंबर को कुरुक्षेत्र में मुख्यमंत्री का तीसरी बार घेराव करने का ऐलान किया गया।

पानीपत में निवेशक से सरेआम 5 लाख रुपये की लूट

पानीपत। शहर में सोमवार देर शाम भरे बाजार में म्यूचुअल फंड इन्वेस्टर पर 8 से 10 बदमाशों ने हमला कर दिया। बदमाशों ने सौरभ पर ताबड़तोड़ लाठी-डंडों से वार किए और उनके पास मौजूद नकदी में से करीब पांच लाख रुपये लूटकर फरार हो गए। हमले में सौरभ गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें उपचार के लिए पानीपत के सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया। वारदात के दौरान आसपास के लोगों के एकत्र होने पर बदमाश कार में सवार होकर मौके से भाग निकले। पूरी घटना वहां लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। पता चला कि सौरभ की कार में दूसरी पॉलिथीन में 3 लाख रुपये और रखे थे, जो बच गए। जानकारी के अनुसार, सौरभ सेक्टर 11-12 में म्यूचुअल फंड निवेश से संबंधित काम करते हैं। सोमवार शाम करीब सात बजे वह ऑफिस का काम खत्म करके घर लौट रहे थे। इसी दौरान कार के पास पहुंचते ही 8 से 10 बदमाशों ने उन्हें घेर लिया। बदमाशों ने बिना कोई मौका दिए सौरभ पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया। अचानक हुए हमले में सौरभ गंभीर रूप से घायल हो गए। बदमाश पांच लाख रुपये वाली पॉलिथीन लेकर फरार हो गए।

खनन की गाड़ियों से 9500 लेते महिला एएसआई काबू



■ माइनिंग की हर गाड़ी से एक हजार रुपये लेने का आरोप

यमुनानगर। महिला एएसआई को ले जाते हुए एंटी करप्शन ब्यूरो टीम की सदस्य।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

माइनिंग की गाड़ियों को निकलवाने के एवज में साढ़े नौ हजार रुपये लेने के आरोप में एंटी करप्शन ब्यूरो की टीम ने एनफोर्समेंट थाने की एक महिला एएसआई को गिरफ्तार कर लिया। मौके पर कार्रवाई के दौरान एसीबी टीम ने माइनिंग गाड़ियों को निकलवाने के एवज में लिए गए साढ़े नौ हजार रुपये बरामद कर लिए हैं। आरोपी के खिलाफ आगामी कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

एंटी करप्शन ब्यूरो के सूत्रों के मुताबिक शिकायतकर्ता अख्तर अली ने ब्यूरो को शिकायत दी थी कि यमुनानगर में रेत बजरी से भरे ट्रकों को निकलने देने के बदले प्रति गाड़ी पर एक हजार रुपये लिए जाते हैं। शिकायत के आधार पर वरिष्ठ अधिकारियों ने मामले की जांच और कार्रवाई की जिम्मेदारी इंस्पेक्टर सतपाल देशवाल को सौंपी। इसके बाद टीम ने शिकायत के मुताबिक योजना बनाकर सोमवार को महिला एएसआई को माइनिंग की गाड़ियों से लिए गए साढ़े नौ हजार रुपये समेत गिरफ्तार कर लिया। स्टेट विजिलेंस के इंस्पेक्टर सतपाल देशवाल के मुताबिक जिले में अवैध माइनिंग से जुड़ी गतिविधियों पर समय-समय पर कार्रवाई की जाती है। मामले में जांच की जा रही है कि माइनिंग गाड़ियों से वसूली जा रही राशि में क्या अन्य कोई अधिकारी भी शामिल था।

नरवाना से अपहृत दो दोस्त टोहाना से छुड़वाए, 3 बदमाश दबोचे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद

नरवाना से अपहृत दो दोस्तों को रविवार रात सीआईए स्टाफ तथा शहर थाना नरवाना पुलिस ने टोहाना से सुरक्षित बरामद कर लिया। पुलिस ने तीन घंटे के अंदर तीन बदमाशों को काबू कर उनके कब्जे से छीनी गई गाड़ी को बरामद कर लिया है। कुछ आरोपित अंधेरे का फायदा उठा कर फरार हो गए। सीआईए स्टाफ नरवाना को सूचना मिली थी कि धर्मसिंह कॉलोनी निवासी अमित तथा उसके दोस्त बृजेश का अपहरण लिया है। बदमाश उनकी गाड़ी को भी अपने साथ ले गए हैं। इस पर पुलिस ने कार्रवाई कर हरपाल चौक टोहाना निवासी अरमान, गीता कॉलोनी टोहाना निवासी साहिल तथा जस्सा को पकड़ लिया और दोनों युवकों को बरामद कर लिया। पुलिस ने अमित की शिकायत पर अरमान, साहिल, जस्सा, करमा व संजीव को नामजद कर एक अन्य के खिलाफ मामला दर्ज कर पूछताछ शुरू कर दी है।

टोहाना की पशु डेयरी में ले जाकर की मारपीट

अमित ने बताया कि वह अपने दोस्त बृजेश के साथ बीती देर शाम रेलवे स्टेशन गए थे। उसी दौरान टोहाना निवासी अरमान की कॉल आई और बृजेश से उसकी गाली गलौज हो गई। इसके बाद जब वे एक ढुकान से सामान खरीद रहे थे तो अरमान तथा उसके साथी स्कॉर्पियो गाड़ी से पहुंचे और उनसे गाड़ी की चाबी छीन ली। जिसके बाद आरोपितों ने उन्हें जबरन अपनी गाड़ी में डाल लिया और टोहाना पशु डेयरी में ले गए। जहां पर आरोपितो ने उनके साथ मारपीट की।



एनकाउंटर में शूटर को पैर में मारी गोली

सोनीपत। तिहाड़ गांव के नजदीक सीआईए टीम और टिल्लू ताजपुरिया गैंग के शूटर के बीच मुठभेड़ हो गई। दोनों ओर से सात राउंड फायरिंग हुई, जिसमें एक गोली पुलिसकर्मी की बुलेटप्रूफ जैकेट में लगी। वहीं, पुलिस की जवाबी कार्रवाई में पैर में गोली लगने से शूटर घायल हो गया। उसे खानपुर मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया। पुलिस के मुताबिक, पकड़े गए शूटर का नाम रजनीश है, जो सोनीपत में किसी वारदात को अंजाम देने आया था। उसके खिलाफ हरियाणा और दिल्ली में लूट, अपहरण, चोरी तथा आर्म्स एक्ट के एक दर्जन से ज्यादा आपराधिक मामले दर्ज हैं।

ई-नीलामी सूचना
अग्नि प्रभावित मशीनों का लगभग 18,000 कि.ग्रा. स्टील स्क्रैप

इच्छुक खरीददारों को "प्रति कि.ग्रा." आधार पर "अग्नि प्रभावित मशीनों का लगभग 18,000 कि.ग्रा. स्टील स्क्रैप" के निपटान हेतु ई-नीलामी में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया जाता है। विषय मलबा "जैसा है जहां है", "जो भी है वहां है" और "शिकायत नहीं" आधार पर बेचा जाएगा और मै. ग्रोवर टैक्स प्रिंट्स प्राईवेट लिमिटेड से सम्बन्धित है। विषय सामग्रियों का निरीक्षण प्लॉट नं. 328, सेक्टर-29, पार्ट-II, पानीपत, हरियाणा-132103 में 27.10.2026 से 04.11.2026 के बीच पूर्वा. 10.00 बजे से अप. 5.00 बजे के बीच केवल कार्यदिवसों को किया जा सकता है। निरीक्षण हेतु कृपया श्री राकेश कुमार से 8340477354 पर सम्पर्क करें।

ई-नीलामी 05.11.2026 को आयोजित की जाएगी।

ई-नीलामी के नियम एवं शर्तें निहित प्रपत्र प्राप्त करने के लिए कृपया नितिन कुमार से 7011830975 पर सम्पर्क करें अथवा वेबसाइट : https://www.sealthedeal.co.in/ से डाउनलोड करें।

नीलामकर्ता : सील दि डील
जिसका पंजीकृत कार्यालय 5वां तल, ऑफिस नं. 2, किंग्स मॉल, रोहिणी सेक्टर-10 दिल्ली-110085 में है।

प्रपत्र और ईएमडी डिमांड ड्राफ्ट जमा करवाने की अन्तिम तिथि 04.11.2026 है।

400 किलो पुरानी बर्फी को पीसकर दोबारा बना रहे थे मिठाई, छापा मारकर नष्ट करवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा

त्योहारी सीजन में मिठाइयों को लेकर खाद्य सुरक्षा विभाग सख्ती के मूड में है। टीम ने नटार रोड स्थित ग्रेवाल बस्ती में छापामार कार्रवाई की। यहां एक भवन में करीब 400 किलो पुरानी बर्फी को पीसकर दोबारा मिठाई बनाने की तैयारी की जा रही थी। गंदगी के बीच चल रहे इस काम को तुरंत बंद करवाया गया। जांच में पता चला कि संचालकों के पास कोई लाइसेंस व रजिस्ट्रेशन नहीं था। विभागीय सूत्रों के अनुसार सूजी, स्किम्ड मिल्क पाउडर, चीनी, ग्लूकोज सिरप, वनस्पति घी और रिफाइंड तेल का भी इस्तेमाल किया जा रहा था। खाद्य सुरक्षा विभाग ने करीब 400 किलो संदिग्ध मिठाई को जब्त कर गड्ढा खुदवाकर नष्ट करवाया। सूत्र बता रहे हैं कि स्थानीय बस्तियों की दुकानों में यह मिठाई सप्लाई की जाती थी।



12 कट्टों में भरे 158 किलो अवैध पटाखे बरामद, एक गिरफ्तार

महेंद्रगढ़ (हरिभूमि न्यूज)। थाना शहर पुलिस टीम ने कार्रवाई कर महेंद्रगढ़ में एक खाली प्लाट में अवैध रूप से रखे गए पटाखों का जखीरा बरामद किया है। पुलिस ने मौके से विभिन्न प्रकार के पटाखों से भरे 12 प्लास्टिक कट्टे बरामद किए हैं, जिनका कुल वजन लगभग 158 किलोग्राम पाया गया। डीएसपी डॉ. कविता ने बताया कि पुलिस जांच में बरामद पटाखे राहुल के होने की बात सामने आई। इस संबंध में थाना शहर महेंद्रगढ़ में 25 अक्टूबर को संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया। सीआईए महेंद्रगढ़ की टीम ने आरोपित राहुल को पकड़ लिया।



कब्जा सूचना-(अचल सम्पत्ति हेतु) नियम 8(1)

चूंकि, प्रतिभूति हित अधिनियम, 2002 के प्रवर्तन और वित्तीय परिसम्पत्तियों के प्रत्याभूतिकरण और पुनर्निर्माण के तहत आईआईएफएल होम फाईनैंस लिमिटेड (पूर्व में इंडिया इंफोलाइन हाउसिंग फाइनैंस लि. के रूप में जानी जाती) (आईआईएफएल एचएफएल) का प्राधिकृत अधिकारी होने के नाते और प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमों, 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13 (12) के तहत प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुये अधोहस्ताक्षरी ने कापनी के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा यहां नीचे वर्णित कर्जदार / सह-कर्जदारों की राशि का पुनर्भुगतान करने के लिए एक डिमांड नोटिस जारी किया गया था, कर्जदार को और आम जन को सामान्यतः एतद द्वारा सूचना दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरी ने उक्त नियमों की धारा 13 (4) के तहत उनको प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुये यहां नीचे वर्णित सम्पत्ति का कब्जा ले लिया है। कर्जदार को विशेषतः और आमजन को सामान्यतः एतद द्वारा सम्पत्ति के साथ डील नहीं करने की चेतावनी दी जाती है और सम्पत्ति के साथ कोई भी डीलिंग उस पर ब्याज सहित यहां नीचे वर्णितानुसार राशि के लिये आईआईएफएल एचएफएल की वसूली के अधीन होगी। "कर्जदार का ध्यान अधिनियम की धारा 13 की उप-धारा (8) के प्रावधानों की तरफ आमंत्रित किया जाता है, यदि कर्जदार बिक्री अथवा हस्तांतरण के लिये निर्धारित तिथि से पूर्व किसी भी समय सभी लागतों, हुये परिव्ययों और व्यय सहित "आईआईएफएल एचएफएल" को देय भुगतान कर देता है, प्रत्याभूत परिसम्पत्तियों को "आईआईएफएल एचएफएल" द्वारा बेचा अथवा हस्तांतरित नहीं किया जाएगा और प्रत्याभूत परिसम्पत्तियों के हस्तांतरण अथवा बिक्री हेतु "आईआईएफएल एचएफएल" द्वारा आगे कोई कदम नहीं उठाया जाएगा।"

कर्जदार(रों)/ सह-कर्जदार(रों) का नाम	प्रत्याभूत परिसम्पत्ति (अचल सम्पत्ति) का वर्णन	कुल बकाया देय (रु.)	डिमांड नोटिस की तिथि	कब्जे की तिथि
श्री मताब सिंह श्री गुरबक्श सिंह श्रीमती बलविन्दर कौर संधू मिल्क डेयरी संधू पोल्ट्री फार्म (प्रोस्पैक्ट नं. IL10601960)	नगरपालिका असंथ, तहसील असंथ व जिला करनाल-132039 के अंदर वार्ड नं. 8, दरवाजा कॉलोनी में स्थित खेवट नं. 234, किता 10 (प्रोपर्टी आईडी नं. 6A4WW3A3) में निहित सभी भाग व हिस्से। क्षेत्रफल माप (वर्गफुट में) : सम्पत्ति प्रकार : Area_Adm. सम्पत्ति क्षेत्रफल : 1225	रु. 924768/- (रुपये नौ लाख चौबीस हजार सात सौ अड़सठ केवल)	09-06-2026	23-10-2026

अधिक विवरण हेतु कृपया प्राधिकृत अधिकारी से शाखा कार्यालय : एससीओ-41पी, प्रथम तल, सेक्टर-7, मेन मार्केट, करनाल-132001 अथवा कॉर्पोरेट कार्यालय : प्लॉट नं. 98, फेज-IV, उद्योग विहार, गुड़गांव, हरियाणा में सम्पर्क करें।
स्थान : हरियाणा, दिनांक : 27.10.2026 हस्ता/- प्राधिकृत अधिकारी, कृते आईआईएफएल होम फाइनैंस लि.

हरिभूमि क्लासीफाइड विज्ञापन

ज्योतिष

दुआ भी तकदीर बदल देती है तांत्रिक मास्टर किंग का एलान भटको चाहे जिधर काम होगा इधर 2 घंटे में समाधान



प्रेम विवाह, सौतन-दुश्मन से छुटकारा, पति-पत्नी में अनबन, प्यार में धोखा, रूठे को मनाना, नौकरी, कारोबार में बाधा आदि।
स्पेशलिस्ट वशीकरण, मूठकरनी
मियां मलिक जी
9711428545
सारे इल्मों के माहिर

सूचना

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्प्ले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

राशिफल

मेष कुटुम्ब-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। मानसिक शान्ति रहेगी। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। कारोबार की स्थिति सन्तोषजनक रहेगी।

वृष कार्यक्षेत्र में कठिनाइयों का सामना करना पड़ सकता है। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। माता के स्वास्थ्य में सुधार होगा। धन आगमन की स्थितियां बनी रहेंगी।

मिथुन आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। अति उत्साही होने से बचें। सुस्वादु खानपान में रुचि बढ़ेगी, लेकिन स्वास्थ्य के प्रति सतर्क रहें। वाणी के प्रभाव में वृद्धि होगी।

कर्क अनियोजित खर्चों में वृद्धि होगी। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी।

सिंह कार्यक्षेत्र में परिश्रम अधिक रहेगा। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद की स्थिति बन सकती है। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिल सकता है।

कन्या कुटुम्ब-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। आय की स्थिति में सुधार होगा। संयत रहें। क्रोध के क्रोध से परेशान रहेंगे। भागदौड़ अधिक रहेगी।

तुला दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। स्वास्थ्य के प्रति सतर्क रहें। वस्त्रों के प्रति रुझान बढ़ेगा। आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। नौकरी में तरक्की मिल सकती है।

वृश्चिक आय में वृद्धि होगी। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। मन में नकारात्मकता के प्रभाव से बचें। संतान की ओर से सुखद समाचार मिल सकते हैं।

धनु कारोबार पर ध्यान दें। कठिनाइयां आ सकती हैं। भागदौड़ अधिक रहेगी। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है। पठन-पाठन में रुचि रहेगी।

मकर वाणी में सौम्यता रहेगी। नकारात्मक विचारों के प्रभाव से बचें। कारोबार में वृद्धि होगी। लाभ के अवसर मिलेंगे। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।

कुंभ स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। नौकरी में अफसरों से मतभेद हो सकते हैं। मन प्रसन्न रहेगा। संयत रहें। बातचीत में सन्तुलित रहें। कारोबार में सुधार होगा।

मीन शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश यात्रा पर जाना हो सकता है। मानसिक शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। कारोबार की स्थिति में सुधार होगा।

अंबाला निवासी के खाते में आए ठगी के साढ़े 15 लाख, किराए पर दिया था अकाउंट

80 वर्षीय बुजुर्ग महिला को 24 घंटे डिजिटल अरेस्ट कर 23 लाख रुपये ठगे, एक गिरफ्तार

■ दूरसंचार कंपनी का कर्मचारी बनकर महिला का आधार कार्ड एक बदमाश के पास मिलने की बात कही, जेल का डर दिखाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ करनाल

साइबर ठगों ने डिजिटल अरेस्ट कर सेक्टर-14 निवासी 80 वर्षीय बुजुर्ग महिला से करीब 23 लाख रुपये ठग लिए। आरोप है कि ठगों ने महिला को पुलिस और अदालत की कार्रवाई में फंसने का भय दिखाकर करीब 24 घंटे तक मानसिक दबाव में रखा। इस दौरान उनसे अलग-अलग बैंक खातों में रकम ट्रांसफर करवाई गई। शिकायत मिलने के बाद साइबर क्राइम पुलिस ने जांच शुरू की और एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। साइबर क्राइम थाना के एएसआई सुरेंद्र सिंह के अनुसार, महिला के बेटे विदेश में रहते हैं। महिला के पास एक फोन आया, जिसमें कॉल करने वाले ने खुद को दूरसंचार कंपनी का कर्मचारी बताया और मोबाइल नंबर बंद होने की बात कही। इसके बाद महिला को बताया गया कि एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है और उसके पास महिला का आधार कार्ड मिला है। ठगों ने पुलिस और अदालत की कार्रवाई का डर दिखाया और रुपये ट्रांसफर करवा लिए। पुलिस के अनुसार, जांच के दौरान सामने आया कि ठगी की रकम में से करीब साढ़े 15 लाख रुपये एक बैंक खाते में ट्रांसफर हुए थे। यह खाता अंबाला जिले के एक गांव में रहने वाले व्यक्ति से जुड़ा मिला। पुलिस के मुताबिक, खाते का इस्तेमाल करने के बदले कमीशन दिए जाने की बात भी जांच में सामने आई है। पुलिस ने बैंक खाते की जानकारी के आधार पर एक आरोपी को गिरफ्तार किया।

उत्तर रेलवे
ई-निविदा सूचना


क्र. सं.	निविदा संख्या	कार्य का विवरण	अनुमानित लागत रूपये	धरोहर राशि रूपये	कार्य पूरा करने की अवधि
1	OT-34/2026-27	रिहेबिलिटेशन ऑफ आईपीआईएस सिस्टम एट बठिंडा, सहारनपुर एंड यमुनानगर जगाधरी स्टेशन्स अलॉन्ग विद एएमसी फॉर 07 इयर्स ओवर अंबाला डिवीजन।	Rs. 117815295.88/-	Rs. 2356300/-	270 दिन
2	OT-35/2026-27	1. प्रोविजन ऑफ ई०सी० सॉकेट ऑन 6 क्वाड केबल इन सरहिन्द–ऊना हिमाचल, अंबाला डिवीजन. 2. टेलीकॉम वर्क इन कनेक्शन विद कन्स्ट्रक्शन ऑफ 6मी X5मी साइज लिमिटेड हाइट सबवे इन लिउ ऑफ लेवल क्रॉसिंग 5, बिटवीन खरर एण्ड जंक्शन कैबिन स्टेशन ऑफ सी०डी० जी० एम०आर०एन० डी० सेक्शन टू इलिमनैट लेवल क्रॉसिंग इन द सेक्शन ऑफ एस०एस०ई०/डब्ल्यू/सी०डी० जी० अंडर सीनियर ए०डी०ई०एन०/सी०डी० जी०. 3. टेलिकॉम वर्क इन कनेक्शन विद कन्स्ट्रक्शन ऑफ 6मीX5मी. साइज एल०एच० एस० इन लिउ ऑफ लेवल क्रॉसिंग 6 बिटवीन खरर एण्ड जंक्शन कैबिन स्टेशन, ऑफ सी०डी० जी०एम०आर०एन० डी०सेक्शन ऑफ एस०एस० ई०/डब्ल्यू/सी०डी०जी० अंडर सीनियर ए०डी०ई०एन०/सी०डी०जी० 4. टेलिकॉम वर्क इन कनेक्शन विद कन्स्ट्रक्शन ऑफ 6मीX5मी. साइज एल०एच० एस०इन लिउ ऑफ लेवलं क्रॉसिंग 7, बिटवीन खरर एण्ड जंक्शन कैबिन स्टेशन ऑफ सी०डी०जी०–एम०आर०एन०डी० सेक्शन ऑफ एस० एस०ई०/डब्ल्यू/सी०डी०जी० अंडर सीनियर ए०डी०ई०एन/सी०डी०जी० 5. टेलीकॉम वर्क इन कनेक्शन विद इम्प्लमेंट/अपग्रेडेशन एट डी०टी०टी०एस०/के०एल०के० एट के०एल०के०. 6. टेलीकॉम वर्क इन कनेक्शन विद इम्प्लमेंट/अपग्रेडेशन ऑफ सेफ्टी कैम्प डी०एम०पी,	Rs. 6350180.94/-	Rs. 127000/-	180 दिन
3	OT-36/2026-27	प्रोविजन ऑफ क्लॉक्स एट एन.एस.जी.–3. एन.एस.जी.–4, एन.एस.जी.–5 & एन.एस.जी.–6 कैटेगरी स्टेशन्स ओवर अंबाला डिवीजन।	Rs. 8591446.13/-	Rs. 171800/-	270 दिन

निविदा खुलने की तिथि समय 20.11.2026 at 15.00 hrs

नोट:– वरि० मंडल सिग० एवं टेली० इंजी० उ०रे०, डी०आर०एम० ऑफिस, रेल विहार, अम्बाला छावनी के द्वारा इच्छुक निविदाकारो से उपरोक्त संदर्भित कार्यों हेतु खुली निविदा दर्शायी गयी तिथि अनुसार 15:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। निविदाकारो के द्वारा सभी आवश्यक दस्तावेज, की स्कैन प्रतिलिपि अपलोड करे। 1. टैन्डर डाकूमेंटस व निविदा सूचना की विस्तृत जानकारी के लिए रेलवे बेबसाईट www.ireps.gov.in पर लाग ऑन करें। 2. निविदाकारो को ई–टेण्डरिंग मे भाग लेने के लिए उनके पास क्लास-III डिजीटल सिगनेचर सर्टिफिकेट होना चाहिए तथा उन्हे उपरोक्त साइट पर रजिस्टर्ड होना आवश्यक है। निविदाकारो से निवेदन है कि टैन्डर नोटिस और टेन्डर डाकूमेन्टस में दी गई हिदायतों/शर्तो इत्यादि को टैन्डर डालने से पहले भली भांति पढ़ ले। संख्या: एस. डब्लू/सिग/अंबाला/एन०आई०टी–11/2026– 27 दिनाक: 26.10.2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 3717/26

शब्द पहेली - 6390




बाएँ से दाए-
1. दयालु,उदार-5
4. गगन,आकाश-4
7. सरिता-2
8. चोगा,गाऊन-3
9. छुट्टी,अवकाश-2
10. आबे हयात,काबा कूप-4
11. रिहा-2
13. खाना,भोजन करना-3
14. जिद-2
15. हिम्मत,बल-3
17. कारागार-2
19. रइसे आजम,सूरी-5
22. दुत्कारना,डांटना-5
25. सराबोर-2
26. भोर,सवेरा-3
28. मूल्य,कीमत-2
29. महीन,बहुत छोटा-3
30. फूंक,दम,सुट्टा -2
32. झंकार,प्रतिध्वनि-4
34. उष्णता,ज्वर-2
36. ओट,चिलमन-3
37. छोटा टुकड़ा-2
38. सराबोर,सना हुआ-4
39. निर्माता,रचना करने वाला-5

ऊपर से नीचे
1. कैदी,बंधक-2
2. मुलायम-3
3. यात्री पोत,तैरता होटल-5
4. उर्दू में अभिवादन-3
5. पिटाई,चोट-2
6. नाजुकता-4
7. नया जीवन-5
10. मर्यादा-4
12. खाली,रिक्त-2
16. लाईन,पंक्ति-3
17. गर्मी का महीना-2
18. उदर-2
20. दीनहीन,दरिद्र-3
21. लश्कर,फौज-2
22. नष्ट,अद्वैतभाव-2
23. व्यवसाय,धंधा-4
24. नाम रखना -2,3
25. होशियार-5
26. सुर आलाप-2,2
27. अधिकार-2
31. प्रतिज्ञा-3
33. आकांक्षा,अभिलाषा-3
35. राह,मार्ग-2
37. टैक्स,हाथ-2

शब्द पहेली - 6389 का हल

	खा	दि	म			र	ह	ना
दा	द		हा	ति	म	ता	ई		क	प
न			न	ल		र	स			ना
व	च	न		स्म	र	ण		व	रा	ह
	क	ल	म		ण		नी	र	ज	
	ना		री	स		जा	ल		कु	
	चू	स	ना		प		म	हि	मा	
च	र	खा		ग	रि	मा		ना	र	द
र			त	म		य	म			ली
म	स्त		स	ला	ह	का	र		क	ल
	र	सी	ला				जी	तें	द्र	



खबर संक्षेप

जम्मू-कश्मीर में आज होगा मंत्रिपरिषद विस्तार

श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर में मंगलवार को मंत्रिपरिषद का विस्तार होगा। सत्तारूढ़ नेशनल कॉन्फ्रेंस के पदाधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। पार्टी प्रवक्ता तनवीर सादिक ने संवाददाताओं से कहा कि नए मंत्रियों का शपथग्रहण समारोह मंगलवार सुबह साढ़े दस बजे होगा।" सादिक ने कहा कि मंत्रिपरिषद में शामिल किए जाने वाले नए चेहरों के बारे में पार्टी आलाकमान फैसला करेगा।

पैराग्लाइडिंग के दौरान विदेशी नागरिक की मौत

धर्मशाला। हिमाचल प्रदेश के धर्मशाला में खनियारा स्थित 'राइजिंग स्टार पीक' के पास पैराग्लाइडिंग के दौरान दुर्घटना में 47 वर्षीय बुल्गारियाई नागरिक की मौत हो गई, जबकि ब्रिटेन का एक व्यक्ति घायल हो गया। दोनों विदेशी नागरिकों ने रविवार को बीड़-बिलिंग पैराग्लाइडिंग स्थल से अलग-अलग उड़ान भरी थी और उड़ान के दौरान उन्हें खराब मौसम का सामना करना पड़ा।

सेना दिवस परेड 2027 भोपाल में होगी

नई दिल्ली। अगली सेना दिवस परेड मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल में आयोजित की जाएगी और इस दौरान भारतीय सेना अपनी समृद्ध सैन्य विरासत और अभियान संबंधी क्षमताओं का प्रदर्शन करेगी। स्वतंत्र भारत के पहले कमांडर-इन-चीफ जनरल (बाद में फील्ड मार्शल) के एम करियप्पा की उपलब्धियों के सम्मान में हर साल 15 जनवरी को सेना दिवस मनाया जाता है। सेना ने 'एक्स' पर पोस्ट में कहाकि सेना दिवस परेड के भव्य आयोजन के लिए भोपाल तैयार है।

दादी की बाली बचाने के लिए किशोरी झपटमारों से भिड़ी

फगवाड़ा। पंजाब के फगवाड़ा जिले के बाबा गढिया, खलवारागेट इलाके में सोमवार को अपनी दादी की कान की बाली बचाने के लिए एक किशोरी ने न केवल स्कूटर सवार दो झपटमारों का पीछा किया, बल्कि उनसे भीड़ भी गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि वारदात उस समय हुई जब बुजुर्ग महिला मंदिर से लौट रही थी। बुजुर्ग महिला ने बाद में संवाददाताओं और पुलिस को बताया कि उनकी पोती ने झपटमारों का पीछा किया और स्कूटर पर पीछे बैठे व्यक्ति से हाथापाई भी की, लेकिन वह उन्हें पकड़ नहीं सकी।

पंजाब से आगे निकला हरियाणा : छह दशक में कैसे बदल गई आर्थिक तस्वीर?

कृषि प्रधान राज्य से औद्योगिक ताकत बनने तक हरियाणा का सफर

पंजाब के सामने आर्थिक विविधीकरण और रोजगार की चुनौती

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चंडीगढ़

नवंबर 1966 में जब हरियाणा एक अलग राज्य के रूप में अस्तित्व में आया, तब उसके सामने कई चुनौतियां थीं। अपनी राजधानी नहीं थी, औद्योगिक आधार बेहद सीमित था और चंडीगढ़ के बंटवारे को लेकर पंजाब के साथ विवाद भी शुरू हो चुका था। दूसरी ओर, पंजाब हरित क्रांति की संभावनाओं, बेहतर सिंचाई व्यवस्था और कृषि उत्पादन के दम पर देश के सबसे समृद्ध राज्यों में गिना जाता था। लेकिन छह दशक से भी कम समय में दोनों राज्यों की आर्थिक तस्वीर इस कदर बदल गई कि कभी पंजाब से पीछे रहने वाला हरियाणा प्रति व्यक्ति आय के मामले में उससे काफी आगे निकल गया। यह बदलाव केवल दो राज्यों की आर्थिक प्रतिस्पर्धा की कहानी नहीं है, बल्कि विकास की प्राथमिकताओं, औद्योगिक नीतियों, सरकारी संस्थाओं और बदलती आर्थिक परिस्थितियों से जुड़े फैसलों का परिणाम भी है। हरियाणा ने जहां कृषि से आगे बढ़कर उद्योग और सेवा क्षेत्र में अपनी जगह बनाई, वहीं पंजाब को कृषि क्षेत्र की सफलता को व्यापक आर्थिक विकास में बदलने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ा।

हरियाणा ने उद्योग और सेवा क्षेत्र पर दिया जोर

हरियाणा की आर्थिक प्रगति में गुरुग्राम की भूमिका महत्वपूर्ण रही है। 1980 के दशक में मारुति उद्योग की स्थापना ने राज्य में वाहन निर्माण और ऑटोमोबाइल कलपुर्जा उद्योग के विकास की मजबूत नींव रखी। इसके बाद गुरुग्राम, मानेसर और बावल का औद्योगिक क्षेत्र तेजी से विकसित हुआ। वाहन उद्योग के साथ सहायक इकाइयों, लॉजिस्टिक्स, आईटी, वित्तीय सेवाओं और कॉरपोरेट गतिविधियों का विस्तार हुआ। दिल्ली-एनसीआर से जुड़ाव ने जमीन, परिवहन, बाजार और कुशल श्रम तक पहुंच आसान बनाई। समय के साथ हरियाणा ने इस भौगोलिक लाभ को निवेश आकर्षित करने के अवसर में बदला। इसका असर राज्य की अर्थव्यवस्था की संरचना में दिखाई देता है। हरियाणा में उद्योग और सेवा क्षेत्र आर्थिक उत्पादन के प्रमुख आधार बन गए हैं, जबकि कृषि का हिस्सा अपेक्षाकृत कम हुआ है। इसका अर्थ यह नहीं कि कृषि का महत्व समाप्त हो गया, बल्कि राज्य की आर्थिक गतिविधियों के स्रोत अधिक विविध हो गए। हरियाणा की इस यात्रा का एक महत्वपूर्ण सबक यह है कि निवेशकों के लिए स्थिर नीतियां, बेहतर बुनियादी ढांचा और समयबद्ध प्रशासनिक प्रक्रियाएं दीर्घकालीन विकास में अहम भूमिका निभाते हैं।

कर्ज, पर्यावरण और युवाओं का पलायन

पंजाब की आर्थिक चुनौतियों का एक बड़ा पहलू राज्य की वित्तीय स्थिति है। सब्सिडी और अन्य खर्चों का दबाव विकास के लिए उपलब्ध संसाधनों को सीमित कर सकता है। राज्य के कर्ज और सकल राज्य घरेलू उत्पाद के अनुपात को लेकर भी चिंता जताई जाती रही है। धान की अधिक खेती और ट्यूबवेल से सिंचाई ने भूजल पर दबाव बढ़ाया है। बेहतर शिक्षा, रोजगार और जीवन स्तर की तलाश में पंजाब से बड़ी संख्या में युवा विदेशों का रुख करते हैं। स्थानीय अर्थव्यवस्था में गुणवत्तापूर्ण रोजगार पैदा करना राज्य की प्रमुख प्राथमिकताओं में होना चाहिए। हरियाणा के अनुभव से पंजाब को यह सीख मिल सकती है कि किसी एक क्षेत्र में मिली सफलता पर लंबे समय तक निर्भर रहना पर्याप्त नहीं है। वहीं, हरियाणा के लिए भी यह जरूरी है कि औद्योगिक विस्तार के साथ रोजगार की गुणवत्ता, क्षेत्रीय असमानता, पर्यावरण और शहरी बुनियादी ढांचे की चुनौतियों पर ध्यान दिया जाए। पंजाब और हरियाणा की आर्थिक यात्रा बताती है कि विकास केवल प्राकृतिक संसाधनों या भौगोलिक स्थिति से तय नहीं होता। अवसरों को पहचानना, उद्योगों का विस्तार करना, संस्थागत स्थिरता बनाए रखना और बदलती परिस्थितियों के अनुसार नीतियों में सुधार करना भी उतना ही महत्वपूर्ण है। छह दशक पहले पंजाब आर्थिक समृद्धि का राष्ट्रीय उदाहरण था। आज हरियाणा की प्रगति एक नई मिसाल पेश करती है। दोनों राज्यों के लिए असली चुनौती अब इस विकास को अधिक समावेशी, टिकाऊ और रोजगारपरक बनाना है।

प्रति व्यक्ति आय में बड़ा अंतर

1960-61 में अविभाजित पंजाब की प्रति व्यक्ति आय राष्ट्रीय औसत के लगभग 120 प्रतिशत के बराबर थी। उस समय हरियाणा अलग राज्य नहीं था। दशकों में पंजाब ने हरित क्रांति से गेहूं-धान के उत्पादन में सफलता हासिल की। देश की खाद्य सुरक्षा में भूमिका निर्णायक बनी और किसानों की आय तथा ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती मिली। हालांकि, समय के साथ आर्थिक विकास की गति और संरचना में अंतर दिखाई देने लगा। हरियाणा की प्रति व्यक्ति आय अब राष्ट्रीय औसत के लगभग 177 प्रतिशत तक पहुंच चुकी है, जबकि पंजाब की स्थिति राष्ट्रीय औसत से कुछ ही ऊपर रह गई है। आंकड़ों की तुलना करते समय संबंधित वर्ष और आय मापने की पद्धति का ध्यान रखना जरूरी है, व्यापक रुझान दोनों राज्यों के बीच बदलते आर्थिक अंतर को स्पष्ट करता है। इस बदलाव के पीछे केवल दिल्ली से निकटता को जिम्मेदार नहीं ठहराया जा सकता। राष्ट्रीय राजधानी के आसपास होने से हरियाणा को निश्चित रूप से लाभ मिला।

मोदी के खिलाफ खरगे की टिप्पणी के विरोध में आक्रोश

दिल्ली-पटना से बेंगलुरु तक भाजपा का प्रदर्शन

'बाप' वाले बयान पर खरगे से माफी की मांग

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली/पटना

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे द्वारा प्रधानमंत्री मोदी पर की गई टिप्पणी के विरोध में बीजेपी ने सोमवार को सभी राज्यों में पार्टी मुख्यालयों पर जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। बीजेपी ने खरगे के बयान को अशोभनीय और अपमानजनक बताते हुए उनके तत्काल इस्तीफे की मांग की है। यह विवाद रविवार को पटना में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान शुरू हुआ, जब भीड़ में से किसी ने कहा कि मोदी कहीं नहीं जाएंगे। इस पर पलटवार करते हुए खरगे ने मंच से कहा कि मोदी का बाप भी जाएगा। इस बयान का वीडियो सामने आते ही दोनों दलों के बीच सियासी घमासान तेज हो गया। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ दिए गए एक विवादित बयान के विरोध में भाजपा के कार्यकर्ताओं ने देश के विभिन्न राज्यों और महानगरों में सड़कों पर उतरकर व्यापक प्रदर्शन कर खरगे का पुतला भी फूंका।



कई राज्यों में खरगे का जलाया पुतला

मल्लिकार्जुन खरगे द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ दिए गए एक विवादित बयान के विरोध में दिल्ली, मुंबई, रांची, कोलकाता और लखनऊ समेत देश के कई अन्य प्रमुख शहरों में बीजेपी कार्यकर्ताओं ने समन्वित तरीके से प्रदर्शन कर कांग्रेस पार्टी और उनके अध्यक्ष के खिलाफ विरोध दर्ज कराया। विरोध मार्च निकाला और कांग्रेस अध्यक्ष खरगे का पुतला फूंका।

सबसे पुरानी पार्टी के अध्यक्ष का बयान स्तब्ध करने वाला: सिंह

नई दिल्ली। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने खरगे के बयान की कड़े शब्दों में निंदा करते हुए कहा कि वे प्रधानमंत्री के दिवंगत पिता को लेकर की गई टिप्पणी से स्तब्ध और आहत हैं। उन्होंने कहा कि यह बेहद दुखद है... सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि यह टिप्पणी किसी साधारण कार्यकर्ता या युवा नेता ने नहीं, बल्कि खुद को देश की सबसे पुरानी पार्टी बताने वाली कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने की है। रक्षा मंत्री ने आगे कहा कि गलती मानने और खेद जताने के बजाय कांग्रेस नेता इस बयान का बचाव करने और इसे सही ठहराने में लगे हैं, जिससे लोगों की भावनाएं और ज्यादा आहत हो रही हैं।



प्रियांक ने प्रधानमंत्री मोदी पर पिता की टिप्पणी का किया बचाव

बेंगलुरु (भाषा)। कर्नाटक के गृह मंत्री प्रियांक खरगे ने अपने पिता और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे की पीएम मोदी के खिलाफ की गई टिप्पणी का बचाव किया और आरोप लगाया कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) इस टिप्पणी को मुद्दा बना रही है, जबकि अपने ही नेताओं के बयानों को नजरअंदाज कर रही है। मल्लिकार्जुन खरगे ने रविवार को बिहार के प्रथम मुख्यमंत्री श्रीकृष्ण सिंह की जयंती के अवसर पर पटना में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान यह टिप्पणी की। कार्यक्रम में दर्शकों में शामिल एक व्यक्ति ने कहा कि प्रधानमंत्री कहीं नहीं जाएंगे। इसके जवाब में खरगे ने कथित तौर पर कहा, "मोदी का बाप भी जाएगा, बाप भी जाएगा।"



विजयन और परिजन पर प्राथमिकी दर्ज करने के आदेश पर कोर्ट की रोक

कोच्चि (भाषा)। केरल उच्च न्यायालय ने कथित सीएमआरएल रिश्वत मामले में पूर्व मुख्यमंत्री पिनराई विजयन और उनके परिजन के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने के एकल न्यायाधीश के आदेश पर सोमवार को रोक लगा दी। न्यायमूर्ति के. नटराजन और न्यायमूर्ति जॉनसन जॉन की पीठ ने एकल न्यायाधीश के आदेश के खिलाफ विजयन और अन्य लोगों की ओर से दायर अपीलों पर सुनवाई करते हुए, सतर्कता एवं भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (वीएसीबी) द्वारा दर्ज प्राथमिकी और मामले में विस्तृत जांच पर भी अगले आदेश तक रोक लगा दी।

दीपके का करियर खत्म, मैं नेहा बोरा की इज्जत करता हूं: पूर्व जज काटजू

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

- मार्कंडेय ने पीस बॉन्ड साइन करने को लेकर साधा निशाना
- हाल ही में जेल से रिहा हुए सौरभ और आशुतोष रांका



सुप्रीम कोर्ट के पूर्व जज और सोशल मीडिया पर लगातार सुर्खियों में रहने वाले मार्कंडेय काटजू ने कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) के अभिजीत दीपके समेत चार नेताओं के पीस बॉन्ड साइन करने को लेकर उन पर निशाना साधा है और दावा किया है कि इससे उनका करियर खत्म हो गया। काटजू ने आइसा की छात्रनेता नेहा बोरा की पीस बॉन्ड साइन न करने के लिए तारीफ की और कहा है कि वह उनकी इज्जत करते हैं। मार्कंडेय काटजू ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, सीजेपी के चार टॉप लीडर, अभिजीत दीपके, सौरभ दास, आशुतोष रांका और अजिंक्य शिंदे सभी ने पीस बॉन्ड पर साइन किए हैं, जिसका मतलब है कि वे किसी भी पब्लिक प्रदर्शन में शामिल नहीं हो सकते, नहीं तो पुलिस कहेगी कि उन्होंने शांति भंग करके अपने बॉन्ड तोड़े हैं और उन्हें गिरफ्तार कर लेगी।

हमलावर काले रंग की स्कॉर्पियो में आए थे

मोगा में 4 लोगों पर की थी अंधाधुंध फायरिंग

पंजाब में घर के बाहर 2 की गोली मारकर हत्या

एजेंसी ▶▶ मोगा(पंजाब)

मोगा में घर के बाहर बैठे 4 लोगों पर अंधाधुंध फायरिंग कर दी गई। इसमें 2 की मौत हो गई, जबकि 2 घायल हो गए। हमलावर काले रंग की स्कॉर्पियो में आए थे। पुलिस ने 5 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। सोमवार सुबह डीजीपी गौरव यादव घटनास्थल पर पहुंचे। उन्होंने पीड़ित परिवारों से बात की। उन्होंने बताया कि पुरानी रंजिश में इस वारदात को अंजाम दिया गया है। डीजीपी ने कहा कि मौके से 6 खाली खोल मिले हैं। अंगदपुरा मोहल्ले के रहने वाले साहिल जिंदल उर्फ लंबी (32) साथियों गगन, राघव और गोरा के साथ रविवार शाम लगभग 7:15 बजे घर के बाहर बैठे थे। इस दौरान स्कॉर्पियो आकर रुकी, जिसमें सवार युवकों के पास हथियार थे। उन्होंने पहले पता पूछा और फिर ताबड़तोड़ गोलियां चलाईं। गोलियां लगते ही चारों युवक लहूलुहान होकर गिर गए और हमलावर फरार हो गए। घायलों को मेडिसिटी सुपर स्पेशलिटी अस्पताल पहुंचाया गया। डॉक्टरों ने जांच के बाद गगन (44) को मृत घोषित कर दिया। देर रात साहिल जिंदल ने लुधियाना के डीएमसी में दम तोड़ दिया।



- पुलिस बोली-पुरानी रंजिश थी, पांच को किया गिरफ्तार

मर्सिडीज हादसा: नाबालिग से जुड़े मामले में आरोपी बनाए गए न्यायाधीश

कोच्चि। केरलम में अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश के 17 वर्षीय बेटे द्वारा चलाई जा रही मर्सिडीज-बेंज कार की टक्कर से एक स्कूटर सवार की मौत के मामले में न्यायाधीश को आरोपी बनाया गया है। पुलिस ने बताया कि मामले की संवेदनशील प्रकृति को देखते हुए सोमवार को इसकी जांच जिला अपराध शाखा को सौंप दी गई। पुलिस ने बताया कि त्रिशूर जिले के इरिंजालकुडा की एक अदालत के न्यायाधीश को मोटर वाहन अधिनियम की धारा 199ए के तहत आरोपी बनाया गया है। इस धारा के तहत नाबालिग द्वारा अधिनियम के तहत अपराध किए जाने पर उसके अभिभावक या वाहन के पंजीकृत मालिक को जिम्मेदार ठहराया जाता है। केरल उच्च न्यायालय ने पुलिस को न्यायाधीश को मामले में आरोपी बनाने की अनुमति दे दी। यह घटना रविवार तड़के हुई, जब चित्तूर निवासी जयबालकृष्णन (55) को मराप्परंबु में तेज रफ्तार मर्सिडीज-बेंज कार ने टक्कर मार दी।

नाबालिग को दी गई जमानत रद्द कराने के लिए भी कदम उठाए गए

दिल्ली के प्रताप विहार में बाइक खड़ी करने को लेकर हुए विवाद में युवक की हत्या

नई दिल्ली (भाषा)। उत्तर पश्चिम दिल्ली के प्रताप विहार इलाके में एक घर के निकट मोटरसाइकिल खड़ी करने को लेकर हुए विवाद के बाद एक युवक की कथित तौर पर चाकू मारकर हत्या कर दी गई। पुलिस सूत्रों ने सोमवार को यह जानकारी दी। परिवार के अनुसार, यह घटना रविवार देर रात अमन विहार थाना क्षेत्र में हुई, जब पीड़ित काम से घर लौटा था और एक दोस्त से बात करने के लिए अपनी मोटरसाइकिल एक गली में रोकी थी। सूत्रों ने बताया कि चार से पांच युवकों ने वहां मोटरसाइकिल खड़ी करने पर आपत्ति जताई और पीड़ित से झगड़ा करने लगे। उनसे कहा कि वह कुछ देर में बाइक हटा लेगा बावजूद इसके बहस हाथापाई में बदल गई। पुलिस ने बताया कि झड़प के दौरान, कुछ युवक पीड़ित के दोस्त को कथित तौर पर दूर ले गए और बाद जैसे ही उन दोनों ने भागने की कोशिश की, हमलावरों में से एक ने कथित तौर पर चाकू निकाला और पीड़ित के सीने में घोंप दिया। उन्हें रात 9.30 बजे बेटे के दोस्त ने घटना की जानकारी दी।

हमलावरों में से एक ने चाकू निकाला और पीड़ित के सीने में घोंप दिया

अंकिता भंडारी हत्याकांड अभिनेत्री उर्मिला सनावर पर देहरादून में एक और केस

देहरादून। अंकिता भंडारी हत्याकांड की केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) जांच के सिलसिले में सोमवार को देहरादून की अदालत में पेश होने वाली टेलीविजन अभिनेत्री उर्मिला सनावर को एक दिन पहले गिरफ्तार किया गया था। अब उसके खिलाफ देहरादून में एक और मामला दर्ज किया गया है। सीबीआई जांच के तहत नार्को-विश्लेषण परीक्षण कराने के लिए शुक्रवार को सहमति देने के बाद सनावर को सोमवार को अदालत में पेश होना था। सनावर के खिलाफ यह मामला देहरादून निवासी सागर की ओर से रविवार शाम पुलिस में दर्ज कराई गई शिकायत के आधार पर दर्ज किया गया है। सनावर ने सोशल और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया पर 'भ्रामक, अनर्गल, मानहानिकारक एवं अशोभनीय वीडियो प्रसारित किए, जिनका मकसद चरित्र हनन करना और सार्वजनिक शांति भंग करना था।" शिकायत के अनुसार, विभिन्न सोशल मीडिया मंचों और डिजिटल चैनलों पर एक वीडियो प्रसारित किया जा रहा है।

पूर्व विधायक सुरेश राठौर की बेटी दीपिका राठौर की शिकायत पर की गई कार्रवाई

हर वर्ष चर्चा में रहने वाले कारोबारी एमके भाटिया की पहल

चंडीगढ़ में दीपावली पर फार्मा कारोबारी ने गिफ्ट में बांटीं कारें

गिफ्ट के लिए बेहतर प्रदर्शन करने वाले चार कर्मियों को चुना और एक कार ड्रॉ से दी जाएगी

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ चंडीगढ़

देश के अलग-अलग राज्यों में दीपावली बोनस गिफ्ट को लेकर कई व्यापारी चर्चा में रहते हैं। इस बार भी चंडीगढ़ के फार्मा कारोबारी एमके भाटिया इस बार नई पहल करने जा रहे हैं। वे हर साल दिवाली पर कार गिफ्ट करने के लिए चर्चा में रहते हैं। इस बार भाटिया ने उनकी ओर से कार पाने का मौका अब केवल बेहतर प्रदर्शन करने वाले कर्मचारियों तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि गार्ड से लेकर अधिकारियों तक को लकी ड्रॉ के जरिए कार जीतने का अवसर मिलेगा। इसके लिए बुधवार को ड्रॉ होना है। इसमें कुल 35 लोग शामिल किए जाएंगे, जिनमें सिक्योरिटी गार्ड का नाम भी शामिल है। हालांकि, 4 कर्मचारियों को इस साल भी पुराने पैरामीटर पर कारें दी गई हैं। अभी वह 4 कारें और देने वाले हैं। पिछले साल दिवाली पर इन्हीं फार्मा कारोबारी ने 51 कारें अपने कर्मचारियों को गिफ्ट की थीं।



परंपरा जारी रहेगी

भाटिया ने बताया कि ग्रुप की ओर से बेहतर प्रदर्शन करने वाले कर्मचारियों को कार देने की परंपरा भी जारी है। ऐसे कर्मचारियों को उनके काम और उपलब्धियों के आधार पर सम्मानित किया जाएगा। वहीं, लकी ड्रॉ के जरिए दूसरे योग्य कर्मचारियों को भी कार जीतने का मौका मिलेगा। एमके भाटिया मूल रूप से उत्तर प्रदेश के मुजफ्फरनगर के रहने वाले हैं। 2015 में चंडीगढ़ आकर फार्मा कंपनी शुरू की थी।

भारत सरकार
नागर विमानन मंत्रालय

सार्वजनिक सूचना

बाज़ार साउंडिंग सत्र

11 हवाई अड्डों के लिए प्रस्तावित पीपीपी रियायत

नागर विमानन मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा देश में हवाई अड्डों के प्रचालन, प्रबंधन तथा अवसंरचना के विकास में निजी क्षेत्र की अधिक भागीदारी को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से 11 हवाई अड्डों की ब्राउनफील्ड सार्वजनिक-निजी भागीदारी (पीपीपी) आधारित रियायत का तीसरा चरण शुरू करने का प्रस्ताव है। इन हवाई अड्डों को पाँच समूहों में समूहीकृत किया गया है।

इस संबंध में, मंत्रालय प्रस्तावित ट्रांजैक्शन को प्रस्तुत करने, प्रस्तावित रियायत ढाँचे की प्रमुख विशेषताओं को साझा करने तथा संभावित हितधारकों से सुझाव और प्रतिक्रिया प्राप्त करने के लिए बाज़ार परामर्श सत्र आयोजित कर रहा है।

दिल्ली सत्र का विवरण

शुक्रवार, 30 अक्टूबर 2026 | पूर्वाह्न 11:00 बजे से अपराह्न 2:00 बजे तक (भारतीय मानक समय) | भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण अधिकारी संस्थान(AAIO), सफदरजंग हवाई अड्डा, नई दिल्ली | आयोजन का स्वरूप केवल व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर

भागीदारी हेतु अनुरोध

कृपया भागीदारी हेतु आधिकारिक ई-मेल पते से अनुरोध भेजें जाए जिसमें भाग लेने वाली संस्था का संक्षिप्त परिचय तथा उपस्थित होने वाले प्रतिभागियों के नाम (प्रति संस्था अधिकतम 2 प्रतिभागी), पदनाम, आधिकारिक ई-मेल आईडी, फोन नंबर और पता नीचे दिए गए ई-मेल पते पर भेजा जाए।

ई-मेल: gmsiu@aai.aero
आवेदन की अंतिम तिथि: बुधवार, 28 अक्टूबर 2026, अपराह्न 5:00 बजे

मंत्रालय प्राप्त भागीदारी अनुरोधों की समीक्षा करेगा और पात्रता मानदंडों को पूरा करने वाली संस्थाओं के नामित प्रतिनिधियों को नागर विमानन मंत्रालय द्वारा आवश्यक निर्देश सहित प्रवेश-पत्र भेजे जाएंगे।

मुंबई सत्र की तिथि और स्थान की सूचना मंत्रालय की वेबसाइट पर दी जाएगी।


CBC 03111/15/0013/2627

यह प्रक्रिया केवल बाज़ार साउंडिंग के उद्देश्य से आयोजित की जा रही है। यह निविदा या बोली लगाने का निमंत्रण नहीं है। इसमें भाग लेने से भविष्य में आयोजित की जाने वाली बोली प्रक्रिया में किसी प्रकार की प्राथमिकता नहीं मिलेगी।

चिंतन

ऊर्जा सुरक्षा मजबूत करने की तैयारी

ऊर्जा सुरक्षा किसी भी देश की आर्थिक स्वतंत्रता की बुनियाद है। भारत जैसे देश के लिए यह चुनौती और बड़ी है, जहां परिवहन से लेकर उद्योगों तक की ऊर्जा जरूरतों का बड़ा हिस्सा कच्चे तेल से पूरा होता है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में तेल की कीमतें बढ़ती हैं तो महंगाई का दबाव बढ़ता है, विदेशी मुद्रा भंडार पर बोझ पड़ता है और अर्थव्यवस्था की गति प्रभावित होती है। इसलिए पेट्रोल के घरेलू विकल्प विकसित करना केवल पर्यावरण संरक्षण का प्रयास नहीं, बल्कि आर्थिक आत्मनिर्भरता की अनिवार्य जरूरत है। केंद्र सरकार ने 100% एथेनॉल यानी ई-100 ईंधन से चलने वाले वाहनों के लिए मोटर वाहन नियमों में संशोधन कर इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। 23 अक्टूबर 2026 की अधिसूचना से ऐसे वाहनों के लिए नियामकीय रास्ता साफ हुआ है। सरकार की एथेनॉल नीति अब तक उत्साहजनक परिणाम दे चुकी है। पेट्रोल में एथेनॉल मिलाने का कार्यक्रम वर्ष 2003 में शुरू हुआ था, लेकिन 2013-14 में इसकी औसत मिलावट केवल 1.53% थी। सरकार ने उत्पादन क्षमता बढ़ाने, एथेनॉल की खरीद के लिए मूल्य व्यवस्था बनाने और चीनी मिलों व अन्य उत्पादकों को प्रोत्साहन देने जैसे कदम उठाए। नतीजा यह हुआ कि 2021-22 में 10 प्रतिशत मिश्रण का लक्ष्य निर्धारित समय से पहले हासिल हो गया और 2025-26 में औसत मिश्रण 20% तक पहुंच गया। वर्ष 2030 के लिए निर्धारित लक्ष्य को पांच साल पहले प्राप्त करना नीति के प्रभावी क्रियान्वयन का उदाहरण है। आंकड़ों के मुताबिक, 2014 में एथेनॉल उत्पादन क्षमता लगभग 421 करोड़ लीटर थी, जो 2026 में बढ़कर करीब 2,000 करोड़ लीटर हो गई। इस कार्यक्रम का लाभ केवल तेल आयात में कमी तक सीमित नहीं है। पेट्रोलियम मंत्रालय के अनुसार, एथेनॉल खरीद से पिछले 11 वर्षों में किसानों को लगभग 1.21 लाख करोड़ रुपये की आय हुई और करीब 1.40 लाख करोड़ रुपये की विदेशी मुद्रा बची। एथेनॉल का उत्पादन गन्ने, मक्का और अन्य जैविक स्रोतों से किया जा सकता है। इससे कृषि उपज के लिए अतिरिक्त बाजार तैयार होता है और ग्रामीण क्षेत्रों में प्रसंस्करण उद्योगों तथा रोजगार की संभावनाएं बढ़ती हैं। पानीपत और नुमालीगढ़ की रिफाइनरियों में पराली, बांस और अन्य जैविक अवशेषों से एथेनॉल उत्पादन की पहल इस दिशा में महत्वपूर्ण है। ई-100 की मंजूरी इसी नीति का अगला चरण है। सामान्य पेट्रोल में एथेनॉल मिलाने और लगभग शुद्ध एथेनॉल पर चलने वाले वाहन में बुनियादी अंतर है। ई-100 के लिए वाहन निर्माता कंपनियों को विशेष रूप से डिजाइन और प्रमाणित फ्लेक्स-फ्यूल वाहन तैयार करने होंगे। मौजूदा पेट्रोल या ई-20 वाहनों में सीधे ई-100 डालना सुरक्षित नहीं है। एथेनॉल से कुछ प्रदूषकों और जीवाश्म कार्बन उत्सर्जन में कमी लाने की संभावना है, लेकिन इसके पर्यावरणीय लाभ का आकलन उत्पादन से लेकर इस्तेमाल तक के पूरे चक्र के आधार पर होना चाहिए। ई100 वाहनों की तकनीक, ईंधन केंद्रों का विस्तार, किफायती कीमत और उपभोक्ताओं के हितों की सुरक्षा पर समयबद्ध काम जरूरी है। साथ ही, एथेनॉल के साथ विद्युत वाहन, सौर ऊर्जा और अन्य वैकल्पिक ईंधनों को भी बढ़ावा देना चाहिए। ऊर्जा आत्मनिर्भरता का अर्थ केवल पेट्रोल का विकल्प तलाशना नहीं, बल्कि आयात पर निर्भरता घटाने वाला विविध और टिकाऊ ऊर्जा तंत्र तैयार करना है। ई-100 की मंजूरी इस दिशा में सार्थक कदम है। इसके साथ ही भारत ने ऊर्जा सुरक्षा मजबूत करने की दिशा में कदम बढ़ा दिया है।



सीमा सुरक्षा

ओमकार चौधरी

अरुणाचल प्रदेश में भारत और चीन की सेनाओं के बीच एक बार फिर जारी गतिरोध ने सीमा सुरक्षा और सरकार की रणनीति पर सवाल खड़े कर दिए हैं। भारत-तिब्बत सीमा पुलिस (आईटीबीपी) के महानिदेशक शत्रुजीत कपूर ने 22 अक्टूबर को स्वीकार किया कि अरुणाचल के कई स्थानों पर चीनी सैनिकों से आमना-सामना हुआ है। सरकारी सूत्रों के अनुसार, अपर सुबनसिरी जिले के असाफिला क्षेत्र में जुलाई के अंत से गतिरोध जारी है। हालांकि, अब तक किसी हिंसक झड़प की सूचना नहीं है, लेकिन सैन्य गतिविधियों और बातचीत के नतीजों पर स्पष्ट जानकारी सामने नहीं आई है। ऐसे में सवाल है कि सीमा पर वास्तविक स्थिति क्या है और सरकार पारदर्शिता व कूटनीति के बीच संतुलन कैसे बनाएगी?

अरुणाचल में फिर आमने-सामने

अरुणाचल प्रदेश में भारत और चीन की सेनाएं एक बार फिर आमने-सामने हैं और इस बार इसकी पुष्टि किसी अनाम सूत्र ने नहीं, भारत-तिब्बत सीमा पुलिस (आईटीबीपी) के महानिदेशक शत्रुजीत कपूर ने खुद की है। 22 अक्टूबर 2026 को राजस्थान के अलवर में बल के वार्षिक हिमवीर सम्मान समारोह में कपूर ने कहा कि पिछले कुछ समय में अरुणाचल की कई जगहों पर चीनी सैनिकों से आमना-सामना हुआ है और यह स्थिति अभी भी बनी हुई है। पूर्वी सेक्टर में जारी तनाव की आईटीबीपी प्रमुख की ओर से यह पहली सार्वजनिक स्वीकारोक्ति है, लेकिन सामरिक महत्व की यह सूचना सार्वजनिक करनी चाहिए थी या नहीं और उन्हें इसके लिए अधिकृत किया गया था या नहीं, इसे लेकर बहस भी शुरू हो गई है। कपूर ने बल के शौर्य कमांडो की भूमिका की सराहना की और चीन को भारत का सबसे बड़ा विरोधी बताया। उन्होंने ड्रोन क्षमता बढ़ाने, ऊंचाई वाले इलाकों में युद्ध की तैयारी, और तोपखाने व हवाई बमबारी से बचाव के लिए भूमिगत बंकर बनाने की योजनाओं की भी जानकारी दी। सरकारी सूत्रों के अनुसार गतिरोध जुलाई के आखिर से अपर सुबनसिरी जिले के ताकसिंग सर्कल के असाफिला क्षेत्र में चल रहा है। चीनी सेना (पीएलए) ने माजा कंपनी ऑपरेटिंग बेस के पास, एलएसी की भारतीय समझ के 6-7 किलोमीटर के दायरे में, एक ऊंचाई पर तंबू गाड़ रखे हैं। स्थानीय लोगों के मुताबिक यह आमना-सामना 25 जुलाई के आसपास नियमित गश्त के दौरान शुरू हुआ। अब तक किसी हिंसक झड़प, हथियार के इस्तेमाल या किसी के घायल होने की कोई रिपोर्ट नहीं है। आईटीबीपी प्रमुख ने बाकी टकराव स्थलों के नाम नहीं बताए।तनाव कम करने के लिए 6 और 7 सितंबर को वाचा (भारत) और दमाई (चीन) में पूर्वी सेक्टर में पहली बार कोर कमांडर स्तर की बातचीत हुई। भारतीय दल का नेतृत्व 3 कोर के कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल गिरीश कालिया ने किया। विदेश मंत्रालय ने बैठक की पुष्टि तो की, लेकिन उसका नतीजा सार्वजनिक नहीं किया। इसके कुछ ही दिन बाद, 12 सितंबर को, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दिल्ली में ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के दौरान चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग से मुलाकात की। सरकार या भाजपा की ओर से इन आरोपों पर अब तक कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है। आईटीबीपी सूत्रों ने स्पष्ट किया कि महानिदेशक का बयान सीमा पर नियमित ऑपरेशनल तैयारी के संदर्भ में था, किसी खास घटना से जुड़ा नहीं। इस मामले में सेना का रुख भी गौर करने लायक है। चीन लगभग 90,000 वर्ग किलोमीटर, यानी करीब पूरे अरुणाचल पर दावा करता है और इसे ज़ांगनान या दक्षिण तिब्बत कहता है। विवाद की जड़ 1914 का शिमला सम्मेलन है, जहां ब्रिटिश भारत के विदेश सचिव सर हेनरी मैकमोहन ने भारत और तिब्बत के बीच 890 किलोमीटर लंबी सीमा रेखा खींची। चीनी प्रतिनिधि ने इसे स्वीकार नहीं किया, और बीजिंग आज भी कहता है कि तिब्बत को ऐसा समझौता करने का अधिकार नहीं था। 1962 के युद्ध में पीएलए लगभग पूरे तत्कालीन नेफा तक आ गई थी, लेकिन एकतरफ़ा युद्धविराम के बाद मैकमोहन रेखा तक लौट गई। विवाद केवल अरुणाचल तक सीमित नहीं है। भारत के अनुसार



3,488 किलोमीटर लंबी सीमा के पश्चिमी छोर पर अक्साई चिन का लगभग 38,000 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र चीन के कब्ज़े में है। 1963 में पाकिस्तान ने शक्सगाम घाटी का 5,180 वर्ग किलोमीटर हिस्सा चीन को सौंप दिया, जिसे भारत मान्यता नहीं देता। मध्य सेक्टर में उत्तराखंड का बाराहोती और हिमाचल के कौरिक व शिपकी ला भी विवादित हैं। 1960 में चाउ एनलाई ने अक्साई चिन के बदले नेफा पर दावा छोड़ने का प्रस्ताव दिया था, जिसे भारत ने ठुकरा दिया था। बीते एक दशक में यह विवाद नक्शों तक पहुंच गया है। चीन अब तक छह सूचियों में अरुणाचल की 112 जगहों के नाम बदल चुका है: 2017 में 6, 2021 में 15, 2023 में 11, 2024 में 30, 2025 में 27 और 2026 में 23। अरुणाचल में ताकसिंग पहला टकराव नहीं है। 20 अक्टूबर 1975 को तवांग के तुलुंग ला में चीनी सैनिकों ने घात लगाकर असम राइफल्स के चार जवानों को मार दिया था। भारत के अनुसार यह हमला उसकी सीमा के 500 मीटर भीतर हुआ। उस समय इंदिरा गांधी सरकार ने अधिकारियों के ज़रिए बीजिंग से कड़ा विरोध दर्ज कराया था, लेकिन प्रधानमंत्री का कोई सीधा सार्वजनिक बयान दर्ज नहीं मिलता। 1986 में चीन ने तवांग के सुमदोरोंग चू में वांगडुंग चरागाह पर ढांचे खड़े कर दिए। भारत ने राजदूत को तलब कर विरोध जताया और इलाके में तीन डिवीज़न तक सैनिक तैनात किए। राजीव गांधी दिसंबर 1988 में चीन गए, और वांगडुंग से सैनिकों की वापसी आखिरकार 1995 में हुई। इसके बाद तवांग का यांग्त्से बार-बार टकराव का केंद्र बना। सितंबर 2016 में करीब 200 पीएलए सैनिक वहां घंटों डटे रहे, और अक्टूबर 2021 में भी गश्ती टुकड़ियां आमने-सामने आईं। इन दोनों मौकों पर सरकार की ओर से कोई आधिकारिक बयान नहीं आया, और जानकारी सूत्रों के ज़रिए ही सामने आई। 9 दिसंबर 2022 को यांग्त्से में कील लगे डंडों से हिंसक झड़प हुई, जिसमें छह गंभीर रूप से घायल भारतीय सैनिकों को गुवाहाटी ले जाना पड़ा। देश के बाकी हिस्सों में भी 1967 में नाथू ला, 2013 में देपसांग, 2017 में डोकलाम और 2020 में गलवान जैसे टकराव हुए। गलवान में 20 भारतीय सैनिक शहीद हुए। यह 1975 के बाद भारत-चीन सीमा पर जान जाने की पहली घटना थी। इसके बाद 19 जून 2020 को प्रधानमंत्री ने कहा था कि न कोई भारतीय सीमा में घुसा है और न ही कोई चौकी किसी के कब्ज़े में है। सीमा विवाद सुलझाने के लिए 2003 में बना विशेष प्रतिनिधि तंत्र अब तक 25 दौर की बातचीत कर चुका है। ताज़ा दौर 25 अगस्त 2026 को बीजिंग में अजीत डोभाल और वांग यी के बीच हुआ, जिसमें पूर्वी और मध्य सेक्टर में नई सैन्य हॉटलाइन पर सहमति बनी। सीमा मामलों पर परामर्श तंत्र (डब्ल्यूएमसीसी) की 36 बैठकें हो चुकी हैं, और लद्दाख में 2020 के बाद कोर कमांडरों के बीच 21 दौर की बातचीत हुई।ज़मीन पर भारत की रणनीति भी बदली है। दशकों तक सीमा के पास सड़कें न बनाने की नीति के बाद 2006 में 73 रणनीतिक सड़कों की परियोजना को मंजूरी मिली, जो 2017 के डोकलाम गतिरोध के बाद तेज़ हुई। 2024 में खुली सेला सुरंग अब तवांग को साल भर जोड़े रखती है। 1962 के बाद छोड़ी गई अरुणाचल की सात हवाई पट्टियां फिर से चालू हो चुकी हैं, और लद्दाख का न्योमा नवंबर 2025 में पूर्ण एयरबेस बन गया। इन सब के बीच कई सवाल अब भी अनुत्तरित हैं: कोर कमांडर वार्ता का नतीजा क्या निकला, आईटीबीपी प्रमुख ने किन जगहों पर टकराव की बात कही, और गश्ती बिंदुओं को लेकर स्थानीय लोगों के दावों में कितना दम है। इन पर सरकार की ओर से अभी आधिकारिक जवाब आना बाकी है।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया haribhoomi@gmail.com पर दे सकते हैं।

दिवस विशेष

डॉ. मोनिका शर्मा




विरासत को सहेजने के लिए सार्थक प्रयास जरूरी

भारत की सांस्कृतिक विरासत अपनी बहुरंगी विविधता के लिए विश्व भर में प्रसिद्ध है। बात चाहे मूर्त विरासत यानी ऐतिहासिक भवनों, किलों और स्मारकों की अनूठी वास्तुकला की हो या अमूर्त विरासत जैसे परंपराओं, लोकगीतों, शास्त्रीय नृत्य, त्योहारों की। हमारे देश के सांस्कृतिक रंग सचमुच अनूठे हैं। हमारी भाषाएं, दर्शन, बोलियां, योग, आयुर्वेद और प्राचीन ग्रंथ भी अनमोल धरोहर ही हैं। आमजन तक सहज पहुंच बनाकर ही इस थाती को सहेजा का सकता है। हालिया बरसों में दुनिया के हर हिस्से में ही अपनी धरोहर को सहेजने के रंग-ढंग बदले हैं। अब आधुनिक तकनीकों, नई पद्धतियों और पेशेवर विशेषज्ञों की भूमिका अहम हो चली है। विश्व दृश्य-श्रव्य विरासत दिवस का मुख्य उद्देश्य धरोहर के संरक्षण से जुड़ा यही पहलू लिए है। ध्यातव्य है कि संयुक्त राष्ट्र शैक्षिक, वैज्ञानिक एवं सांस्कृतिक संगठन (यूनेस्को) द्वारा वर्ष 2005 में अपने 33वें आम सम्मेलन में यह दिन मनाने की घोषणा की थी। ज्ञात हो कि रेडियो, फिल्म, टेलीविजन और साउंड रिकॉर्डिंग जैसी दृश्य-श्रव्य सामग्रियों के संरक्षण के महत्व को लेकर जनमानस में जागरूकता लाना भी इसका मुख्य उद्देश्य है। साथ ही वर्ल्ड डे ऑफ ऑडियो-विजुअल हैरिटेज हमारी साझी स्मृतियों और सांस्कृतिक धरोहर को सुरक्षित रखने वाले कामकाजी विशेषज्ञों और संस्थानों के योगदान को सम्मान देने का भी संदेश देता है। सुखद है कि भारत में ऑडियो-विजुअल सामग्रियों के रूप में सांस्कृतिक विरासत को सहेजने के लिए कई महत्वपूर्ण उठाए गए हैं। विरासत के संरक्षण हेतु डिजिटलीकरण और प्रचार हेतु बहत सी पहल की गई हैं। नेशनल फिल्म हेरिटेज मिशन, नेशनल कल्चरल ऑडियो-विजुअल आर्काइव्स, अभिलेख पटल और जटान एवं वेव्स जैसी कई पहल भावी पीढ़ियों के लिए विरासत के संरक्षण का काम कर रही हैं। नेशनल फिल्म हेरिटेज मिशन द्वारा सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय और नेशनल फिल्म आर्काइव्स ऑफ इंडिया के माध्यम से उत्कृष्ट भारतीय फिल्मों, वृत्तचित्रों और शॉर्ट फिल्मों का संरक्षण, डिजिटलीकरण और पुनर्स्थापन किया जा रहा है। वहीं नेशनल कल्चरल ऑडियो-विजुअल आर्काइव्स द्वारा देश भर के संस्थानों में उपलब्ध दुर्लभ व संकटग्रस्त ऑडियो-विजुअल रिकॉर्डिंग्स को डिजिटाइज कर ऑनलाइन उपलब्ध कराया जा रहा है। भारतीय राष्ट्रीय अभिलेखागार द्वारा संचालित अभिलेख पटल भी एक डिजिटल रिपॉजिटरी ही है। यह ऐतिहासिक दस्तावेजों और रिकॉर्ड्स का ऑनलाइन पटल है। संस्कृति मंत्रालय और सी-डेक पुणे द्वारा विकसित जटान सॉफ्टवेयर विभिन्न संग्रहालयों की सामाग्री डिजिटल रूप में सुरक्षित करने में जुटा है। ज्ञात हो कि वर्ल्ड डे ऑफ ऑडियो-विजुअल हैरिटेज की 2026 की थीम 'प्रोटेक्टिंग मेमोरी एट रिस्क' है। यह विषय फिल्मों, ऑडियो टेपों और चलचित्रों के रूप में विरासत की सामूहिक स्मृतियों को बचाने से जुड़ा है। समझना कठिन नहीं कि 'खतरे में पड़ी स्मृति की सुरक्षा करना' यह विषय संकटग्रस्त धरोहरों को सहेजने का रेखांकित करने योग्य संदेश देती है। बीते कुछ बरसों में तेजी से बढ़ते शहरीकरण और प्रदूषण से कई ऐतिहासिक धरोहर खतरे में हैं। विश्व दृश्य-श्रव्य विरासत दिवस नई पीढ़ी को भी यह याद दिलाता है कि तकनीकी संसार से जुड़कर डिजिटल युग में आगे बढ़ते हुए अपनी विरासत से भी जुड़े रहें। वस्तुतः, संरक्षण के साथ यह दिवस प्रत्येक व्यक्ति को दृश्य-श्रव्य ध्वनियों के प्रति सजग-संवेदनशील बनाने का उद्देश्य भी लिए है। ज्ञात हो कि सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय द्वारा ऑडियो-विजुअल मनोरंजन और डिजिटल क्रिएटर्स को बढ़ावा देने के लिए 'विश्व ऑडियो विजुअल मनोरंजन शिखर सम्मेलन और 'जेम्स ऑफ इंडिया' जैसी मुहिम भी शुरू की गई हैं। इतना ही नहीं जनता को जागरूक करने के लिए ही विश्व दृश्य-श्रव्य धरोहर दिवस पर कई तरह की प्रतियोगिताएं, राष्ट्रीय फिल्म अभिलेखागारों, श्रव्य-दृश्य कम्युनिटीज़, टेलीविजन एवं रेडियो स्टेशनों और सरकारों के साझे प्रयासों से कई स्थानीय कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। महत्वपूर्ण श्रव्य-दृश्य अभिलेखों को सहेजने से संबन्धित महत्वपूर्ण विषयों पर पैनल चर्चाएं सम्मेलन, विशेष फिल्म स्क्रीनिंग और सार्वजनिक वार्ताएं आयोजित की जाती हैं।इसीलिए आमजन भी अपनी विरासत के प्रति सजग होकर ऑनलाइन मंचों पर उपलब्ध जानकारियों और सहजता से मिल रही सूचनाओं में रुचि लें। अपनी विरासत का मान करने हेतु उसे जानना-समझना जरूरी है। अपनी सांस्कृतिक पहचान और इतिहास को सहेजने की कोशिशों का हिस्सा बनने का भाव हर पीढ़ी में होना चाहिए। जनमानस के सकारात्मक रुझान से सांस्कृतिक धरोहर के संरक्षण से जुड़े प्रयासों को और बल मिलता है।

(लेखिका स्वतंत्र स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

श्रद्धामयोऽयं पुरुषो यो यच्छ्रद्धः स एव सः



संकलित

दर्शन

गीताकार ने कहा है कि श्रद्धामयोऽयं पुरुषो यो यच्छ्रद्धः स एव सः अर्थात जिसकी जैसी श्रद्धा होती है, वह स्वयं ही वही यानी उसी के अनुरूप बन जाता है। शिष्य और गुरु के मध्य जो श्रद्धा के सूत्रों का सशक्त बंधन होता है, वही लक्ष्य तक पहुंचाने और अध्यात्म की समस्त विभूतियां प्राप्त कराने में प्रमुख भूमिका निभाता है। जिस श्रद्धा के सहारे मीरा ने गिरधर गोपाल को साथ रहने के लिए विवश किया, एकलव्य ने द्रोणाचार्य की मिट्टी से बनी प्रतिमा को असली द्रोण से भी अधिक समर्थ बनाया और रामकृष्ण परमहंस ने पत्थर की प्रतिमा को जीवंत काली जैसा भोग ग्रहण करने के लिए सहमत कर लिया था, वह श्रद्धा तत्व ही आत्मिक प्रगति का आधारभूत है। इसे उपार्जित करने के लिए जीवंत गुरु का आश्रय लेना पड़ता है। जीवन के प्रत्येक महत्वपूर्ण कार्य के लिए सद्गुरु के अवलंबन की आवश्यकता पड़ती है। आत्मिक प्रगति के लिए सद्गुरु का आश्रय लिए जाने की बात प्राचीन आर्ष ग्रंथों से लेकर ऋषि-मुनियों तक ने कही है। आत्मिक प्रगति, भिन्न स्तर का सोच अपनाने और तदनुरूप अपने क्रियाकलापों को ढालने के लिए सशक्त अवलंबन की आवश्यकता पड़ती है। यह कार्य समर्थ आदर्शवादी और श्रेष्ठ स्तर के व्यक्तित्वों के साथ घनिष्ठता स्थापित करने पर ही बनता है। इसी व्यवस्था को गुरुवरण कहते हैं। गुरु के रूप में एक ऐसी सत्ता के प्रति संपूर्ण समर्पण, जो उत्कृष्टताओं और सत्प्रवृत्तियों का समुच्चय हो। जिसके पद चिह्नों पर चलकर और जिसके प्रदत्त मार्गदर्शन को अपनाकर जीवन को वैसा ही श्रेष्ठतम व सार्थक बनाया जा सके। यह समर्पण सघन श्रद्धा के माध्यम से ही बन पड़ता है।

भगवान की कृपा से ही सब मिलता है



संकलित

प्रेरणा

एक राजा था, वह जब पूजा के लिए मंदिर जाता, तो 2 भिखारी उसके दाएं और बाएं बैठा करते। दाईं ओर वाला कहता: ए भगवान! तूने राजा को बहुत कुछ दिया है, मुझे भी दे दे। बाईं ओर वाला कहता: ऐ राजा! भगवान ने तुझे बहुत कुछ दिया है, मुझे भी कुछ दे दे। दाईं ओर वाला भिखारी बाईं ओर वाले से कहता: भगवान से माँग! निसंदेह वही सबसे अच्छा सुनने वाला है। बाईं ओर वाला जवाब देता: चुप कर मूर्ख। एक बार राजा ने अपने मंत्री को बुलाया और कहा कि मंदिर में दाईं तरफ जो भिखारी बैठता है, वह हमेशा भगवान से मांगता है। तो निसंदेह भगवान उसकी जरूर सुनेगा। लेकिन जो बाईं तरफ बैठता है, वह हमेशा मुझसे विनती करता रहता है। तो तुम ऐसा करो कि एक बड़े से बर्तन में खीर भर के उस में अशर्फियाँ डाल दो और वह उसको दे आओ। मंत्री ने ऐसा ही किया। अब वह भिखारी मजे से खीर खाते-खाते दूसरे भिखारी को चिढ़ाता हुआ बोला: हुह बड़ा आया, भगवान देगा। यह देख राजा से माँगा, तो मिल गया ना? खाने के बाद जब उस का पेट भर गया, तो उस ने खीर से भरा बर्तन उस दूसरे भिखारी को दे दिया। और कहा: ले पकड़.. तू भी खाले, मूर्ख! अगले दिन जब राजा पूजा के लिए मंदिर आया तो देखा कि बाईं तरफ वाला भिखारी तो आज भी वैसे ही बैठा है। लेकिन दाईं तरफ वाला गायब है। राजा ने चौंक कर उससे पूछा: क्या तुझे खीर से भरा बर्तन नहीं मिला? भिखारी: जी मिला था, क्या शानदार खीर थी। मैंने ख़ूब पेट भर कर खायी! राजा: फिर? भिखारी: फ़िरि वह जो दूसरा भिखारी यहाँ बैठता है, मैंने उसको दे दी। मूर्ख हमेशा कहता रहता था: भगवान देगा, भगवान देगा! राजा मुस्कुरा कर बोला: बेशक, भगवान ने उसे दे ही दिया! इसी तरह हमें भी उस भगवान से ही विनती करनी चाहिए।

अंतर्मन



आज की पाती

पर्यावरण का संरक्षण जरूरी

दुनिया आज जलवायु परिवर्तन, ग्लोबल वार्मिंग और बढ़ते प्रदूषण की गंभीर चुनौती का सामना कर रही है। पर्यावरण संरक्षण की जिम्मेदारी पूरी मानवता की है, लेकिन प्रदूषण के मुद्दे पर विकासशील देशों को अक्सर कठघरे में खड़ा किया जाता है। विकसित देश भूल जाते हैं कि उन्होंने दशकों तक संसाधनों का अधिकतम दोहन कर मजबूत आर्थिक ढांचा खड़ा किया है, जिसकी पर्यावरणीय कीमत पूरी दुनिया चुका रही है। यदि प्रदूषण की जिम्मेदारी तय करनी है, तो ऐतिहासिक कार्बन उत्सर्जन को भी ध्यान में रखना होगा। कार्बन टैक्स और पर्यावरण संबंधी प्रतिबंधों के नाम पर विकासशील देशों के विकास को बाधित करना न्यायसंगत नहीं है।

- सूर्यांश कौशिक, रोहतक

ट्रेंड

मर्यादाएं लांघ रहे राहुल



राहुल गांधी किस तरह मर्यादा की सीमाएं लांघ रहे हैं और रोजाना किस तरह की भाषा का इस्तेमाल करते हैं। अब हम उनकी पार्टी के अध्यक्ष को भी इसी तरह की भाषा का इस्तेमाल करते देख रहे हैं।

-नितिन नवीन, भाजपा अध्यक्ष

सीईसी को बचा रही सरकार



'वोट चोरी के अनगिनत खुलासों' के बावजूद केंद्र सरकार सीईसी ज्ञानेश कुमार को बचाने के लिए हर हथकंडा अपना रही है। एक नवंबर को रामलीला मैदान में वोट बचाओ, देश बचाओ महा रैली होगी। इसे सफल बनाएं। -मल्लिकार्जुन खड़गे, कांग्रेस अध्यक्ष

कॉकरोचों को पनपने न दें



देश में 'दिमागी नक्सल', 'टुकड़े-टुकड़े गैंग' और कॉकरोचों को कभी भी पनपने न दें। कॉकरोच, खटमल जैसी बुराइयां कोरोना वायरस की तरह फैलने की कोशिश कर रही है। इन्हें कीटनाशक स्प्रे 'हिट' से ही खत्म किया जा सकता है। आप सभी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ खड़े हों।

-शुभेंदु अधिकारी, सीएम, पश्चिम बंगाल

भाजपा के पास कुछ नहीं



भाजपा को हर मुद्दे पर राजनीति करने और जनता का ध्यान भटकाने के बजाय लोकतंत्र से जुड़े सवालों का जवाब देना चाहिए। कांग्रेस अध्यक्ष का उद्देश्य किसी का अपमान करना नहीं रहा। भाजपा जिस तरह हंगामा कर रही है, उससे स्पष्ट है कि उसके पास जनता के मुद्दों पर जवाब देने के लिए कुछ नहीं है।

-अशोक गहलोत, पूर्व सीएम, राजस्थान

करंट अफेयर

भारतीय नौसेना का प्रशिक्षण दस्ता यात्रा पर पहुंचा श्रीलंका



भारतीय नौसेना का प्रथम प्रशिक्षण दस्ता दो युद्धपोतों और तटरक्षक बल के एक पोत के साथ सोमवार को तीन दिवसीय सद्भावना यात्रा पर श्रीलंका पहुंचा। भारतीय उच्चायोग ने यह जानकारी देते हुए बताया कि इस यात्रा का उद्देश्य दोनों देशों के बीच समुद्री सहयोग को बढ़ावा देना है। यह यात्रा लंबी दूरी के प्रशिक्षण अभियान का हिस्सा है। इसके तहत दस्ता श्रीलंका के बाद सेशेल्स के पोर्ट विक्टोरिया और मालदीव की राजधानी माले भी जाएगा। इसके बाद यह कोच्चि स्थित अपने आधार बंदरगाह पर लौटेगा। यह प्रशिक्षण दस्ता भारतीय नौसेना, भारतीय तटरक्षक बल और मित्र देशों की नौसेनाओं के प्रशिक्षु अधिकारियों को समुद्र में प्रारंभिक प्रशिक्षण प्रदान करता है। इस दस्ते की कमान प्रथम प्रशिक्षण दस्ते के वरिष्ठ अधिकारी और आईएनएस तीर के कमांडिंग ऑफिसर कैप्टन तिजो के. जोसेफ के हाथों में है। भारतीय मिशन ने बताया कि श्रीलंका नौसेना के पांच प्रशिक्षु अधिकारी भी इस लंबी दूरी के प्रशिक्षण अभियान में हिस्सा ले रहे हैं। श्रीलंका नौसेना के प्रशिक्षण महानिदेशक रियर एडमिरल रोहन जोसेफ के कोलंबो बंदरगाह पहुंचने पर इन पोतों का दौरा करने और उन पर तैनात कमांडिंग अधिकारियों, प्रशिक्षण अधिकारियों तथा प्रशिक्षुओं से बातचीत करने की योजना है।

ऑफ बीट

ब्रिटेन में लंबे पंजों वाले नए डायनासोर का जीवाश्म मिला



ब्रिटेन के आइल ऑफ वाइट से मिले मांसाहारी डायनासोर की एक नयी प्रजाति की खोपड़ी का जीवाश्म 100 से अधिक वर्षों तक संग्रह में रखे रहने के बाद 'नैचुरल हिस्ट्री म्यूजियम' में दोबारा मिला है। लंदन स्थित इस संग्रहालय के करीब 150 साल के इतिहास में यहां तीन करोड़ से अधिक नमूने हैं। ऐसे में किसी जीवाश्म या चट्टान का संग्रह में कहीं छूट जाना असामान्य नहीं है। संभवत: ऐसा ही ब्रिटेन में खोजे गए इस नए डायनॉसोर के एकमात्र ज्ञात जीवाश्म के साथ हुआ। अनुसंधानकर्ताओं ने एक नए अध्ययन में दो पैरों पर चलने वाले इस मांसाहारी थेरोपोड डायनासोर का नाम 'इन्विक्टिबेलाट्रिक्स एम्बरिना' रखा है। थेरोपोड डायनासोर के इसी समूह में आधुनिक पक्षी भी शामिल हैं। संग्रहालय के जीवाश्म विज्ञानियों में से एक पॉल बैरेट ने 2020 में जीवाश्मों के संग्रह की जांच के दौरान हड्डी का एक छोटा टुकड़ा देखा। उन्होंने पहचान लिया कि यह डायनासोर की खोपड़ी के एक महत्वपूर्ण हिस्से, यानी मस्तिष्क को सुरक्षित रखने वाली हड्डी (ब्रेनकेस) का टुकड़ा है। संग्रहालय के अभिलेखों की जांच करने पर पता चला कि यह जीवाश्म इंग्लैंड के दक्षिणी तट से दूर स्थित आइल ऑफ वाइट के सडमूर प्वाइंट के पास एक समुद्र तट से मिला था।

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 फोनः 9253681019-20
ई-मेल : haribhoomi@gmail.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

दोहरे शतक से चूके पडिक्कल, भारत ए ने न्यूजीलैंड ए पर कसा शिकंजा

एजेंसी ▶▶| लिंकन

देवदत्त पडिक्कल सोमवार को भले ही विवादास्पद फैसले से दोहरे शतक से चूक गए लेकिन उनकी 199 रन की शानदार पारी से न्यूजीलैंड के खिलाफ होने वाली दो टेस्ट मैच की श्रृंखला के लिए तीसरे नंबर के बल्लेबाज को लेकर चल रही बहस पर विराम लग गया। इसके साथ ही भारत ए ने शानदार वापसी करके न्यूजीलैंड ए के खिलाफ पहले अनौपचारिक टेस्ट मैच में अपनी स्थिति भी मजबूत कर ली।

भारत ए ने तीसरे दिन का खेल समाप्त होने तक अपनी दूसरी पारी ने 8 विकेट पर 488 रन बनाए हैं और उसने 284 रन की बढ़त हासिल कर ली है। भारतीय टीम पहली पारी ने 113 रन पर आउट हो गई थी, जिसके जवाब में न्यूजीलैंड ए ने 317 रन बना कर 204 रन की बढ़त हासिल की थी।

अंपायर के निर्णय से पडिक्कल हैरान

पडिक्कल तब दोहरे शतक से चूक गए जब उन्हें मध्यम गति के गेंदबाज जैक गिब्सन की गेंद पर लेग साइड में विकेट के पीछे कैच आउट दिया गया। जब अंपायर ने उंगली उठाई तो पडिक्कल हैरान रह गए और उन्होंने हाव-भाव से यह जताने की कोशिश की कि गेंद उनके बल्ले से नहीं लगी। वे वहीं अवाक खड़े रहे और फिर डगआउट की ओर चले गए। इस मैच में निर्णय समीक्षा प्रणाली (डीआरएस) या स्निकोमीटर का उपयोग नहीं किया जा रहा है और इसलिए पडिक्कल के पास वापस जाने के अलावा कोई विकल्प नहीं बचा था। पडिक्कल ने अपनी पारी में 248 गेंदों में 23 चौके और 3 छक्के लगाए।

भारत ए ने तीसरे दिन 8 विकेट पर बनाए 488 रन, हासिल की 284 रन की बढ़त

न्यूजीलैंड ए के खिलाफ पहले अनौपचारिक टेस्ट मैच में मजबूत की अपनी स्थिति



टेस्ट में पडिक्कल की तीसरे नंबर पर जगह पक्की

श्रीलंका में लगातार दो टेस्ट शतक लगाने के बाद पडिक्कल ने तीसरे नंबर पर अपनी जगह लगभग पक्की कर ली थी, लेकिन न्यूजीलैंड के खिलाफ दो मैचों की श्रृंखला से पहले टीम प्रबंधन ने फिट हो चुके साई सुदर्शन को भी आजमाना चाहा, जिन्होंने प्रभावशाली 91 रन बनाए। उन्होंने पडिक्कल के साथ तीसरे विकेट के लिए 210 रन की साझेदारी की। सुदर्शन ने अपनी 184 गेंदों की पारी में 12 चौके लगाए, लेकिन दोनों बाएं हाथ के बल्लेबाजों में से पडिक्कल अपने शॉट चयन और पारी को गति देने के तरीके में अधिक बेहतर नजर आए। पडिक्कल ने शॉर्ट बॉल को अच्छी तरह खेला और बाएं हाथ के स्पिनर जेडन लेनोक्स के खिलाफ अपने पैरों का इस्तेमाल किया, जिन्हें उन्होंने अपने तीन छक्कों में से दो छक्के मारे। अपने पहले छक्के से उन्होंने शतक भी पूरा किया।

पडिक्कल और राठौड़ की 142 रन की साझेदारी

पडिक्कल को यश राठौड़ (72 गेंदों में 66 रन) के रूप में अच्छा सहयोगी मिला। इन दोनों ने मिलकर 142 रन की साझेदारी की। पडिक्कल ने लेनोक्स की गेंद पर अपना दूसरा छक्का लॉन्ग-ऑन के ऊपर मारा और फिर तेज गेंदबाज फ्रेजर शीट की गेंद पर स्क्वायर लेग के ऊपर से एक और छक्का लगाया। जब पडिक्कल और राठौड़ आउट हुए तब भारत की बढ़त 165 थी, लेकिन वाशिंगटन सुंदर (नाबाद 51) ने अंशुल कंबोज (23) के साथ 41 रन की साझेदारी की और फिर औकिब नबी (38) के साथ 69 रन और जोड़े।

खबर संक्षेप



गेंदबाजों ने डेथ ओवरों में बनाया दबाव : ब्रैसवेल

वेलिंगटन। न्यूजीलैंड के ऑलराउंडर माइकल ब्रैसवेल ने कहा कि भारतीय गेंदबाजों ने मौजूदा टी20 श्रृंखला के दौरान डेथ ओवरों में उनके बल्लेबाजों पर दबाव बनाए रखा है, जो उनकी टीम का पहला दो मैच में हार का प्रमुख कारण रहा है। ब्रैसवेल ने कहा, 'मुझे लगता है कि उन्होंने हमें दबाव में रखा, खासकर गेंदबाजी करते हुए डेथ ओवरों में। इन दोनों मैच में काफी रन बने इसलिए उन्होंने एकतरफा जीत हासिल नहीं की। इस तरह के मैचों में महत्वपूर्ण अवसरों पर अच्छा प्रदर्शन करना जरूरी होता है। भारत ने ऐसा किया और उम्मीद है कि आगे हम ऐसा करने में सफल रहेंगे।' भारतीय गेंदबाजों ने पहले टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच के आखिरी दो ओवरों में 26 रन दिए और दूसरे मैच के आखिरी दो ओवरों में 23 रन देकर मेजबान टीम को नियंत्रण में रखा। लेकिन ब्रैसवेल का मानना है कि न्यूजीलैंड अपना संपूर्ण प्रदर्शन करने के लगभग करीब है।

शादाब खान ने 9 विकेट गिरने के बाद पलटा मैच



लाहौर। पाकिस्तान और इंग्लैंड के बीच वनडे मुकाबले में ऐसा रोमांच देखने को मिला, जिसने क्रिकेट प्रशंसकों को हैरान कर दिया। 242 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए पाकिस्तान ने 154 रन पर 9 विकेट गंवा दिए थे। इंग्लैंड की जीत लगभग तय मानी जा रही थी, लेकिन शादाब खान ने आखिरी विकेट के लिए हारिस रऊफ के साथ मिलकर मैच का रुख बदल दिया। शादाब 96 गेंदों में 113 रन बनाकर नाबाद लौटे और पाकिस्तान को एक विकेट से जीत दिला दी। शादाब की इस शानदार पारी में 13 चौके और 5 छक्के शामिल रहे। दूसरी ओर, हारिस रऊफ ने दूसरे छोर पर टिककर उनका साथ दिया। दोनों के बीच हुई साझेदारी ने पाकिस्तान को मुश्किल परिस्थिति से निकालकर जीत तक पहुंचा दिया।

भारत के पास गेंदबाजों के लिए अचूक योजना : मोर्कल



वेलिंगटन। भारतीय टीम के गेंदबाजी कोच मोर्ने मोर्कल ने कहा कि भारत के पास गेंदबाजों के कार्यभार प्रबंधन के लिए 'अचूक' योजना है और वह न्यूजीलैंड के खिलाफ अगले महीने होने वाली दो टेस्ट मैच की श्रृंखला के लिए वैकल्पिक गेंदबाजों को भी रखने पर विचार कर रहा है, जिसमें बाएं हाथ के तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह भी शामिल हैं। भारतीय टीम प्रबंधन ने अपने गेंदबाजों के लिए यह योजना तैयार की है ताकि उन्हें 5 टी20 अंतरराष्ट्रीय, 5 वनडे और 2 टेस्ट मैचों वाले इस दौरे के व्यस्त कार्यक्रम से निपटने में मदद मिल सके।

तीसरा टी-20 आज : न्यूजीलैंड के खिलाफ भुवनेश्वर और अर्शदीप पर निगाहें

सीरीज सील करने उतरेगी टीम इंडिया

एजेंसी ▶▶| वेलिंगटन

बल्लेबाजों के दम पर पहले दो मैचों में जीत हासिल करने वाली भारतीय टीम न्यूजीलैंड के खिलाफ मंगलवार को होने वाले तीसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में अपना विजय अभियान जारी रखकर अजेय बढ़त हासिल करने की कोशिश करेगी, जिसमें तेज गेंदबाज भुवनेश्वर कुमार और अर्शदीप सिंह के प्रदर्शन पर निगाह टिकी रहेगी।

भारत 2020 से न्यूजीलैंड में अजेय

भारत 2020 से न्यूजीलैंड में अजेय रहा है। उसने विराट कोहली की अगुवाई में तब न्यूजीलैंड को 5-0 से हराया था। इसके बाद 2022-23 में अपने अगले दौरे में भारतीय टीम ने एकमात्र ऐसा मैच जीता, जो खराब मौसम से प्रभावित नहीं हुआ था, जबकि श्रृंखला का निर्णायक मैच टाई रहा था। अब श्रेयस अय्यर की अगुवाई वाली टीम सुनिश्चित करना चाहेगी कि जसप्रीत बुमराह (जिन्हें आराम दिया गया है) और हार्दिक पंड्या (जो लंबे समय से चोट के कारण बाहर हैं) की अनुपस्थिति के बावजूद उनका अजेय रिकॉर्ड बरकरार रहे।



न्यूजीलैंड के शीर्ष बल्लेबाजों पर दबाव

न्यूजीलैंड के शीर्ष क्रम के बल्लेबाजों फिन एलन, टिम सीफर्ट और डैरिल मिचेल के लिए परेशानी खड़ी कर सकते हैं। इन तीनों बल्लेबाजों ने अभी तक अपेक्षित प्रदर्शन नहीं किया है और जैसे-जैसे श्रृंखला आगे बढ़ रही है उन पर भी दबाव बढ़ता जा रहा है। न्यूजीलैंड की तरफ से मध्य क्रम में ग्लेन फिलिप्स ने महत्वपूर्ण जिम्मेदारी निभाई है। उन्होंने पहले दोनों मैच में अर्धशतक बनाया। पिछले मैच में बेवन जैकब्स ने भी अच्छी बल्लेबाजी की।

ईशान तीसरे टी20 से बाहर

भारत के गेंदबाजी कोच मोर्ने मोर्कल ने सोमवार को कहा कि चोटिल विकेटकीपर बल्लेबाज ईशान किशन न्यूजीलैंड के खिलाफ तीसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में भी नहीं खेल पाएंगे। पांच मैच की श्रृंखला के पहले मैच के दौरान 28 वर्षीय किशन के दाहिने पांव की मांसपेशियों में खिंचाव आ गया था। मोर्कल ने कहा कि वह एहतियात के तौर पर तीसरे मैच में भी नहीं खेल पाएंगे। मोर्कल ने कहा, 'ईशान की स्थिति अच्छी है और वह आज अभ्यास करेगा।

भारत की चुनौती आसान नहीं

क्राइस्टचर्च में खेले गए शुरुआती दो मैचों में बड़े लक्ष्य हासिल करने के बाद टीम निश्चित रूप से सही राह पर दिख रही है। भारत के लिए हालांकि चुनौती आसान नहीं है क्योंकि न्यूजीलैंड की टीम वापसी करने के लिए प्रतिबद्ध होगी और इसके अलावा यहां की परिस्थितियों से सामंजस्य बिठाना भी आसान नहीं होगा। भारतीय टीम को तीन तरफ से खुले बेसिन रिजर्व ग्राउंड पर अक्सर चलने वाली तेज हवाओं से निपटना होगा। क्या इस तरह की परिस्थितियों को देखते हुए अंतिम एकादश में कोई रणनीतिक बदलाव किया जाएगा, इस बारे में भारत के गेंदबाजी कोच मोर्ने मोर्कल ने कोई खुलासा नहीं किया, लेकिन उन्होंने यह स्पष्ट कर दिया कि चार साल बाद वापसी करने वाले भुवनेश्वर को बिना दबाव में आए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी लय हासिल करने की जरूरत है।

गौतम गंभीर की रणनीति कारगर

यह देखना दिलचस्प होगा कि अभिषेक शर्मा, वैभव सूर्यवंशी और संजू सैमसन हवा और ठंड के उतार-चढ़ाव से कैसे निपटते हैं। सूर्यवंशी के लिए इस तरह की परिस्थितियां निश्चित रूप से उन्हें एक बेहतर खिलाड़ी बनाने में बहुत मददगार साबित होंगी। मुख्य कोच गौतम गंभीर की तिलक वर्मा, नमन धीर और नीतीश कुमार रेड्डी को मध्य क्रम में इस्तेमाल करने की रणनीति पहले दो मैचों में कारगर साबित हुई है। लेकिन गेंदबाजी के मामले में भारत अभी अपनी कमियों को दूर नहीं कर पाया है।

फिशर-टिकनर न्यूजीलैंड टीम में शामिल

न्यूजीलैंड की तेज गेंदबाजों के लिए कार्यभार प्रबंधन योजना के तहत लॉकी फर्ग्यूसन और मैट हेनरी की अनुपस्थिति भारत के लिए फायदेमंद साबित हो सकती है। न्यूजीलैंड ने इन दोनों की जगह पर मैट फिशर और ब्लेयर टिकनर को टीम में शामिल किया है।

मैच का समय : भारतीय समयानुसार दोपहर 12:30

चोल शतरंज ओपन

32 ग्रैंडमास्टर लेंगे हिस्सा 30 अक्टूबर से टूर्नामेंट



एजेंसी ▶▶| चेन्नई

भारत के सूर्य शेखर गांगुली, लियोन ल्यूक मेंडोंका और दिमित्रिस एलेक्साकिस सहित देश-विदेश के कई दिग्गज ग्रैंडमास्टर 30 अक्टूबर से शुरू होने वाले पहले चोल चेस ओपन इंटरनेशनल ग्रैंडमास्टर्स टूर्नामेंट में आकर्षण का केंद्र होंगे।

8 दिन तक चलने वाली यह प्रतियोगिता 7 नवंबर तक आयोजित की जाएगी। इसमें फिडे रेटिंग प्राप्त 80 खिलाड़ी हिस्सा लेंगे, जिनमें 32 ग्रैंडमास्टर शामिल हैं। इनमें 20 भारतीय और अन्य शतरंज महासंघों का प्रतिनिधित्व करने वाले 12 ग्रैंडमास्टर होंगे। प्रतियोगिता में हिस्सा लेने वाले सभी खिलाड़ियों की रेटिंग 2250 या उससे अधिक है जबकि इनमें से 75 खिलाड़ियों के पास फिडे खिताब हैं। लगभग 2400 ईएलओ की औसत रेटिंग के



साथ यह टूर्नामेंट भारत में आयोजित होने वाली सबसे मजबूत ओपन शतरंज प्रतियोगिताओं में से एक बनने की उम्मीद है।

बैडमिंटन

आज से हाइलो ओपन, सिंधु और लक्ष्य पर भारतीय उम्मीदें



एजेंसी ▶▶| सारब्रकेन

फ्रेंच ओपन में उपविजेता रहने के बाद पीवी सिंधु मंगलवार से शुरू होने वाले 5 लाख डॉलर इनामी हाइलो ओपन सुपर 500 बैडमिंटन टूर्नामेंट में भारतीय चुनौती की अगुआई करेंगी तो उनकी नजरें अपने शानदार प्रदर्शन को जारी रखने पर होंगी। पूर्व विश्व चैंपियन सिंधू ने जुलाई में जापान ओपन का खिताब जीता था और इसके बाद पेरिस में फ्रेंच ओपन के फाइनल में जगह बनाई। हालांकि, खिताबी मुकाबले में उन्हें दक्षिण कोरिया की दुनिया की नंबर एक खिलाड़ी आन से यंग के खिलाफ तीन गेम में हार का सामना करना पड़ा था। सिंधु महिला एकल के पहले दौर में तुर्किये की नेस्लिहान आरिन से भिड़ेंगी।

लक्ष्य का सामना जोकिम ओल्डोर्फ से

पुरुष एकल में लक्ष्य सेन का सामना फिनलैंड के जोकिम ओल्डोर्फ से होगा जबकि आठवीं वरीयता प्राप्त आयुष शेट्टी की भिड़ंत चीनी ताइपे के सु ली यांग से होगी। एचएस प्रणय को पहले दौर में कड़ी चुनौती का सामना करना होगा। उनका मुकाबला तीसरी वरीयता प्राप्त और मौजूदा विश्व चैंपियन फ्रांस के एलेक्स लेनियर से होगा। किरण जॉर्ज का सामना मलेशिया के चियाम जून वेई से होगा जबकि थारुन मान्नेपल्ली की भिड़ंत फ्रांस के छठी वरीयता प्राप्त टोमा जूनियर पोपोव से होगी।

रोहतक के निश्चय ने अंडर-18 चक्का फेंक में गोल्ड जीता

हरियाणा के ही देव चौहान ने 55.28 मीटर चक्का फेंककर कांस्य अपने नाम किया

भाषा ▶▶| चेन्नई

हरियाणा के निश्चय ने सोमवार को यहां 41वीं राष्ट्रीय जूनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप में चक्का फेंक स्पर्धा का स्वर्ण पदक जीतने के दौरान नया राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाया।

रोहतक के निश्चय ने अपने पहले प्रयास में 64.72 मीटर की दूरी तय की। उनका यह प्रदर्शन 2010 में अर्जुन के नाम दर्ज 64.09 मीटर के पिछले राष्ट्रीय और प्रतियोगिता रिकॉर्ड से बेहतर था।

हरियाणा के इस खिलाड़ी ने अपने दूसरे वैध प्रयास में 66.75 मीटर चक्का फेंककर राष्ट्रीय रिकॉर्ड में और सुधार किया। उनका तीसरा प्रयास 64.70 मीटर का रहा जबकि अंतिम तीन प्रयासों में वह कोई वैध दूरी दर्ज नहीं कर सके। राजस्थान के विशाल कुमार ने 57.72 मीटर के प्रयास से रजत पदक जीता जबकि हरियाणा के देव चौहान ने 55.28 मीटर चक्का फेंककर कांस्य पदक अपने नाम किया।

रणजी ट्रॉफी : गोल्डन डक पर आउट पोरेल, मुश्किल में बंगाल की टीम

एजेंसी ▶▶| तिरुवनंतपुरम

मंगलपुरम स्थित केसीए क्रिकेट ग्राउंड पर रणजी ट्रॉफी एलीट ग्रुप सी के मुकाबले में बंगाल की टीम मुश्किल में नजर आई।

केरल के खिलाफ बारिश से बाधित और चुनौतीपूर्ण पहले दिन बंगाल के स्टार विकेटकीपर-बल्लेबाज अभिषेक पोरेल पहली ही गेंद पर बिना खाता खोले आउट (गोल्डन डक) हो गए। टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने उतरी केरल की टीम ने शुरुआती नमी का पूरा फायदा उठाया और पोरेल के विकेट के साथ मैच पर अपनी पकड़ मजबूत कर ली।



आदित्य सरवटे ने बिगाड़ा खेल

बंगाल के लिए सलामी बल्लेबाज अंकुर पॉल ने 66 रनों की जुझारू पारी खेलकर टीम को संभाला था। लेकिन इसके बाद केरल के स्टार स्पिनर आदित्य सरवटे ने मैच का पासा पलट दिया। नंबर 6 पर बल्लेबाजी करने उतरे पोरेल से पारी संभालने की उम्मीद थी, लेकिन सरवटे ने अपनी पहली ही गेंद पर उन्हें चकमा देकर कैच आउट करा दिया। सरवटे की घातक फिरकी के सामने बंगाल का मिडिल ऑर्डर ताश के पत्तों की तरह बिखर गया और उन्होंने दिन का खेल खत्म होने तक 38 रन देकर 3 अहम विकेट झटके।

रोमांचक मुकाबले में बार्सिलोना को 2-1 से चटाई धूल

एमबाप्पे ने मैड्रिड के लिए पूरे किए 100 गोल

एजेंसी ▶▶| मैड्रिड

ला लीगा के मुकाबले में रियल मैड्रिड ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए एफसी बार्सिलोना को 2-1 से शिकस्त दी। मैड्रिड के जीत के नायक किलियन एमबाप्पे रहे, जिन्होंने इस मुकाबले में 2 गोल दागते हुए क्लब की ओर से अपने 100 गोल भी पूरे किए।

मैच की शुरुआत जूड बेलिंगहम के शानदार खेल से हुई। उन्होंने बेहतरीन तरीके से गेंद को घुमाते हुए अर्दा गुलेर को पास दिया, जिन्होंने आगे एदुआर्डो कामाविंगा के लिए मौका बनाया। इसके बाद किलियन एमबाप्पे ने चतुराई दिखाते हुए गेंद को पाउ कुबारसी के पास से निकाल दिया, जिससे मैच के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी ने गोल कर अपनी टीम को बढ़त दिला दी।



पहले हाफ में रियल मैड्रिड का दबदबा

पहले हाफ में रियल मैड्रिड ने बार्सिलोना को ज्यादा मौके नहीं दिए और उसके हमलों को अच्छी तरह रोके रखा। मैड्रिड के 1-0 की बढ़त लेने से पहले अर्दा गुलेर को भी दो अच्छे मौके मिले थे। मैच के सिर्फ चार मिनट बाद उनका पहला शॉट गोल पोस्ट से कुछ सेंटीमीटर दूर निकल गया। 14 मिनट बाद उन्हें दूसरा मौका मिला, जिसे जोन गार्सिया ने बचा लिया। 41वें मिनट में मैड्रिड की टीम ने शानदार तालमेल दिखाते हुए गोल का सूखा खत्म किया। यान डायोमांडे ने एक बेहतरीन क्रॉस दिया। हालांकि, गेंद को क्लियर करने की कोशिश में जेरार्ड मार्टिन से टकराकर गेंद एमबाप्पे के पास चली गई, जिन्होंने अपनी दाएं पैर से उसे गोल में पहुंचा दिया।

मोरिन्हो की टीम ने किया 'एल क्लासिको' अपने नाम

88वें मिनट में जोस मोरिन्हो की टीम ने एक शानदार मूव के जरिए 'एल क्लासिको' अपने नाम कर लिया। इसकी शुरुआत जूड बेलिंगहम के बेहतरीन रूलेट मूव से हुई। उन्होंने गेंद अर्दा गुलेर को दी, जिन्होंने आगे एदुआर्डो कामाविंगा के लिए मौका बनाया। कामाविंगा ने पाउ कुबार्सी को चकमा देते हुए गेंद किलियन एमबाप्पे तक पहुंचाई। एमबाप्पे ने बिना गलती किए गेंद को गोल में डाल दिया और रियल मैड्रिड के लिए अपने 100 गोल पूरे कर लिए। इस गोल के बाद मैच के अंतिम क्षणों तक मैड्रिड ने अपनी बढ़त बनाए रखी। आखिरकार टीम ने कैंप नोउ में 2-1 की जीत दर्ज करते हुए पूरे तीन अंक हासिल किए।

गुवाहाटी के होटल में शूटआउट, 5 की मौत

- पुलिस मुख्यालय के पास वारदात, वजह साफ नहीं

एजेंसी ▶▶ गुवाहाटी

असम के गुवाहाटी में सोमवार रात एक होटल में शख्स ने फायरिंग कर दी। इसमें पांच लोगों की मौत हो गई। मरने वालों में एक महिला भी शामिल है। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने यह जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि यह घटना असम पुलिस मुख्यालय से लगभग दो किलोमीटर दूर, बोरा सर्विस के सामने स्थित होटल बिलास इन में हुई। घटना के बाद के वीडियो सामने आए हैं। इसमें रिसेप्शन के पास लोगों के शव पड़े हैं। शुरुआती रिपोर्टों के मुताबिक, हमलावरों ने छह लोगों के एक ग्रुप पर गोलीबारी की। इसमें दो महिलाएं भी थीं। कुछ घायलों के होटल कर्मचारी होने की बात भी सामने आई है। गुवाहाटी के पुलिस आयुक्त पार्थ सारथी महंत घटनास्थल पर पहुंचे। पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। अभी तक हमले के पीछे की वजह, मृतकों की पहचान और संदिग्धों के बारे में विश्वसनीय रिपोर्टों में स्पष्ट जानकारी नहीं मिली है। गुवाहाटी के पुलिस आयुक्त पार्थ सारथी महंत ने घटनास्थल का दौरा किया। उन्होंने कहा कि पुलिस ने आरोपियों को पकड़ने के लिए अभियान शुरू कर दिया है, लेकिन इस बारे में कोई और जानकारी साझा नहीं की।

'शांति और स्थिरता' बनाए रखें: चीन

सैनिकों के बीच टकराव की स्थिति आए दिन बनती है...

चीन की अपीलः सीमा समझौतों का पालन करने और शांति व स्थिरता बनाए रखने पर दिया जा रहा जोर, आगे ही प्रयास होंगे

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अरुणाचल प्रदेश में वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर भारतीय और चीनी सैनिकों के बीच आमने-सामने की स्थिति की खबरों के बाद चीन ने प्रतिक्रिया दी है। चीनी विदेश मंत्रालय ने भारत से सीमा संबंधी समझौतों और सहमतियों को लागू करने तथा शांति और स्थिरता बनाए रखने की अपील की है। प्रवक्ता गुओ जियाकुन ने कहा कि दोनों देश राजनयिक और सैन्य माध्यमों से संपर्क में हैं। वहीं, भारत ने कहा है कि सीमा पर स्थिति तब बिगड़ती है, जब चीनी सैनिक गश्त के तय तरीकों का पालन नहीं करते। दोनों देश तनाव कम करने के लिए संवाद जारी रखे हुए हैं। भारत-तिब्बत सीमा पुलिस (आईटीबीपी) के महानिदेशक शत्रुजीत कपूर ने गुरुवार को कहा था कि सीमा पर तैनात आईटीबीपी के शौर्य कमांडो ने इन परिस्थितियों से निपटने में बेहतर काम किया है। कपूर के बयान के बाद अरुणाचल प्रदेश में तनाव की स्थिति को लेकर चीन ने अपनी चुप्पी तोड़ी है। उसने भारत से सीमा समझौतों को लागू करने और शांति व स्थिरता बनाए रखने की अपील की।

समझौतों और सहमतियों का बीजिंग सख्ती से करता है पालन : चीन


गुओ जियाकुन

चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता गुओ जियाकुन ने कहा, चीन ने दोनों देशों के बीच हुए समझौतों और अहम सहमतियों का लगातार और सख्ती से पालन किया है। उन्होंने कहा, चीन सीमा पर क्षेत्रीय संप्रभुता और स्थिरता बनाए रखने के लिए नियमित गश्त और प्रबंधन से जुड़ी गतिविधियां करता है। उन्होंने चीन-भारत सीमा पर एक बार फिर आमने-सामने की स्थिति बनने की खबरों पर यह बयान दिया। भारतीय विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा था कि ऐसी घटनाएं तब होती हैं, जब चीनी सैनिक गश्त के तय तरीकों से हटकर काम करते हैं। गुओ ने कहा, चीन और भारत राजनयिक और सैन्य माध्यमों से एक-दूसरे के संपर्क में हैं। उन्होंने कहा, चीन को उम्मीद है कि भारत भी इसी दिशा में काम करेगा। दोनों देश मिलकर आपसी सहमतियों को लागू करेंगे। साथ ही, सीमा क्षेत्रों में शांति और स्थिरता बनाए रखने के लिए ठोस कदम उठाएंगे।

चीनी सेनाएं तय तरीकों का पालन नहीं करतीः भारत


जायसवाल

इससे पहले, भारत के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने चीन के साथ सीमा पर आमने-सामने की स्थिति के सवाल पर कहा था, जहां तक इस मामले की खास जानकारी का सवाल है, मैं आपको रक्षा मंत्रालय से संपर्क करने के लिए कहूंगा। जैसा कि हम पहले भी बता चुके हैं, भारत-चीन सीमा क्षेत्रों में स्थिति समय-समय पर तब बिगड़ती है, जब चीनी सेनाएं गश्त के तय तरीकों का पालन नहीं करती हैं।

सीमा पर शांति बनाए रखना साझा जिम्मेदारी : ओम बिरला

नई दिल्ली। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने सोमवार को कहा कि भारत और चीन की सीमा पर शांति और सद्भाव बनाए रखना दोनों देशों की साझा जिम्मेदारी है तथा मतभेदों का समाधान संवाद और आपसी सम्मान के जरिये किया जाना चाहिए।

खबर संक्षेप

भारतीय दल का नेतृत्व करेंगे राजनाथ

नई दिल्ली। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह 28-29 अक्टूबर को फिलीपींस के सेबू में होने वाली आसियान रक्षा मंत्रियों की 13वीं बैठक (एडीएमएम-प्लस) में भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व करेंगे। बैठक में क्षेत्रीय और अंतरराष्ट्रीय सुरक्षा चुनौतियों पर चर्चा होगी। भारत और मलेशिया 2024-2027 के लिए आतंकवाद-रोधी विशेषज्ञ कार्यसमूह की सह-अध्यक्षता कर रहे हैं।

ब्रह्मपुत्र में बढ़ सकता है बाढ़ का खतरा

नई दिल्ली। चीन के शोधकर्ताओं ने इस सदी में ब्रह्मपुत्र नदी के जलप्रवाह में वृद्धि की आशंका जताई है, जिससे भारत और बांग्लादेश में बाढ़ का खतरा बढ़ सकता है। इस चेतावनी ने तिब्बत में चीन की प्रस्तावित 168 अरब डॉलर की मेगा बांध परियोजना के संभावित प्रभावों पर चिंता बढ़ा दी है। चीनी विज्ञान अकादमी और युन्नान विश्वविद्यालय के शोधकर्ताओं ने पेड़ों के छल्लों के आंकड़ों के आधार पर 1325 से 2020 तक नदी के जलप्रवाह का ऐतिहासिक आकलन किया। और उसे आधुनिक जलवायु आंकड़ों से जोड़कर मॉडल तैयार किया।

मौसम विभाग की चेतावनी, चक्रवात अर्नब ने लिया विकराल रूप

140 किमी प्रति घंटे तक की रफ्तार से चलेंगी हवाएं, भारी बारिश की आशंका

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

आंध्र प्रदेश के तटीय जिलों में भारी बारिश का अलर्ट जारी किया गया है। मछुआरों को 29 अक्टूबर तक समुद्र में न जाने की सलाह दी गई है। आंध्र प्रदेश, ओडिशा, तेलंगाना, छत्तीसगढ़ और पुडुचेरी में अलर्ट है

चक्रवात अर्नब बंगाल की खाड़ी से आंध्र प्रदेश के तट की ओर बढ़ रहा है। मौसम विभाग के मुताबिक, यह मंगलवारक को तूफान का रूप ले सकता है। इसके 28 अक्टूबर की सुबह आंध्र प्रदेश के तट से टकराने की आशंका है। इस दौरान 140 किमी प्रति घंटे तक की रफ्तार से हवाएं चल सकती हैं। आंध्र प्रदेश में करीब 6 लाख लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया जा रहा है। तटीय जिलों में भारी बारिश का अलर्ट जारी किया गया है। मछुआरों को 29 अक्टूबर तक समुद्र में न जाने की सलाह दी गई है। आंध्र प्रदेश, ओडिशा, तेलंगाना, छत्तीसगढ़ और पुडुचेरी में अलर्ट है। तूफान का असर तेलंगाना, दक्षिणी ओडिशा, दक्षिण और मध्य छत्तीसगढ़ के साथ-साथ पूर्वी यूपी प्रदेश व बिहार के जिलों में पड़ने की संभावना है।

खास बातें
- तमिलनाडु में पिछले 3 दिनों से लगातार बारिश हो रही
- सेना, नौसेना, वायु सेना और आईसीजी पूरी तरह तैयार

ओडिशा में 60 रेस्क्यू टीमें तैनात


आंध्र प्रदेश के तटीय जिले में बारिश

ओडिशा में 60 रेस्क्यू टीमें तैनात की गईं हैं। 6 जिलों में 28 और 29 अक्टूबर को स्कूल-कॉलेज बंद रहेंगे। इस तूफान के असर से मप्र, यूपी समेत 10 राज्यों में बारिश की भी संभावना है। वहीं, तमिलनाडु में पिछले 3 दिनों से लगातार बारिश हो रही है। अरनी के भास्कर नगर में पानी भर गया है। लोग अपने घरों में फंस गए हैं। कोडाइकनाल में पर्यटकों की एंट्री पर रोक लगा दी गई है।

कैबिनेट सचिव ने तैयारियों की समीक्षा बैठक की



कैबिनेट सचिव डॉ. टीवी सोमनाथन ने चक्रवात की तैयारियों की समीक्षा के लिए राष्ट्रीय संकट प्रबंधन समिति की एक बैठक की अध्यक्षता की है। आंध्र प्रदेश, ओडिशा, तेलंगाना, छत्तीसगढ़ और केंद्र शासित प्रदेश पुडुचेरी के मुख्य सचिवों/ वरिष्ठ अधिकारियों ने तैयारियों की जानकारी दी।

एनडीआरएफ की टीमें तैनात

राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल (एनडीआरएफ) ने बताया कि उन्होंने अपनी टीमें तैनात कर दी हैं। कुछ अतिरिक्त टीमों को स्टैंडबाय पर रखा गया है। सेना, नौसेना, वायु सेना और भारतीय तटरक्षक बल की बचाव और राहत टीमों को उनके जहाजों और विमानों के साथ तैयार रखा गया है। भारतीय तटरक्षक बल ने अब तक कई जहाजों/ नावों को सुरक्षित तटों/ जेटी तक पहुंचा दिया है, और बाकी जहाजों को भी तट पर वापस लौटने के लिए सतर्क किया है।

1.5 मीटर ऊंची तूफानी लहरें

तूफान के प्रभाव से तटीय आंध्र प्रदेश, यनम और रायलसीमा में कुछ स्थानों पर गरज-चमक की आशंका है। 27 और 28 अक्टूबर को तटीय आंध्र प्रदेश और यनम में भारी से बहुत भारी बारिश और कुछ स्थानों पर अत्यंत भारी बारिश का पूर्वानुमान जताया है। इन क्षेत्रों के कुछ हिस्सों में 29 अक्टूबर को भी भारी बारिश हो सकती है। अर्नब के लैंडफॉल के समय समुद्र में 1.0 से 1.5 मीटर ऊंची तूफानी लहरें उठेंगी, जिससे काकीनाडा और यानम के निचले इलाके जलमग्न हो सकते हैं।

फारूक अब्दुल्ला के बयान भड़के लोग कहा

माफी मांगें या पाकिस्तान चले जाएं एनएसए के तहत कार्रवाई की मांग

जम्मू। पाकिस्तान को लेकर नेशनल कॉन्फ्रेंस प्रमुख फारूक अब्दुल्ला के बयान के बाद सोमवार को जम्मू में उनके खिलाफ विरोध-प्रदर्शन हुए।



एक भाजपा सांसद ने उनसे कहा कि या तो वे भारत की जनता से माफी मांगें, या फिर पड़ोसी देश में जाकर रहने के बारे में सोचें। अब्दुल्ला ने बारामूला में एक बयान दिया था, जिसमें उन्होंने कहा कि पाकिस्तान कश्मीरियों की रक्षा कर रहा है। इस बयान पर तीखी प्रतिक्रियाएं आईं और बीजेपी नेताओं तथा कई संगठनों ने उनकी गिरफ्तारी की मांग तक कर दी।

पाकिस्तान कश्मीरियों का शुभचिंतक कैसे?

भाजपा विधायक विक्रम रंधावा ने इस बयान को राष्ट्र-विरोधी करार दिया और कहा कि इसे हल्के में नहीं लिया जा सकता। उन्होंने अब्दुल्ला पर आरोप लगाया कि वे एक ऐसे देश के पक्ष में बोल रहे हैं, जिसने जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद और अशांति को बढ़ावा दिया है। जम्मू-कश्मीर बीजेपी के पूर्व अध्यक्ष रविंदर रैना ने भी इस बयान की निंदा की।

पूर्व जस्टिस बोले-दबाव में न हो चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति


चुनाव आयोग जैसी संस्थाओं की सुरक्षा जरूरी

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट के पूर्व जज जस्टिस अभय ओका ने कहा कि चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति राजनीतिक दबदबे से मुक्त रहनी चाहिए। इसके लिए मजबूत कानूनी व्यवस्था और स्वतंत्र संस्थाओं की सुरक्षा का ढांचा जरूरी है। जस्टिस अभय रविवार को ठाणे में 'फ्रीडम ऑफ स्पीच एंड अस' विषय पर व्याख्यान दे रहे थे। उन्होंने संवैधानिक पदों पर नियुक्ति में जवाबदेही को लेकर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव लोकतंत्र की बुनियाद हैं। साथ ही, बोलने की आजादी मौलिक अधिकार है। किसी तर्क का जवाब शारीरिक ताकत से नहीं, तर्क से दिया जाना चाहिए।

लकी ड्रॉ पुरस्कार जीतने का मौका

सेन्को गोल्ड एंड डायमंड्स ने पेश किया 'धनतेरस शगुन'

नई दिल्ली। धनतेरस के आगमन के साथ ही सेन्को गोल्ड एंड डायमंड्स ने अपने विशेष फेस्टिव ऑफर 'धनतेरस शगुन' की घोषणा की है। यह ऑफर वर्ष के इस शुभ अवसर पर सोना और आभूषण खरीदने की पारंपरिक परंपरा का उत्सव मनाता है। यह ऑफर 26 अक्टूबर से 8 नवंबर 2026 तक सेन्को गोल्ड एंड डायमंड्स के सभी शोरूम में उपलब्ध रहेगा।भारतीय परिवारों में धनतेरस का विशेष महत्व है। इस अवसर पर सोने की खरीदारी को समृद्धि, सौभाग्य और नई शुरुआत का प्रतीक माना जाता है। इस अभियान के माध्यम से सेन्को गोल्ड एंड डायमंड्स का उद्देश्य ग्राहकों को त्योहारों के दौरान आभूषणों की खरीदारी का अधिक लाभ देना और उन्हें अपने विविध आभूषण संग्रहों को देखने का अवसर प्रदान करना है।

फेस्टिव ऑफर के तहत सोने के आभूषणों पर प्रति 10 ग्राम 14,000 रुपये तक की छूट


सुवंकर सेन सीईओ एवं प्रबंध निदेशक सेन्को गोल्ड लिमिटेड

सर्बिया में छात्र आंदोलन की जीत, वुसिक की पार्टी सत्ता से बाहर

भ्रष्टाचार विरोधी 'स्टूडेंट लिस्ट' को 52% वोट

एजेंसी ▶▶ सर्बिया


वुसिक

भ्रष्टाचार के खिलाफ शुरू हुए छात्र आंदोलन ने सर्बिया की राजनीति में बड़ा बदलाव ला दिया है। शुरुआती चुनावी रुझानों के अनुसार, छात्र आंदोलन से उभरे 'स्टूडेंट लिस्ट' गठबंधन ने संसद में पूर्ण बहुमत हासिल कर लिया है। वहीं, रूस समर्थक राष्ट्रपति अलेक्जेंडर वुसिक के गठबंधन को हार का सामना करना पड़ा है। वुसिक ने अपनी हार स्वीकार करते हुए माना कि विपक्षी गठबंधन अगली सरकार बनाने की स्थिति में है। स्वतंत्र मतदान एजेंसियों के शुरुआती आंकड़ों के मुताबिक, 'स्टूडेंट लिस्ट, स्टूडेंट्स विन' को 52 प्रतिशत यानी करीब 22 लाख वोट मिले, जबकि वुसिक के गठबंधन 'अलेक्जेंडर वुसिक यूनाइटेड सर्बिया' को 39.3 प्रतिशत यानी लगभग 17.2 लाख वोट हासिल हुए। वुसिक ने अपनी हार के लिए स्वतंत्र मीडिया, कुछ यूरोपीय देशों के कथित हस्तक्षेप और अमेरिकी डीप स्टेट को जिम्मेदार ठहराया।

कोलकाता में पिता-पुत्र को निर्वस्त्र घुमाया, तीन काबू

कोलकाता, एजेंसी। कोलकाता के बेहाला इलाके में युवती के साथ प्रेम संबंध को लेकर एक युवक और उसके पिता को निर्वस्त्र कर सड़क पर घुमाया गया। पुलिस ने इस मामले में तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी। इस घटना से लोगों में आक्रोश है। अधिकारी ने बताया कि कथित घटना रविवार को सरसुना थाने के अंतर्गत बसुंधरा पार्क इलाके में हुई। गिरफ्तार किए तीन लोगों में युवती के पिता और मामा शामिल हैं। अधिकारी ने कहा, युवती के परिजनों ने दोनों को कथित तौर पर एक साथ पकड़ लिया था और बाद में युवक को एक घर में बंधक बना लिया। युवती के पिता और मामा ने युवक के साथ मारपीट की।

युवक के पिता को दी गई धमकी

उन्होंने बताया कि प्रारंभिक जांच में सामने आया कि इसके बाद युवक के पिता को भी मौके पर बुलाया गया। इसके बाद युवती के परिजनों ने युवक के पिता को एक हथियार थमाया और धमकी दी कि या तो वह अपने बेटे को मार दें या फिर निर्वस्त्र होकर सड़कों पर घूमें। इसके बाद दोनों को कथित तौर पर निर्वस्त्र कर सार्वजनिक रूप से घुमाया गया।

ईरान को युद्ध से रोकने में जुटे तीन देश

तेहरान पहुंचे सऊदी अरब, पाक. और तुर्किये के प्रतिनिधि

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



यूएस समझौते की राह तलाशने पर जोर, यमन युद्ध और हूती विद्रोहियों के हमलों पर भी हुई चर्चा

ईरान, इजराइल और अमेरिका के बीच फिर से बड़े सैन्य संघर्ष की आशंका के बीच सऊदी अरब, पाकिस्तान और तुर्किये ने कूटनीतिक प्रयास तेज कर दिए हैं। तीनों देशों के उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल ने सोमवार को तेहरान में ईरानी अधिकारियों से मुलाकात की। बातचीत का उद्देश्य क्षेत्रीय तनाव कम करना, संभावित युद्ध टालना और ईरान-अमेरिका के बीच समझौते की राह तलाशना है। यह पहल ऐसे समय में हुई है, जब दोनों पक्षों के बीच बयानबाजी तेज है और क्षेत्र में सैन्य टकराव की आशंका बनी हुई है। सऊदी अरब के रक्षा मंत्री खालिद बिन सलमान, पाकिस्तान के सेना प्रमुख फील्ड मार्शल आसिम मुनीर और तुर्किये की खुफिया एजेंसी के प्रमुख ने ईरान के शीर्ष सुरक्षा अधिकारियों और वार्ताकारों से बातचीत की। बैठक में अमेरिका और ईरान के बीच संवाद आगे बढ़ाने के उपायों पर चर्चा हुई।



हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक देवेन्द्र सिंह द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड़, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 से प्रकाशित। संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। RNI No. 63924/1996, फोन : 9253681019-20, फैक्स : 274202, e-mail : rohtak@haribhoomi.com, rohtakharibhoomi@gmail.com
Postal Regd. No. P/RTK/389/2026-28